✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 08 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 4 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीतनेवाले बिहार के खिलाड़ी पीयूष राज को चेक प्रदान करते सीएम सम्राट चौधरी

## मुख्यमंत्री ने की उद्योग विभाग के कामकाज की हाई लेवल समीक्षा

# बिहार के सभी जिलों में बनेंगे फूड पार्क : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में 11 बड़े मेगा पार्क और सभी 38 जिलों में फूड पार्क बनाने की घोषणा की है। उन्होंने उद्योग विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द उचित कदम उठाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने पटना स्थित अपने सरकारी आवास पर उद्योग विभाग के कामकाज की हाई लेवल समीक्षा बैठक बुलाई थी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि उद्योगों को तुरंत जमीन देने के लिए 50 हजार एकड़ का एक बड़ा लैंड बैंक तैयार किया जाए। उन्होंने उद्योग विभाग को अन्य संबंधित विभागों के साथ बेहतर तालमेल बिठाकर जमीन का इंतजाम करने की प्रक्रिया तेज करने को कहा है। बिहार के सभी जिलों के डीएम को जमीन अधिग्रहण के लिए सीधे आम लोगों और किसानों से बातचीत करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन जमीन मालिकों की भूमि का सही मुआवजा देकर उनकी आपसी सहमति से ही जमीन लेगा। नई इंडस्ट्रियल यूनिट को सरकार की तरफ से तय की गई सब्सिडी सही समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य बिहार को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में देश का टॉप राज्य बनाना है। इसके लिए बिहार में कोई भी नई फैक्ट्री लगाने की पूरी प्रक्रिया को आसान, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाएगा। इंडस्ट्री लगाने के लिए मिलने वाली एनओसी और सुविधाएं निवेशकों को समय पर दी जाएंगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार को निवेशकों के लिए एक आकर्षक और पसंदीदा गंतव्य बनाना है।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे बिहार के स्थानीय उद्योगपतियों, औद्योगिक संगठनों और उद्यमियों से विचार-विमर्श कर उनके सुझावों पर अमल करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर उद्योगों के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराएं। सभी जिलों के जिलाधिकारी भूमि अधिग्रहण के लिए लोगों से बात करें और उनकी भूमि का उचित मूल्य देकर उन्हें सहमत कराएं। इस समीक्षा बैठक में उद्योग मंत्री श्रेयशी सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार और मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत मौजूद रहे। इनके अलावा सीएम के सचिव लोकेश सिंह एवं संजय सिंह, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार, विशेष सचिव अरविंद कुमार वर्मा शामिल हुए।

# अब सालाना चार लाख रुपये आमदनी वालों को भी मिलेगी मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना का लाभ

## बिहार कैबिनेट की बैठक में 13 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सरकार ने राज्य के निवासियों खासकर गरीब वर्ग के लोगों के लिए ईलाज की सुविधा बढ़ा दी है। अब सालाना 4 लाख रुपये की आमदनी वाले लोगों को भी मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना का लाभ ले सकते हैं। पहले यह वार्षिक आय सीमा 2 लाख 50 हजार रुपये ही थी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में इस आय सीमा को बढ़ाते हुए 4 लाख रुपये करने का निर्णय लिया गया। इसके दायरे में बड़ी संख्या में राज्य के लोग आ जाएंगे। इस योजना के तहत ईलाज के लिए सामान्य स्थिति में अधिकतम 5 लाख रुपये सहायता देने का प्रावधान है। कैबिनेट की बैठक में 13 एजेंडों पर मुहर लगी। इसमें लिए गए निर्णयों की विस्तृत जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने सूचना भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के तहत भोजपुर जिला में बाणासुर मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क की स्थापना करने के लिए राशि जारी की गई। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के गैर लाभुक अवयव के तहत इस पार्क की स्थापना की गई है। इसमें केंद्रांश और राज्यांश मिलाकर 31 करोड़ 20 लाख 92 हजार रुपये दिए गए हैं। इससे राज्य के मात्स्यिकी एवं जल कृषि की संपूर्ण वैल्यू चेन एवं आधारभूत संरचनाओं के साथ-साथ मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता में गुणात्मक बढ़ोतरी, मत्स्य प्रसंस्करण, व्यापार, वैज्ञानिक मत्स्य पालन तकनीक की प्रशिक्षण तथा मनोरंजन गतिविधियों का समेकित रूप से समग्र विकास होगा। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि बिहार स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत नॉर्थ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत द्विस्तरीय उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम का गठन (शेष पृष्ठ 10 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### विचाराधीन कैदी की इलाज के दौरान मौत

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** मंडल कारा में बंद एक विचाराधीन कैदी की इलाज के दौरान मौत हो जाने से हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान हलई थाना क्षेत्र के वाजितपुर करनैल वार्ड संख्या-01 निवासी स्वर्गीय बटोही महतो के 28 वर्षीय पुत्र सुधीर कुमार उर्फ बाबा के रूप में हुई है। परिजनों ने मौत को लेकर कई सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### स्पर्शाघात से मां-बेटे की मौत

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** रंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मदरौनी गांव स्थित खेत में भिंडी तोड़ने गई एक महिला और उसे बचाने दौड़े उसके बेटे की हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जाता है कि सरिता देवी आज अपने खेत में सब्जी तोड़ने गई थीं। काम के दौरान महिला अनजाने में उस तार के संपर्क में आ गई और करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गईं। मृतकों की पहचान सरिता देवी और बेटा सुंदरम सिंह के रूप में हुई है।

### रेल थानाध्यक्ष सहित तीन के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** रेल थाना क्षेत्र के बहुचर्चित सोना लूटकांड मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तत्कालीन रेल थानाध्यक्ष सहित तीन आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। नवंबर 2025 में ट्रेन में सफर कर रहे एक यात्री से पूछताछ के बहाने करीब एक किलोग्राम सोना लूटे जाने के आरोप ने रेलवे महकमे में सनसनी फैला दी थी। मामले में चार अन्य आरोपियों के खिलाफ अभी भी जांच जारी है।

### एनटीए ने घोषित किया निफ्ट का रिजल्ट

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने निफ्ट (एनआईएफटी) का फाइनल रिजल्ट बुधवार को जारी कर दिया। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग-इन करके अपना रिजल्ट देख सकते हैं। सफल छात्रों का राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी) में नामांकन होगा। इस साल निफ्ट प्रवेश परीक्षा के शिफ्ट 1 (गेट) में कुल 18,867 उम्मीदवार शामिल हुए जबकि शिफ्ट 2 (कैट) की परीक्षा में 16,729 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी।

### स्कूल बसों में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना प्रमंडल के सभी जिलों में जिला सड़क सुरक्षा समिति और बाल परिवहन समिति की नियमित तौर पर बैठक होगी। प्रमंडलीय आयुक्त मयंक वरवड़े ने जिला परिवहन पदाधिकारियों को यह निर्देश जारी किया है। आयुक्त ने कहा कि स्कूल बसों में सीसीटीवी लगाना जरूरी है।

# मोदी कैबिनेट ने दी खगड़िया-पूर्णिया राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए 3,936 करोड़ की मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग-31 और राष्ट्रीय राजमार्ग-231 के खगड़िया-पूर्णिया खंड को चार लेन में उन्नत करने की परियोजना को मंजूरी दे दी है। 143.529 किलोमीटर लंबी इस परियोजना पर 3,936.05 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसे बिल्ड ऑपरेट ट्रांसफर (बीओटी) माडल पर विकसित किया जाएगा। इसके लिये मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुये कहा कि बिहार के विकास को नई रफ्तार देने वाला यह ऐतिहासिक निर्णय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की प्रगति के लिये प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन और सहयोग लगातार मिल रहा है। राज्य में केन्द्र सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाओं को पूर्ण किया गया है, जिसका लाभ बिहारवासियों को मिल रहा है। कई योजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। खगड़िया-पूर्णिया खंड को चार लेन में उन्नत करने की परियोजना से सीमांचल एवं कोसी क्षेत्र की कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी। राज्य में सड़क अवसंरचना को मजबूत करने, क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति देने और राज्य के विभिन्न हिस्सों को बेहतर संपर्क उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। सड़क उन्नयन के बाद आवागमन सुगम होगा और समय की बचत होगी। साथ ही क्षेत्रीय संपर्क और सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना से माल और यात्रियों की आवाजाही तेज होगी, जिससे व्यापार, कृषि, उद्योग और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

# घूस लेते स्वास्थ्य विभाग का अपर निदेशक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बुधवार सुबह तिरहुत प्रमंडल के अपर निदेशक (स्वास्थ्य) डॉ. अजय कुमार को 40 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पटना स्थित उनके आवास के पास एक चाय दुकान से की गई। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता की पत्नी मुजफ्फरपुर में तैनात हैं और वह अपनी वर्तमान ड्यूटी वहीं बनाए रखना चाहती थीं। इसी एवज में डॉ. अजय कुमार ने 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने मामले का सत्यापन कराया। शिकायत सही पाए जाने पर टीम ने ट्रैप की योजना बनाई। बुधवार सुबह करीब सात बजे निगरानी टीम ने जाल बिछाकर डॉ. अजय कुमार को 40 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

### रिश्वत लेते धराया आवास सहायक

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मेसकौर प्रखंड कार्यालय के पास बुधवार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आवास सहायक बीरू कुमार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की पुष्टि निगरानी डीएसपी मिथलेश कुमार ने की है। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित कार्य एवं लाभ दिलाने के नाम पर लाभुक से रिश्वत की मांग की गई थी। इसकी शिकायत निगरानी विभाग से की गई। शिकायत मिलने के बाद विभाग ने मामले का सत्यापन कराया जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए। इसके बाद विशेष धावादल का गठन कर जाल बिछा गिरफ्तार कर लिया।

# आपसी रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिला मुख्यालय सासाराम के नगर थाना क्षेत्र के नवरत्न बाजार के काजीपुरा मोहल्ले में आधी रात को आपसी रंजिश में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त अभिषेक गोस्वामी उर्फ लल्लू गोस्वामी के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में हत्या के मुख्य आरोपी टिंकू सोनी उर्फ अजय सोनी को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। नवरत्न बाजार में पुलिस बल की तनाती कर दी गई है। आसपास के कई थाने की पुलिस पूरे बाजार और मोहल्ले में तैनात है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी बात को लेकर विवाद हुआ और ताबड़तोड़ गोली चलाई गई। चार से पांच राउंड फायरिंग हुई। इसमें युवक के सिर में तीन गोली मारी गई। गोली लगते ही अभिषेक गोस्वामी लहूलुहान होकर जीमन पर गिर पड़ा और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रोहतास के एसपी रौशन कुमार, सासाराम नगर थाने की पुलिस एवं सदर डीएसपी (1) विप्लव कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि नवरत्न बाजार के ही रहने वाले लल्लू गोस्वामी की हत्या कर दी गई है। यह हत्या आपसी रंजिश में की गई है। इस हत्याकांड में शामिल सभी की पहचान कर ली गई है जबकि मुख्य हत्यारा टिंकू सोनी उर्फ अजय सोनी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बंद खदानों से पुनः प्रारंभ कराएं उत्पादन : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में खान एवं भू-तत्व तथा भवन निर्माण विभाग की अद्यतन कार्य प्रगति की उच्च स्तरीय समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं तथा लंबित कार्यों की प्रगति का विस्तृत आकलन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राज्य में अवैध खनन पर कड़ी सख्ती बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि इसे हर हाल में रोकना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन से राज्य को राजस्व की हानि होती है। साथ ही यह पर्यावरणीय संतुलन और कानून-व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती उत्पन्न करता है। इसलिए इस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभागीय समन्वय, नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने भवन निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि राज्य में संचालित सभी सरकारी भवनों एवं अवसंरचना से जुड़ी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में संचालित बीसीसीएल, सीसीएल एवं ईसीएल की बंद पड़ी खदानों को निरस्त करने हेतु प्रक्रिया/उपाय तलाशने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन खदानों में उत्पादन बंद है, वहां उत्पादन पुनः प्रारंभ कराया जाए अथवा लीज निरस्त करने की प्रक्रिया अपनाई जाए। जिन खनिज ब्लॉकों का ऑक्शन हो चुका है, लेकिन वे लंबे समय से क्रियाशील नहीं हैं, उन्हें निरस्त कर पुनः राजस्व का आकलन करते हुए दोबारा ऑक्शन किया जाए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में संचालित कुल 7 गोल्ड माइंस की समीक्षा करते हुए इनके उत्पादन को बढ़ाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उन्होंने वर्तमान उत्पादन क्षमता, संचालन की स्थिति तथा भविष्य की संभावनाओं का विस्तृत आकलन किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोल्ड माइंस के संचालन में आ रही बाधाओं की पहचान कर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो सके। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के अन्य संभावित गोल्ड खदानों के शीघ्र ऑक्शन की प्रक्रिया को गति देने का निर्देश दिया, जिससे खनन गतिविधियों का विस्तार हो और राज्य को अधिक राजस्व प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वर्ण भंडार की संभावनाएं महत्वपूर्ण हैं और इस क्षेत्र में योजनाबद्ध एवं वैज्ञानिक तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है।






CMYK

# खानापूर्ति नहीं, परिणाम चाहिए : कृषि मंत्री

## कीट प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य पर सरकार सख्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कृषि भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पौधा संरक्षण संभाग एवं मिट्टी जांच प्रयोगशाला, पटना की समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पौधा संरक्षण, कीट प्रबंधन, ड्रोन आधारित छिड़काव, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन तथा प्रयोगशालाओं के संचालन एवं सुदृढ़ीकरण से संबंधित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान श्री सिन्हा ने कहा कि फसलों में कीट प्रबंधन के लिए ड्रोन आधारित छिड़काव आधुनिक कृषि की आवश्यकता है, लेकिन इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभागीय स्तर पर बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि ड्रोन से किए जाने वाले कीटनाशी एवं तरल उर्वरक छिड़काव की नियमित जांच की जाए तथा इससे कीटों और पौधों पर पड़ने वाले प्रभावों का वैज्ञानिक अध्ययन करने के लिए विशेषज्ञों की टीम गठित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ड्रोन छिड़काव के बाद संबंधित किसानों का वीडियो रिकॉर्ड तैयार किया जाए तथा सत्यापन किया जाए कि निर्धारित क्षेत्र में वास्तव में छिड़काव हुआ है या नहीं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में केवल खानापूर्ति से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी स्तर पर परिणाम दिखाई देने चाहिए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पौधा संरक्षण से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर कुल 1,982.60 लाख रुपये व्यय किए गए हैं। इनमें ड्रोन से फसलों पर कीटनाशी एवं तरल उर्वरक छिड़काव योजना, बगीचों एवं फसलों में कीट प्रबंधन योजना, उपादान वितरण योजना, पौधा संरक्षण परामर्श योजना, पौधा संरक्षण परामर्श एवं उपादान योजना तथा पीपीपी मोड में ड्रोन द्वारा कीटनाशी एवं तरल उर्वरक के एरियल स्प्रे की योजना शामिल हैं। श्री सिन्हा ने कीटनाशक दवा विक्रेताओं की दुकानों की ग्रेडिंग व्यवस्था विकसित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुकानों की गुणवत्ता, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं तथा बिक्री के आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाना चाहिए जिससे किसानों को गुणवत्तापूर्ण कीटनाशी दवाएं उपलब्ध हो सकें। मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं की समीक्षा के दौरान मंत्री ने कहा कि मृदा स्वास्थ्य कृषि उत्पादन की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि राज्य योजना अंतर्गत मिट्टी जांच, बीज विश्लेषण एवं गुण नियंत्रण प्रयोगशालाओं के संचालन एवं सुदृढ़ीकरण की योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 774.21 लाख रुपये व्यय किए गए हैं। वहीं, केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना पर 5,062.84 लाख रुपये व्यय किए गए हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि वे स्वयं गांवों का दौरा कर मिट्टी जांच की प्रक्रिया, प्रयोगशालाओं की कार्यप्रणाली तथा किसानों को मिल रहे लाभों का प्रत्यक्ष निरीक्षण करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ अधिकाधिक किसानों तक पहुंचाने तथा कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

# देश की सुरक्षा और लोकतंत्र के प्रहरी थे जॉर्ज फर्नांडिस : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। सूचना एवं जन-सम्पर्क, ग्रामीण विकास मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार बुधवार को स्व. जॉर्ज फर्नांडिस की जयंती समारोह में शामिल हुए। मुजफ्फरपुर स्थित सिटी पार्क में पूर्व केन्द्रीय रक्षामंत्री, प्रखर समाजवादी नेता, सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडिस साहब की जयंती राजकीय समारोह के तौर पर मनाई गई। इस मौके पर मंत्री श्री कुमार ने कहा कि श्रद्धेय जॉर्ज फर्नांडिस साहब मेरे करीबियों में एक थे। राष्ट्र निर्माण, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पित जीवन को याद करते हुए श्री कुमार ने कहा कि जॉर्ज फर्नांडिस साहब एक निर्भीक और जनप्रिय नेता थे। उन्होंने आपातकाल के विरोध से लेकर, उद्योग, रेल और भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय तक, पोखरण-2 सफल परमाणु परीक्षण, कारगिल युद्ध में विजयी दिलाने जैसे देश की सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने वाले ऐसे अनेक ऐतिहासिक कार्यों में अहम भूमिका अदा की है। इनके योगदान को राष्ट्र कभी भूला नहीं सकता। उनका सम्पूर्ण जीवन, लोकतंत्र, सामाजिक समानता और जनसेवा के आदर्शों का प्रतीक रहा है। मंत्री श्रवण कुमार ने जॉर्ज फर्नांडिस की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। मंत्री के साथ मीनापुर के विधायक अजय कुमार, रून्नी सैदपुर के विधायक पंकज मिश्रा ने भी पुष्प माला अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, पुलिस अधीक्षक कंटेश कुमार, उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह, उप समाहर्ता विधि व्यवस्था सह विशेष कार्य पदाधिकारी सुधीर कुमार सिन्हा, जिला सूचना एवं जन-सम्पर्क पदाधिकारी प्रमोद कुमार सहित जिला के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी पुष्प अर्पित कर स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडिस को श्रद्धांजलि दी।

# लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित कराएं : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में बिहार विधान सभा की समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में लोक लेखा समिति, सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति, प्राक्कलन समिति, शून्यकाल समिति, याचिका समिति, निवेदन समिति, कारा सुधार समिति, गैर सरकारी संकल्प समिति, बिहार विरासत विकास समिति सहित अन्य समितियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि लोक लेखा समिति एवं सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति में कई मामले वर्ष 2008 से ही लंबित हैं। अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे वित्त विभाग तथा महालेखाकार कार्यालय के बीच समन्वय स्थापित कर लंबित कंडिकाओं को शीघ्र निष्पादित कराएं जहां जरूरत पड़े वहां दोषी पदाधिकारी पर उचित कार्रवाई की जाए ताकि कंडिकाओं को लंबित रखने की प्रवृत्ति न पनपे। उन्होंने बड़ी समितियों की उप समिति बनाकर कार्य को निष्पादित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। अध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही वे सभी समितियों के सभापति के साथ बैठक कर समितियों की कार्य प्रणाली को और सुदृढ़ बनाने हेतु विचार-विमर्श करेंगे। अध्यक्ष ने विभागीय बैठकों में विभाग के प्रधान के स्वयं उपस्थित रहने संबंधित हाल ही में मुख्य सचिव द्वारा निर्गत पत्र का हवाला देते हुए कहा कि इस पत्र का विधिवत अनुपालन सुनिश्चित हो, इसका समिति के पदाधिकारीगण ध्यान रखेंगे। उन्होंने प्रभारी सचिव को निर्देश दिया कि वे सभी समिति के पदाधिकारियों के साथ नियमित रूप से समीक्षा बैठक करें ताकि समितियों की कार्य प्रणाली में अपेक्षित सुधार लाया जा सके।

# श्रावणी मेलों के लिए सवा दो करोड़ रुपये आवंटित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और मेले के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से विभिन्न जिलों में आयोजित होने वाले श्रावणी मेलों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की तरफ से 13 जिलों में आयोजित होने वाले श्रावणी मेलों के लिए कुल 2.25 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। कहा कि यह राशि मेला क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खर्च की जाएगी ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बेगूसराय जिले के बाबा हरिगिरि धाम, गढ़पुरा, सिमरिया घाट, झमटिया घाट (बछवारा) और छर्रा पट्टी घाट (साहेबपुर कमाल) में आयोजित होने वाले श्रावणी मेला के लिए 30 लाख रुपयेख मुजफ्फरपुर स्थित बाबा गरीबनाथ एवं बाबा दूधनाथ मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले मेले के लिए 50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा भागलपुर श्रावणी मेला के लिए एक करोड़ 30 लाख रुपये, बांका एवं मुंगेर जिले के लिए एक-एक करोड़ रुपये, लखीसराय के लिए 75 लाख रुपये, जमुई, पूर्णिया एवं मधुबनी में श्रावणी मेला के लिए 10-10 लाख रुपये, वैशाली एवं सारण में श्रावणी मेला के लिए 2.50-2.50 लाख रुपये, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर के लिए पांच लाख रुपये, जहानाबाद जिले के वानावर श्रावणी मेला के लिए 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। मंत्री ने कहा कि विभाग को प्राप्त निर्देश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिन जिलों के लिए श्रावणी मेला आयोजन हेतु राशि स्वीकृत की गई थी उन्हें स्वीकृत राशि का 50 प्रतिशत प्रथम चरण में उपलब्ध कराया जाएगा। शेष राशि संबंधित जिलों से अधियाचना प्राप्त होने के बाद जारी की जाएगी, ताकि आयोजन कार्यों में किसी प्रकार की वित्तीय बाधा उत्पन्न न हो। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं और श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराया जाए। कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि श्रावणी मेला में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध हों और उनकी धार्मिक यात्रा सुखद एवं सुविधाजनक बने। इसके लिए सभी संबंधित विभागों और जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर व्यापक तैयारी की जा रही है।

# चेन पुलिंग में 1175 तथा महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 3061 पुरुष यात्री लिए गए हिरासत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब न हो। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत मई माह में 1.05.2026 से 31.05.2026 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 1175 लोगों को हिरासत में लिया गया तथा इनसे जुर्माने के रूप में 05 लाख 02 हजार रुपये वसूल किये गए। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत इस दौरान सर्वाधिक 602 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 239, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 147, सोनपुर मंडल में 100 तथा धनबाद मंडल में 87 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया। ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' के तहत मई माह में 01.05.2026 से 31.05.2026 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 3061 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया तथा इनसे जुर्माने के रूप में 08 लाख 79 हजार रुपये वसूल किये गए। इनमें सर्वाधिक 1442 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 865, धनबाद मंडल में 333, समस्तीपुर मंडल में 290 तथा सोनपुर मंडल में 131 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया।

# बिहार भाजपा ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रमोद चंदवंशी ने संभाला पदभार

## भाजपा के संगठनात्मक विस्तार में ओबीसी मोर्चा निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना।प्रदेश कार्यालय में बीजेपी ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में दायित्व ग्रहण के पूर्व कार्यालय में श्रद्धेय दीनदयाल उपाध्याय, कैलाश पति मिश्र, अटल बिहारी बाजपेई की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात अपने चैंबर का उद्घाटन पूजा अर्चना कर विधिवत उद्घाटन कर दायित्व ग्रहण किया। तत्पश्चात गाजे बाजे के साथ पूरे बिहार से आए हजारों कार्यकर्ताओं का भव्य स्वागत किया। इसके बाद अटल सभागार में बीजेपी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की ओर से अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी को ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर अटल सभागार में विशाल केंद्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, बिहार के मुख्य मंत्री सम्राट चौधरी, बिहार बीजेपी अध्यक्ष संजय सरावगी प्रदेश संगठन महामंत्री भिखू भाई साहेब समेत केंद्रीय एवं राज्य नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट सम्मान समारोह किया गया जिसकी अध्यक्षता भानु प्रकाश राय एवं संचालन रमन चंद्रवंशी ने किया। समारोह में पूरे बिहार से हजारों लोग शामिल हुए। इस समारोह को सैकड़ों वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रमोद सिंह चंद्रवंशी जैसे अति पिछड़ा के बिहार के मसीहा को बीजेपी ने ओबीसी के अध्यक्ष बनाया गया इसके लिए पूरे बिहार के लोगों में खुशी की लहर व्याप्त है जिसका प्रतिफल है कि आज अपने दायित्व ग्रहण में पूरे बिहार से हजारों लोग शामिल हुए इस समारोह अभी तक बीजेपी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष के अलावा आज तक नहीं हुआ है यह बीजेपी के बिहार के इतिहास में पहली कार्यक्रम है कि मोर्चा के अध्यक्ष के दायित्व मिलने पर इतनी बड़ी समारोह हुआ है यह दर्शाता है कि प्रमोद सिंह चंद्रवंशी पूरे बिहार में कितने लोकप्रिय है इस जीत का जागता प्रमाण आज देखने को मिला। वक्ताओं में प्रमोद सिंह चंद्रवंशी को नेतृत्व में पूरे बिहार में पिछड़ा अति पिछड़ा, पिछड़ा को संगठित करने का संकल्प लिया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व एवं बिहार के नेतृत्व ने जिस उम्मीद विश्वास के साथ मुझे जो दायित्व दिया है उसे ईमानदारी भागीदारी कर्मठता के साथ पूरे शहर में घूमकर बीजेपी में जोड़ने का काम करेंगे। नरेंद्र मोदी नीति एवं कार्यक्रम को हर घर तक पहुंचाएंग

# 'राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' से अन्नदाता बदल रहे बिहार में कृषि की तकदीर: मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पूर्व स्वास्थ्य व कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित 'राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' से बिहार के कृषि परिदृश्य और किसानों की आय में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं। इसके तहत दलहन उत्पादन का लक्ष्य 3.93 से बढ़ाकर 11.27 लाख टन किया गया है। इससे किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज, 25 लाख तक की दाल मिल सब्सिडी और सुनिश्चित खरीद का बड़ा लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच से केंद्र सरकार द्वारा धारातल पर फरवरी 2026 में शुरू किए गए 'राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' से बिहार के किसानों के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव आ रहा है। इस मिशन के तहत बिहार को 93.75 करोड़ रुपये की विशेष सहायता राशि दी गई है जिसके लिए मैं पीएम नरेंद्र मोदी का सिवान सदर समेत समस्त बिहार की जनता व विशेषकर अन्नदाता किसान भाईयों की ओर से हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह मिशन पोषण सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन की घोषणा केंद्रीय बजट 2025-26 में की गई थी और इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1 अक्टूबर 2025 को मंजूरी दी गई थी। श्री पांडेय ने कहा कि मध्य प्रदेश के सीहोर स्थित दलहन अनुसंधान केंद्र में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा फरवरी माह में बिहार के कृषि मंत्री को योजना की राशि का चेक सौंपा गया था। यह केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि बिहार को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प है।

# युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर सृजित होंगे रोजगार व कौशल आधारित अवसर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने बड़े स्तर पर औद्योगिक विकास की योजना तैयार की है। इसी के मद्देनजर बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) की परियोजना समाशोधन समिति (पीसीसी) की बैठक में समिति द्वारा 16 परियोजनाओं एवं 7 होटल प्रस्ताव के लिए 31.78 एकड़ भूमि आवंटित की गई। प्रस्तावित परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में 992.63 करोड़ के निवेश का अनुमान है जिससे लगभग 3,146 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बैठक उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आएडा कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि राज्य में स्वीकृत हो रही नई औद्योगिक परियोजनाएं बिहार के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को नई गति प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार एवं कौशल आधारित अवसर सृजित होंगे। बिहार सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण विकसित करते हुए राज्य को आधुनिक औद्योगिक एवं विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आएडा कुंदन कुमार ने कहा कि राज्य सरकार संतुलित एवं समावेशी औद्योगिक विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। बियाडा के माध्यम से पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया के तहत निवेशकों को औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही सुदृढ़ अवसंरचना, बेहतर कनेक्टिविटी, सुगम प्रक्रियाएं एवं नीतिगत सहयोग के माध्यम से निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा रहा है। ताकि परियोजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। समिति द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं में खाद्य प्रसंस्करण, राइस मिल, पीईबी स्ट्रक्चर निर्माण, स्टील रूफिंग शीट निर्माण, गारमेंट्स, कॉटन विक एवं अगरबत्ती निर्माण, करुगेटेड पेपर निर्माण तथा जनरल मैन्युफैक्चरिंग जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से राज्य के औद्योगिक आधार को मजबूती मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा। ये इकाइयां राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित की जाएंगी जिनमें प्रमुख हैं एआई फतुहा, एआई बैजनाथपुर, एआई गोरौल, एआई समस्तीपुर, एआई डोनार, विशाल औद्योगिक क्षेत्र, बरारी, औद्योगिक विकास केंद्र मरंगा, एआई मुजफ्फरपुर, एआई पाटलिपुत्र एवं एआई हाजीपुर। प्रमुख स्वीकृत इकाइयों में अमूल डेयरी, शिव दुर्गा एग्रो, मूगी फूड्स प्राइवेट लिमिटेडएमएसक्यू क्लोथिंग एलएलपी, बांका इंडस्ट्रीज, ऑनेस्टी ऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटेड, श्री जी रूफिंग, सिया राम फूड इंडस्ट्रीज, ज्योति प्रिंटिंग वर्क्स, राजरानी टेक्सटाइल, ओम मंगलम और लीफडे बेकर्स प्राइवेट लिमिटेड एवं होटल प्रस्तावों जैसे- मेसर्स सिवमिल इंडस्ट्रीज़ प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स एमसीएस इंडिया लिमिटेड, मेसर्स माँ मुंडेश्वरी एग्रो मिल प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं।

# पीएमसीएच में सीरियस एक्सीडेंटल मरीजों के लिए बनेगी खास यूनिट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राज्य के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में से एक पीएमसीएच में अब दुर्घटनाग्रस्त मरीजों का रामबाण इलाज होगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अस्पताल के हड्डी विभाग में खास व्यवस्था लागू करने की योजना बनायी जा रही है। पीएमसीएच में सड़क दुर्घटना, उपकरण से चोटिल, ऊंचाई से गिरने पर गंभीर रूप से घायल मरीजों के लिए स्पेशल स्पाइन सर्जरी की व्यवस्था लागू की जा रही है। इस विषय पर अधिक जानकारी देते हुए पटना मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के अधीक्षक डॉ राजीव सिंह ने कहा कि इस सुविधा के शुरु होने से राज्य के ट्रॉमा मरीजों का इलाज और बेहतर हो सकेगा। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुभवी चिकित्सकों के अलावा अत्याधुनिक मशीनों का प्रबंध भी किया जा रहा है।

# कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में नामांकन प्रारंभ, युवाओं को डिजिटल एवं रोजगारपरक शिक्षा से सशक्त बनाने का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



जंदाहा/वैशाली। क्षेत्र की अग्रणी शैक्षणिक संस्था कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में नए शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन प्रारंभ हो गया है। संस्था पिछले 20 वर्षों से कम्प्यूटर शिक्षा, कौशल विकास एवं डिजिटल साक्षरता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। यह संस्थान आएसओ 9001:2015 प्रमाणित है तथा अब तक हजारों विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर चुका है। संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में कम्प्यूटर शिक्षा प्रत्येक विद्यार्थी एवं युवा के लिए अत्यंत आवश्यक हो गई है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी द्वारा कई आधुनिक एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (ए.आई), डिजिटल मार्केटिंग, टैली प्राइम विथ जीएसटी, डी. सी.ए (डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन), ए.डी. सी.ए (एडवांस डिप्लोमा इन कम्प्यूटर ए प्लि के शन), ए.डी.आई.टी(एडवांस डिप्लोमा इन इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) तथा बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा प्रोग्राम (के.वाई.पी) जैसे पाठ्यक्रमों में नामांकन लिया जा रहा है। डॉ. झा ने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों को प्रायोगिक ज्ञान, प्रोजेक्ट आधारित प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता ह जिससे वे प्रतिस्पर्धात्मक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सके। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे शीघ्र नामांकन कराकर आधुनिक तकनीकी शिक्षा का लाभ उठाएं तथा अपने उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं।

# बिहार में उद्यान क्रांति की तैयारी, नर्सरी विकास और कृषि उद्यमिता को मिलेगा नया बल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मीठापुर स्थित कृषि भवन में उद्यान निदेशालय, फसल एवं प्रक्षेत्र, उपादान तथा माप-तौल संभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान राज्य में कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि कृषि विभाग की नीतियां किसानों और उद्यमियों के हित में निरंतरता के साथ लागू होती रहनी चाहिए। सरकार कोई भी हो, कृषि विकास से जुड़ी नीतियों में अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र के बेहतर एवं नवाचारी उद्यमियों को संरक्षण देना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बिहार की उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और उसे सुरक्षित रखने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे तथा विकास में बाधा उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मंत्री श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार, कृषि उत्पादन के क्षेत्र में देश का चौथा सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है जबकि फलों के उत्पादन में राज्य का आठवां स्थान है। उन्होंने इस उपलब्धि को और सुदृढ़ बनाने के लिए नर्सरी विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नर्सरियों के सुचारु संचालन हेतु माली की उपलब्धता, सिंचाई की समुचित व्यवस्था तथा उनकी घेराबंदी सुनिश्चित की जाए।

# बिहार के पॉलिटेक्निक छात्रों का बदलेगा भविष्य, 10 कोर्सों को मिली राष्ट्रीय मान्यता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले राज्य के सात सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों के 10 विभिन्न पाठ्यक्रमों को नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन से मान्यता प्राप्त हुई है। इसे राज्य की तकनीकी शिक्षा व्यवस्था के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। मान्यता प्राप्त संस्थानों में राजकीय पॉलिटेक्निक औरंगाबाद का मैकेनिकल इंजीनियरिग पाठ्यक्रम, राजकीय पॉलिटेक्निक छपरा का इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिग पाठ्यक्रम, राजकीय पॉलिटेक्निक, किशनगंज और सुपौल के मैकेनिकल इंजीनियरिग पाठ्यक्रम शामिल हैं। वहीं राजकीय पॉलिटेक्निक सहरसा के इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियरिग पाठ्यक्रमों को भी एनबीए की मान्यता मिली है। इसके अलावा राजकीय पॉलिटेक्निक, पश्चिम चंपारण के मैकेनिकल इंजीनियरिग और न्यू गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक पटना-13 के इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिग पाठ्यक्रमों को भी मान्यता प्रदान की गई है। इससे पहले वर्ष 2024 में न्यू गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक पटना-13 को सिविल इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियरिग विषयों में एनबीए मान्यता मिल चुकी है। विभाग के अनुसार यह उपलब्धि बिहार में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस उपलब्धि पर विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी ने खुशी जताते हुए कहा कि यह राज्य के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में मान्यता का अभाव एक बड़ी चुनौती रहा है, लेकिन संस्थानों ने कठिन परिश्रम और बेहतर दस्तावेजीकरण के माध्यम से इस चुनौती को पार किया है। कहा कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट और प्लेसमेंट जैसे क्षेत्रों में भी पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है जिसका परिणाम आज सामने आया है। विभाग के सचिव हिमांशु शर्मा ने कहा कि यह केवल शुरुआत है और जल्द ही राज्य के अन्य तकनीकी संस्थान भी इस श्रेणी में शामिल होंगे। कहा कि यह सफलता राज्य में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में हो रहे निरंतर सुधार का प्रमाण है।

# डीएम ने की जल संसाधन विभाग के सभी प्रमंडलों की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग सह-प्रभारी मंत्री रोहतास के द्वारा जिला कार्यान्वयन समिति की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा जल संसाधन विभाग सभी प्रमंडलों का समीक्षात्मक बैठक की गई। समीक्षात्मक बैठक में उप विकास आयुक्त, कार्यपालक अभियंता सिंचाई प्रमण्डल, डिहरी, कार्यपालक अभियंता, सोन बराज इन्द्रपुरी डिहरी, सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, सासाराम / बिक्रमगंज / आरा / बक्सर, कार्यपालक अभियंता, गंगा पंप नहर चौसा, कार्यपालक अभियंता, दुर्गावती बांध प्रमण्डल-2 भीतरीबांध, कार्यपालक अभियंता, दुर्गावती दायां तट नहर प्रमण्डल चेनारी, कार्यपालक अभियंता, दुर्गावती कार्य प्रमण्डल, चेनारी एवं अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी खरीफ मौसम के दौरान किसानों को निर्बाध सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना, नहरों एवं वितरणियों के माध्यम से अंतिम छोर तक जल प्रवाह सुनिश्चित करना, जल-जमाव की समस्याओं का समाधान करना तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना था। बैठक में कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमण्डल डिहरी द्वारा बताया गया कि 'जल जीवन हरियाली' के अंतर्गत औरंगाबाद, डिहरी एवं सासाराम को सतही जल का उपयोग करते हुए पेयजल उपलब्ध कराये जाने का कार्य की भौतिक प्रगति 71 प्रतिशत है। इस कार्यक्षेत्र में सोन उच्चस्तरीय नहर में पानी का जलश्राव अंतिम छोर तक जाने में कोई कठिनाइयां नहीं है। कार्यपालक अभियंता, सोन बराज इन्द्रपुरी डिहरी द्वारा अवगत कराया गया है कि इस प्रमण्डल अंतर्गत सभी नहरों एवं वितरणियों में खरीफ अवधि- 2026 में जलश्राव अंतिम छोर तक जाने में कोई कठिनाइयां नहीं है। सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, सासाराम / बिक्रमगंज / आरा / बक्सर से सम्बंधित प्रमंडलीय कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया है कि रोहतास परिक्षेत्रधी नहरों के अंतिम क्षेत्र में जलश्राव करने में कोई कठिनाइयां नहीं होगी। सोन नहर के डुमरांव शाखा नहर में जोनही ग्राम के पास साइफन के दोनों तरफ सफाई का कार्य कर दिया गया है एवं इस खरीफ अवधि में जल-जमाव की समस्या नहीं होगी। कार्यपालक अभियंता, गंगा पंप नहर चौसा ने बताया कि रोहतास परिक्षेत्राधीन नहरों के अंतिम क्षेत्र में जलश्राव करने में कोई कठिनाइयां नहीं होगी। वर्तमान में 1 जून से नहर में जलश्राव प्रवाहित किया जा रहा है। दुर्गावती दायां तट नहर प्रमण्डल, चेनारी एवं कार्य प्रमण्डल, चेनारी के कार्यपालक अभियंता द्वारा समीक्षात्मक बैठक में ध्यान आकर्षित किया गया है कि दुर्गावती दायां तट नहर से निःसृत नहर लांझी उप-वितरणी में अंतिम छोर तक जलश्राव प्रवाहित करने में कठिनाइयां होती है एवं उगहनी पंचायत में पहाड़ी पानी से जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। उर्दा वितरणी के अंतिम छोर भी हर एवं पहाड़ी पानियों से जल जमाव की समस्या से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ली गई समीक्षात्मक बैठक में सभी कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि रोहतास परिक्षेत्रधीन नहरों एवं इससे निःसृत वितरणियों में मानक नहर संचालन प्रक्रिया के तहत अंतिम छोर में पानी पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही साथ नहरों से हो रही जल जमाव की समस्या के निराकरण हेतु क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा सर्वेक्षण कर यथाशीघ्र कार्रवाई करेंगे। दुर्गावती दायां तट नहर प्रमण्डल, चेनारी के कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि किसानों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए स्थल भ्रमण कर उनके समस्याओं को चिन्हित करेंगे एवं उक्त के निराकरण हेतु यथोचित कार्रवाई करेंगे।

# दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण के पांचवें दिन फायरिंग रेंज और ड्रिल का दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू के स्थानीय राधा शांता महाविद्यालय के प्रांगण में 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद के तत्वावधान में 30 मई से 8 जून 2026 तक चल रहे दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर कैटसी - 12 कैंप के आज पांचवें दिन बुधवार को अनेक प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया। सबसे पहले सुबह सभी एनसीसी कैडेट्स को पिटी करवाने के बाद ड्रिल सटीक तरीके से कराया गया। इसके बाद बारी-बारी सभी एनसीसी कैडेट्स को फायरिंग रेंज पर 22 राइफल से फायरिंग का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही पी आई स्टाफ के द्वारा सभी कैडेट्स को फायरिंग रेंज के अनिवार्य सुरक्षा नियम, रेंज संचालन की प्रक्रिया, छलावरन और छिपाव एवं अवलोकन और बचाव के बारे में बहुत सारे बातें को बताया गया एवं उदाहरण देकर समझाया गया। इसके साथ ही एनसीसी कैडेट्स को मैप रीडिंग की आउटडोर क्लास से लेकर बारी-बारी प्रैक्टिस भी कराई गई। एएनओ अनुज कुमार के द्वारा पब्लिक स्पीकिंग में बॉर्डर एवं उनके तटीय क्षेत्र के बारे में सभी कैडेट्स को बहुत सारे बातें को बताया गया एवं पी स्टाफ के द्वारा संध्या में भिन्न-भिन्न तरह का खेल का आयोजन भी किया गया जिसमें बहुत सारे कैडेट्स ने हिस्सा लिया। एएनओ एवं जीसीआई के द्वारा रात्रि में कल्चर प्रोग्राम का प्रेक्टिस भी कराया गया जिसमें बहुत सारे कैडेट्स ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बटालियन के कैंप कमांडेंट कर्नल प्रदीप कुमार तक्षक ने बताया कि सभी बच्चे बहुत अच्छे तरीके से सभी प्रशिक्षक को प्राप्त कर रहे हैं। खासकर फायरिंग का अभ्यास बड़े ही उत्साह के साथ कर रहे हैं जिससे उन्हें आगे आरडीसी, टीएससी जैसे बड़े कैंप में काफी सहायता मिलेगी। मौके पर 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद के समस्त एएनओ, पीआई स्टाफ, सिविल स्टाफ के साथ साथ कॉलेज के प्रधानाध्यापक एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# पिकअप की चपेट में आने से किशोर की मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने डिहरी-नौहट्टा मुख्य मार्ग को किया जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड अंतर्गत चितौली गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गयी जब एक तेज रफ्तार पिकअप ने एक किशोर को कुचलकर फरार हो गया जिससे किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को देख ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। इसके बाद शव को बीच सड़क पर रख आक्रोशित ग्रामीणों ने डिहरी-नौहट्टा एनएच-119 मुख्य मार्ग जाम कर दिया। सूचना मिलते ही अमझोर पुलिस मौके पर पहुंच मामला को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण इतने उग्र थे कि सड़क से जाम हटाने को तैयार नहीं थे। किसी तरह बड़ी मुश्किल से प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को शांत कराया गया। इसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि तेज रफ्तार पिकअप जो तिलौथू की ओर से आ रही थी उसने किशोर को कुचलते हुए रोहतास की ओर फरार हो गया और किशोर की मौत मौके पर ही हो गयी। मृतक किशोर की पहचान आर्यन कुमार उम्र करीब 10 वर्ष, पिता मुन्ना साव, ग्राम चितौली, थाना-अमझोर के रूप में की गई। उन्होंने बताया कि फिलहाल पिकअप को जब्त कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

# सोन नदी में नहाने के दौरान डूबा किशोर, दूसरे दिन मिला शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी थाना क्षेत्र में सोन नदी में नहाने के दौरान डूबे एक किशोर का शव बुधवार की सुबह गोताखोरों की मदद से बरामद किया गया। मृतक की पहचान स्टेशन रोड वार्ड संख्या 17 आदर्श नगर निवासी संतोष साह के 12 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब 2:30 बजे रंजीत अपने छह दोस्तों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गेमन पुल और रेलवे ब्रिज के बीच सोन नदी में स्नान करने गया था। एक दोस्त किनारे पर कपड़े और मोबाइल की देखरेख कर रहा था जबकि बाकी बच्चे नदी में नहाने के लिए कुछ दूरी तक चले गए। इसी दौरान अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने लगा जिससे बच्चे गहरे पानी में फंस गए और डूबने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पाली मोहल्ला निवासी मछुआरा अजय चौधरी ने साहस का परिचय देते हुए अपनी जान जोखिम में डालकर चार बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि रंजीत कुमार गहरे पानी में चले जाने के कारण लापता हो गया और उसे बचाया नहीं जा सका। घटना की सूचना मिलने पर परिजन, स्थानीय लोग, गोताखोर और पुलिस रातभर किशोर की तलाश में जुटे रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली। बुधवार की सुबह पुनः खोजबीन शुरू की गई जिसके दौरान सोन नदी से रंजीत का शव बरामद कर लिया गया।

# युवक पर बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पहलेजा गांव से 18 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार पिता ने थाने में आवेदन देकर बेटी की बरामदगी और आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि शादी हिंदू रीति-रिवाज से की थी। गत 26 मई को डिहरी लाने की बात कहकर घर से निकली, लेकिन अब तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर से सभी रिश्तेदारों और परिचितों के यहां पता किया। उन्होंने उसी गांव के मिठी राज कुमार पर उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आकाशीय बिजली से मवेशी बांधने गए किसान की दर्दनाक मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** मोहनियां थाना क्षेत्र के केकढ़ा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक 55 वर्षीय किसान महेंद्र यादव की दुखद मौत हो गई। यह हृदयविदारक घटना उस समय घटी जब क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हो रही थी। मृतक के पुत्र अजीत कुमार ने बताया कि उनके पिता अपने मवेशियों को बारिश से बचाने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जा रहे थे। तभी अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी और वे उसकी चपेट में आ गए। परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए मोहनियां अनुमंडलीय अस्पताल ले गए जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहनियां थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो सकेगी। महेंद्र यादव गांव के एक मिलनसार और मेहनती व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु से पूरा क्षेत्र मर्माहत है। वहीं, शोकाकुल परिजन और ग्रामीण प्रशासन से मृतक के परिवार को उचित सरकारी सहायता और मुआवजा उपलब्ध कराने की पुरजोर मांग कर रहे हैं।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया डीडीयू-मानपुर खंड का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** मंडल रेल प्रबंधक, डीडीयू मंडल उदय सिंह मीना द्वारा आज डीडीयू-मानपुर खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन सीमा में हावड़ा की ओर ट्रैक सेक्शन का गहन अवलोकन किया गया। इस दौरान प्वाइंट्स (ट्रैक को एक लाइन से दूसरी लाइन पर ले जाने की व्यवस्था), गेज (दो रेल पटरियों के बीच निर्धारित दूरी) तथा लंबे वेल्डेड रेल सेक्शनों (बिना जोड़ वाली लंबी रेल पट्टियां) की स्थिति का परीक्षण किया गया। ट्रैक की ज्यामितीय स्थिति (लाइन, लेवल एवं एलाइनमेंट) तथा निर्धारित अनुरक्षण एवं संरक्षा मानकों के अनुपालन की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान ट्रैक अनुरक्षण कार्य में संलग्न कर्मचारियों से संवाद किया गया जिसमें स्थायी पथ निरीक्षक, ट्रैकमैन एवं ट्रॉलीमैन शामिल रहे। ट्रैक निगरानी, नियमित पेट्रोलिंग व्यवस्था तथा संरक्षा प्रक्रियाओं के अनुपालन की स्थिति का अवलोकन किया गया। भीषण गर्मी के दृष्टिगत रेल पटरियों पर तापमान जनित प्रभावों के प्रबंधन हेतु अपनाई जा रही ट्रैक संरक्षा एवं अनुरक्षण व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। गर्मी में कार्य के दौरान कर्मियों के अपने स्वास्थ्य रक्षा के प्रति सतर्क रहने पर विशेष बल दिया गया। इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक द्वारा मानपुर जंक्शन का निरीक्षण किया गया जहां यात्री सुविधाओं, स्टेशन परिसर की स्वच्छता, ट्रेनों के संचालन, यात्री प्रबंधन व्यवस्था एवं कार्यप्रणाली का विस्तृत जायजा लिया गया। तत्पश्चात गया जंक्शन का निरीक्षण किया गया जिसमें स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं के विस्तार, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था एवं परिचालनिक सुगमता का विस्तृत अवलोकन किया गया। पुनर्विकास कार्यों की प्रगति एवं यात्री सुविधा केंद्रित व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा जारी कार्यों के दौरान यात्रियों के सुचारू आवागमन एवं सदैव वर्क सेफ्टी के साथ यात्रियों की संरक्षा-सुरक्षा सुनिश्चित रखने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। मंडल द्वारा सभी प्रमुख स्टेशनों एवं ट्रैक सेक्शनों पर संरक्षा, अनुरक्षण एवं यात्री सुविधा मानकों की नियमित समीक्षा एवं निगरानी निरंतर जारी है।

# अधिकमास में जप तप पूजा पाठ का ज्यादा फल प्राप्त होता है : श्री लक्ष्मी नारायण स्वामी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** दावथ गांव में वृंदावन से पधारे श्री लक्ष्मी नारायण स्वामी जी महाराज ने अपने भक्तों को प्रवचन देते हुए कहा कि अपने आपको भगवान की भक्ति में लीन कर देना चाहिए। उन्होंने नवधा भक्ति की चर्चा करते हुए कहा कि ईश्वर से जुड़ने और आध्यात्मिक उन्नति की नौ प्रकार की विधियां हैं। इसका विस्तृत वर्णन श्रीमद्भागवत और श्रीरामचरित मानस के अरण्यकांड में मिलता है। उन्होंने कहा कि दो प्रकार की भक्ति की चर्चा ज्यादा होती है - मार्जार भक्ति तथा मर्कट भक्ति। उन्होंने कहा कि भक्त प्रहलाद मार्जार भक्ति के उपासक थे। इसीलिए उन्हें भगवान नरसिंह तथा उनके वंशज राजा बलि को वामन भगवान की कृपा प्राप्त हुई। स्वामी जी ने कहा कि दहेज प्रथा पहले भी था और लोग शौक से दहेज देते थे, लेकिन आजकल दहेज प्रथा एक समस्या बन चुकी है। अगर इसे नहीं रोका गया तो स्थिति बहुत भयावह हो जायेगी। उन्होंने कहा कि विवाह बहुत सोच समझकर करना चाहिए। मलमास या अधिकमास में जप तप पूजा पाठ का ज्यादा फल प्राप्त होता है। मलमास में विवाह, जनेऊ, गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्य नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपनी जीवन नौका भगवान के भरोसे छोड़ देना चाहिए।

# आरकेएस कॉलेज के संस्थापक डॉ. राम किशोर सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर स्थित राम किशोर सिंह (आरकेएस) कॉलेज के संस्थापक एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. राम किशोर सिंह की पुण्यतिथि पर कॉलेज परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिवार ने उनके चित्र एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में कॉलेज के सचिव डॉ. ललन सिंह ने डॉ. राम किशोर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि चार दशक पूर्व जब डालमियानगर औद्योगिक क्षेत्र में उच्च शिक्षा के संसाधन बेहद सीमित थे, तब डॉ. राम किशोर सिंह ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए 1980 के दशक में आरकेएस कॉलेज की स्थापना की थी। उनका उद्देश्य स्थानीय युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता से मुक्त करना था। उन्होंने कहा कि डॉ. राम किशोर सिंह द्वारा लगाया गया शिक्षा का पौधा आज वटवृक्ष बन चुका है। वर्तमान में कॉलेज कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में हजारों छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। रोहतास सहित आसपास के कई जिलों के विद्यार्थी यहां अध्ययन करने आते हैं। डॉ. ललन सिंह ने कहा कि डॉ. राम किशोर सिंह केवल एक शिक्षण संस्थान के संस्थापक नहीं थे, बल्कि समर्पित शिक्षक, कुशल प्रशासक और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने सदैव गरीब एवं मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने पर बल दिया। कॉलेज में अनुशासन, नैतिक मूल्यों और शैक्षणिक उत्कृष्टता की जो परंपरा उन्होंने स्थापित की, वह आज भी कायम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. शिव नारायण सिंह ने भी डॉ. राम किशोर सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्षेत्र में उच्च शिक्षा की मजबूत नींव रखने और युवाओं को नई दिशा देने में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही है। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उनके आदर्शों पर चलने तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके सपनों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रो. सुरेंद्र कुमार सिंह, प्रो. गोपाल पाल, डॉ. कमलाकांत कमल, डॉ. मीरा कुमारी सिंह, डॉ. राम प्रकाश साह, सुदर्शन सिंह, भगवान सिंह, पारस सिंह, अनिल मिश्र, श्रीराम सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# प्रसिद्ध सूर्य मंदिर से पीतल के दो घंटों की चोरी, श्रद्धालुओं में नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** दावथ प्रखंड के निज ग्राम में स्थित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर के गर्भगृह से रविवार दोपहर उचक्कों ने पीतल के दो घंटे चोरी कर लिए, जिससे श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में गहरा दुख व आश्चर्य है। लोगों का कहना है कि जिस सूर्य देव के प्रकोप से बड़े-बड़े अपराधी भी मंदिर के आसपास आने से डरते हैं, वहीं से चोर घंटों को उतारकर फरार हो गए। यह मंदिर न केवल दावथ प्रखंड बल्कि आसपास के जिलों में भी अपनी प्रसिद्धि के लिए जाना जाता है, जहां छठ महापर्व पर हजारों श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। घटना की जानकारी सबसे पहले गांव के कुछ बच्चों ने मंदिर में घंटों के गायब होने पर ग्रामीणों को दी। सूचना मिलते ही ग्रामीण मंदिर पहुंचे और जांच की, तो पाया कि गर्भगृह में लगे चार घंटों में से दो एक ही आकार के घंटे गायब थे। इस घटना से ग्रामीण स्तब्ध हैं और तरह-तरह की चर्चाओं के बीच आगे की रणनीति पर विचार कर रहे हैं।

# डांट से नाराज होकर घर से निकला घनश्याम लापता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमुहार गांव से 13 वर्षीय किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार पिता मनोज यादव ने थाने में आवेदन देकर बेटे की खोजबीन की गुहार लगाई है। पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनका बेटा गत 25 मई की शाम किसी बात को लेकर पत्नी द्वारा डांटे जाने से नाराज हो गया। इसी बात से गुस्सा होकर वह घर से कहीं चला गया।

# अमौना पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड के अमौना कृषि साख सहयोग समिति के लिए हुए चुनाव को बुधवार को पुलिस प्रशासन की कड़ी मौजूदगी में पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करा लिया गया। मतदान के बाद अब सभी की निगाहें बुधवार की रात होने वाली मतगणना पर टिकी है। इसको लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान के बाद मतगणना भी पूरी तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था के साथ संपन्न कराई जाएगी। मतगणना के लिए गोड़ारी स्थित सामुदायिक भवन को स्थल निर्धारित किया गया है जहां दो टेबल लगाए गए हैं और सभी आवश्यक सुविधाएं मस्टर्ड कर दी गई है। अमौना पैक्स चुनाव-2026 में कुल 1270 मतदाताओं में से 623 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो लगभग 49 प्रतिशत मतदान रहा। अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की थी। मतदान समाप्त होने के बाद प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में नतीजों को लेकर जबरदस्त बेचैनी देखी जा रही है। समर्थकों का जमावड़ा मतगणना स्थल के आसपास बढ़ने लगा है और हर कोई अपने प्रत्याशी की जीत के दावे कर रहा है। पुलिस बल लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है ताकि मतगणना के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था न हो। प्रशासन का दावा है कि निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से मतगणना पूरी कराकर तत्काल परिणाम घोषित किए जाएंगे। अमौना पैक्स के इस चुनाव को क्षेत्र की राजनीति के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है, इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में भी परिणाम को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

# 28 महीने बाद भी उपेक्षित है सोन तट की 1200 वर्ष पुरानी धरोहरें

## संरक्षण के इंतजार में झारखंडी महादेव व नवलखा मंदिर की अमूल्य प्रतिमाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** डिहरी ऑन-सोन केवल एक शहर नहीं, बल्कि मेरी जन्मभूमि है। इसी मिट्टी में मेरा बचपन बीता है और यहीं की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के प्रति लगाव ने मुझे हमेशा प्रेरित किया। रोहतास की ऐतिहासिक धरोहरों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से मैंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से 'रोहतास जिले में पर्यटन का विकास एवं प्रचार' विषय पर पीएचडी शोध कार्य किया। शोध के दौरान सोन तट स्थित एनिकट परिसर के प्राचीन झारखंडी महादेव मंदिर और नवलखा मंदिर क्षेत्र में बिखरी दुर्लभ पुरातात्विक संपदाओं का दस्तावेजीकरण किया गया था। इन ऐतिहासिक अवशेषों की उपेक्षा को लेकर 9 फरवरी 2024 को स्थानीय समाचार पत्रों में प्रमुखता से खबरें भी प्रकाशित हुई थीं। उस समय उम्मीद जगी थी कि प्रशासन और पुरातत्व विभाग इन धरोहरों के संरक्षण के लिए ठोस पहल करेंग, लेकिन 3 जून 2026 को लगभग 28 महीने बाद जब मैं पुनः इस स्थल पर पहुंचा तो स्थिति देखकर निराशा हाथ लगी। जिन प्राचीन मूर्तियों और अवशेषों की सुरक्षा की मांग उठाई गई थी वे आज भी खुले आसमान के नीचे उसी दयनीय अवस्था में पड़ी हुई है न तो उनकी घेराबंदी की गई और न ही संरक्षण की दिशा में कोई सार्थक कदम उठाया गया। शोध एवं मूर्तिशिल्पीय विश्लेषण के आधार पर यह स्पष्ट है कि यहां मौजूद प्रतिमाएं और कलाकृतियां लगभग 1000 से 1200 वर्ष पुरानी है जिनका संबंध 9वीं से 11वीं शताब्दी के पालकाल अथवा उत्तर-गुप्तकाल से माना जा सकता है। इन प्रतिमाओं में भगवान विष्णु एवं सूर्य नारायण से संबंधित दुर्लभ मूर्तियां शामिल हैं जो यह प्रमाणित करती है कि सोन तटीय क्षेत्र कभी वैष्णव एवं सौर उपासना का महत्वपूर्ण केंद्र रहा होगा। मंदिर परिसर में मौजूद बलुआ पत्थर से निर्मित प्राचीन शिवलिंग तथा वाराह, दही मंथन, पूतना वध और शेषनाग जैसे धार्मिक प्रसंगों से अलंकृत चतुर्मुख लघुस्तंभ कला एवं इतिहास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुर्भाग्यवश ये सभी धरोहरें वर्षों से मौसम की मार और मानवीय उपेक्षा का सामना कर रही है। रोहतास जिले को पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं, लेकिन जब जिले की इतनी महत्वपूर्ण पुरातात्विक धरोहरें संरक्षण के अभाव में नष्ट होने की कगार पर हों, तब पर्यटन विकास के दावे सवालों के घेरे में आ जाते हैं। यदि समय रहते इन अमूल्य प्रतिमाओं को सुरक्षित संग्रहालय में संरक्षित नहीं किया गया अथवा पूरे परिसर को संरक्षित पुरातात्विक स्थल घोषित नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियां इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय से वंचित हो जाएंगी।

# दरिहट में श्री रुद्र महायज्ञ का विराट आयोजन, 11 जून को होगी पूर्णाहूति

## राम नाम के स्मरण मात्र से जीव भवसागर से पार हो जाता है : निशी दीदी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरिहट।** प्रखंड क्षेत्र के दरिहट गांव में आयोजित 11 दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ के अंतर्गत श्रीराम कथा के प्रथम दिन चित्रकूट धाम से पधारी प्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ सेविका पूज्य श्री निशी दीदी ने राम नाम की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कलियुग में राम नाम ही मनुष्य के कल्याण का सबसे बड़ा आधार है। इसके स्मरण मात्र से जीव माया-मोह के बंधनों से मुक्त होकर भवसागर को पार कर सकता है। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई 'नाम राम को कलपतरु कलि कल्यान निवासु, जो सुमिरत भयो भांग तें तुलसी तुलसीदासु' का उल्लेख करते हुए कहा कि राम नाम कल्पवृक्ष के समान है जो सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला तथा समस्त कल्याण का निवास स्थान है। राम नाम के प्रभाव से ही साधारण और निकृष्ट व्यक्ति भी श्रेष्ठता प्राप्त कर सकता है। निशी दीदी ने कहा कि भगवान शिव स्वयं निरंतर राम नाम का जप करते हैं और काशी में मृत्यु को प्राप्त होने वाले जीवों को मुक्ति के लिए इसी तारक मंत्र का उपदेश देते हैं। उन्होंने बताया कि कलियुग में योग, यज्ञ और ज्ञान की अपेक्षा राम नाम संकीर्तन का विशेष महत्व है। दृढ़ विश्वास के साथ राम नाम का जप करने से प्रभु स्वयं भक्त के हृदय में निवास करते हैं और उसे परम शांति की प्राप्ति होती है। महायज्ञ के आयोजकों ने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान 11 जून तक चलेगा। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 9 बजे तक विद्वान पंडितों द्वारा नवाह पारायण, दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक रामलीला, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक श्रीराम कथा तथा रात 9 बजे से 12 बजे तक रासलीला का मंचन किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार 9 जून को प्रातः 9 बजे से विश्व विख्यात जगतगुरु त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य तपोमूर्ति संत श्री सुन्दर राज यतिराज स्वामी जी महाराज का आगमन होगा।

# जिलाधिकारी ने पुरातात्विक स्थलों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नवादा। 3 जून 2026 को क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी रवि प्रकाश के नेतृत्व में जिला पुरातात्विक समिति द्वारा जिले के संरक्षित एवं सुरक्षित घोषित पुरास्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में वारिसलीगंज प्रखंड स्थित ऐतिहासिक पुरास्थल अपसढ़ (तालाब) तथा काशीचक प्रखंड स्थित पार्वती पहाड़ी का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध पुरातात्विक धरोहरों, संरक्षण कार्यों एवं आधारभूत सुविधाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। पार्वती पहाड़ी के निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पुरास्थलों के संरक्षण, संवर्धन एवं सौंदर्यीकरण के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पार्वती पहाड़ी स्थित डाक बंगला पूर्णतः क्षतिग्रस्त अवस्था में पाया गया। इस पर जिला पदाधिकारी ने वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों को अनावश्यक व्यक्तियों





के प्रवेश पर रोक लगाने तथा परिसर की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने पुरास्थलों की नियमित साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, सूचना पट्टों की स्थापना तथा पर्यटकों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुरास्थलों के ऐतिहासिक महत्व के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा पर्यटन की संभावनाओं को विकसित करने हेतु भी आवश्यक कदम उठाने पर बल दिया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी ने वारिसलीगंज प्रखंड स्थित अपसढ़ तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तालाब परिसर के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही तालाब के चारों ओर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा हाई मास्ट लाइट स्थापित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके पश्चात उन्होंने अपसढ़ गांव में स्थित ऐतिहासिक धरोहरों का भी अवलोकन किया तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को पुरास्थलों से संबंधित लंबित कार्यों की समीक्षा कर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अतिक्रमण एवं पुरास्थलों को किसी प्रकार की क्षति से बचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी ने काशीचक प्रखंड के रेवरा जगदीशपुर में संचालित होने वाले डिग्री कॉलेज के लिए विद्यालय के भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन की स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित एलईओ को भवन की आवश्यक मरम्मत एवं रंग-रोगन कराने का निर्देश दिया। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया कि भवन की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सभी आवश्यक शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा 1 जुलाई 2026 से डिग्री कॉलेज का संचालन प्रारंभ कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, वारिसलीगंज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर का भ्रमण कर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने ओपीडी कक्ष का जायजा लिया। इस दौरान उन्हें बताया गया कि निरीक्षण तक कुल 250 मरीजों का ओपीडी पंजीकरण किया जा चुका था तथा लगभग 240 मरीजों की वाइटल जांच एवं अन्य प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच पूरी की जा चुकी थी। जिला पदाधिकारी ने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के



दौरान जिला पदाधिकारी ने अस्पताल में उपचाररत एवं ओपीडी में आए मरीजों से भी बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। मुड़ला चक से आईं सुलेखा देवी से उनके हाल-चाल के बारे में जानकारी ली। उन्हें बेहतर उपचार हेतु एमओआईसी को निर्देश दिया। उन्होंने विभिन्न वार्डो, जांच व्यवस्था, दवा वितरण काउंटर, स्वच्छता व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाओं का नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने औषधि भंडारण कक्ष का निरीक्षण किया तथा दवाओं की उपलब्धता एवं रख-रखाव की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यक एवं जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिला पदाधिकारी ने अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, मरीजों के बैठने की व्यवस्था, जांच सुविधाओं तथा अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

# मनरेगा कार्यों को 1 जुलाई से पहले पूरा करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित मनरेगा कार्यालय भवन में बुधवार को मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी (पीओ) असलम हुसैन की अध्यक्षता में मनरेगा कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कौआकोल प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान पीओ असलम हुसैन ने सभी कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा के तहत चल रहे सभी कार्यों को हर हाल में 1 जुलाई से पहले पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा होने से आगामी योजनाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से "जी राम जी" योजना लागू किए जाने की तैयारी चल रही है। इसे देखते हुए वर्तमान में संचालित योजनाओं को समय पर पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने सभी कर्मियों को कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा गुणवत्ता के साथ समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में मनरेगा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रखंड के मनरेगा कर्मी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# ओरैना पंचायत ने रचा इतिहास, एआई समिट 2026 में शामिल हुए ग्रामीण क्षेत्र के छात्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार में शिक्षा एवं तकनीकी जागरूकता के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए बिहार छात्र संसद से जुड़े छात्रों और नवादा जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत ओरैना पंचायत ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। ओरैना पंचायत बिहार की पहली ऐसी पंचायत बन गई है, जहां से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय "बिहार एआई समिट 2026" में भाग लेने के लिए भेजा गया। 23 एवं 24 मई 2026 को पटना के ऊर्जा भवन ऑडिटोरियम में आयोजित बिहार एआई समिट 2026 में बिहार छात्र संसद ने आयोजन सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नवाचार और उभरती तकनीकों से जोड़ना था। इस पहल के तहत ओरैना पंचायत से चयनित



प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 22 मई को ही पटना रवाना किया गया, ताकि वे सम्मेलन में सक्रिय रूप से भाग लेकर एआई और आधुनिक तकनीकों से संबंधित नवीनतम जानकारियां प्राप्त कर सकें। सम्मेलन के दौरान छात्रों ने विभिन्न विशेषज्ञों, तकनीकी उद्यमियों और शिक्षाविदों के विचारों को सुना तथा एआई के वर्तमान और भविष्य के उपयोगों को समझा। ओरैना पंचायत की मुखिया रिंकू देवी ने इस पहल को ग्रामीण बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि आज का दौर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीकी नवाचार का है। ऐसे में यदि गांवों के बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही आधुनिक तकनीकों का परिचय और अवसर मिले, तो वे भविष्य में अपने पंचायत, जिले और बिहार का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर सकते हैं। इस अवसर पर बिहार छात्र संसद मगध क्षेत्र के समन्वयक प्रशांत मानव ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बिहार छात्र संसद का उद्देश्य केवल युवाओं को जोड़ना नहीं, बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करना भी है। एआई, तकनीक और नवाचार जैसे विषयों से ग्रामीण विद्यार्थियों को जोड़ना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। सम्मेलन में अभिषेक, आलोक, सुमित, शशिकांत, राज, मोहित, मनित, अमित, पीयूष, हिमांशु और ऋषव सहित कई विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी विभिन्न तकनीकों, उसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों और भविष्य की संभावनाओं को समझा तथा विशेषज्ञों से संवाद का अवसर प्राप्त किया। गौरतलब है कि पिछले एक दशक से अधिक समय से बिहार छात्र संसद बिहार और देश के विभिन्न हिस्सों में शिक्षा, नेतृत्व, नवाचार और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से युवाओं को जोड़ने का कार्य कर रही है।

# साइकिल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत के बैनर तले कौआकोल प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत दुधपनियां गांव के खेल मैदान में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा स्वयंसेवक गौतम कुमार के देखरेख में किया गया। इस अवसर पर कबड्डी, साइकिल दौड़ एवं दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में स्थानीय वार्ड सदस्य बैजनाथ मांझी, सहयोगी कुंदन कुमार यादव, अनिल कुमार महतो, विजय यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। साइकिल दौड़ प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में पीहू कुमारी (बिझो गांव) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं निशु कुमारी (बिझो गांव) द्वितीय एवं रानी कुमारी (तरौन गांव) तृतीय स्थान पर रहीं। कबड्डी प्रतियोगिता में तरौन गांव की टीम विजेता बनी,जबकि मननियांतरी गांव की टीम उपविजेता रही। सफल प्रतिभागियों सहित विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने साइकिल के उपयोग को पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य संवर्धन एवं ईंधन बचत के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए लोगों से दैनिक जीवन में अधिक से अधिक साइकिल अपनाने की अपील की। इधर दूसरी ओर विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर सोखोदेवरा आश्रम में भी साइकिल दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# नौ वर्षों से आरटीइ राशि भुगतान नहीं होने पर भड़के निजी स्कूल संचालक

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। जिले के निजी विद्यालयों की समस्याओं को लेकर प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन ने जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीइओ) को ज्ञापन सौंपते हुए आरटीई (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के तहत बकाया प्रतिपूर्ति राशि के अविलंब भुगतान की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो जिले के कई निजी विद्यालय आर्थिक संकट के कारण बंद होने की कगार पर पहुंच सकते हैं। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार के हस्ताक्षर से जारी पत्र में कहा गया है कि निजी विद्यालय हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं और बिहार में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके बावजूद नवादा जिले के निजी स्कूल लंबे समय से उपेक्षा का शिकार हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि नवादा बिहार का ऐसा जिला बन गया है, जहां पिछले लगभग नौ वर्षों से आरटीई के तहत मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं किया गया है। संगठन का दावा है कि राज्य सरकार द्वारा भेजी गई राशि का भी लाभ विद्यालयों को नहीं मिल सका और बिना भुगतान के राशि वापस चली गई। इसके बाद से प्रतिपूर्ति राशि की मांग भी नियमित रूप से नहीं भेजी जा रही है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। एसोसिएशन ने कहा कि आरटीई प्रतिपूर्ति राशि नहीं मिलने से अधिकांश निजी विद्यालयों की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो चुकी है। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से मांग की है कि सभी विद्यालयों की लंबित आरटीई प्रतिपूर्ति राशि का शीघ्र भुगतान कराया जाए तथा स्कूलों पर लगाए गए विभिन्न प्रकार के चालान और जुर्माने के मामलों में भी राहत प्रदान की जाए। संगठन ने उम्मीद जताई है कि शिक्षा विभाग निजी विद्यालयों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द सकारात्मक पहल करेगा।

# वज्रपात से सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। वज्रपात से होने वाली जनहानि एवं संपत्ति की क्षति को कम करने तथा आमजन के बीच सुरक्षा संबंधी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से "वज्रपात से सुरक्षा" विषय पर तैयार कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा को लेकर ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जागरूकता एवं जन-सुरक्षा गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा उनके प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन एवं मार्गदर्शन परियोजना पदाधिकारी संदीप वर्मा ने किया। अपने संबोधन में श्री वर्मा ने कहा कि बिहार में वज्रपात एक गंभीर प्राकृतिक आपदा के रूप में उभर रही है, जिससे प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोगों की जान जाती है तथा संपत्ति का नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए समयबद्ध एवं व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर वज्रपात से सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों का नियमित आयोजन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, जीविका समूहों, किसान समूहों एवं अन्य सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक सुरक्षा संबंधी संदेश पहुंचाए जाएं। बैठक में वज्रपात से बचाव के लिए सुरक्षित स्थलों की



पहचान, सामुदायिक जागरूकता रैलियों का आयोजन, प्रचार-प्रसार सामग्री का वितरण, सोशल मीडिया एवं स्थानीय संचार माध्यमों के उपयोग तथा आपदा मित्रों एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मानसून अवधि के दौरान वज्रपात की संभावित घटनाओं को देखते हुए सभी स्तरों पर सतर्कता बनाए रखने तथा आम नागरिकों तक समय पर चेतावनी संदेश पहुंचाने की व्यवस्था सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि वज्रपात से होने वाली अधिकांश दुर्घटनाओं को समय रहते सावधानी बरतकर रोका जा सकता है। इसके लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी, स्थानीय प्रशासन की तत्परता तथा जन-जागरूकता कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन आवश्यक है।

# व्याप्त कुव्यवस्थाओं की जानकारी लेने पहुंचे एसडीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में व्याप्त कुव्यवस्थाओं के कारण वो हमेशा सुर्खियों में बना रहता है। करोड़ों रुपए की लागत से बना अस्पताल का विशाल बहुमंजिला भवन हाथी के दांत साबित हो रहे हैं। बीते कई वर्षों से अस्पताल में चिकित्सक समेत अनेक स्वास्थ्यकर्मियों के पद रिक्त है। इससे अस्पताल प्रबंधन को अस्पताल के संचालन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,जिसका सीधा असर आमलोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। अस्पताल में इमरजेंसी में आनेवाले मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावे ड्रेसर, वार्ड बॉय, गार्ड आदि पदों की कमी खूब सताती है। अस्पताल के एनएच 20 पर होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से घायलों की मौत होनी आम बात सी हो गई है। वहीं मौत के बाद मृतकों के परिजनों द्वारा हो-हंगामा भी किया जाता है,जिसे प्रबंधन अपनी कमियों को छुपाने के लिए सरकारी काम में बाधा जैसी धाराओं में परिजनों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराकर इति श्री कर लेते हैं। अस्पताल में आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर कई बार जिला से लेकर अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा औचक निरीक्षण किया जा चुका है,किंतु अब तक अस्पताल में एक डीएस की नियुक्ति तक नहीं हो पाई है। इससे अस्पताल का प्रबंधन बिगड़ गया है।

## किशोरी की सर्पदंश से मौत

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। प्रखंड अंतर्गत पहाड़पुर पंचायत के मधुरापुर गांव में विषैले सांप के काटने से एक किशोरी की मौत हो गई। मृतका की पहचान मधुरापुर गांव निवासी सुरेश यादव की 17 वर्षीय पुत्री मनीता कुमारी के रूप में की गई है। स्वजनों ने बताया कि मनीता कुमारी खेत में मूंग तोड़ने गई थी। इसी दौरान उसे विषैले सांप ने काट लिया। जहां घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।गांव में भी शोक का माहौल व्याप्त हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।


## कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

### आम सूचना

गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि सरस्वतिया नदी में कचरा, प्लास्टिक, निर्माण अवशेष तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थ फेकना पूर्णतः प्रतिबंधित है। साथ ही अपने घरों का मल–मूत्र एवं अन्य अपशिष्ट सीधे नदी अथवा नालों में प्रवाहित करना पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

नगर परिषद, गढ़वा द्वारा नियमित रुप से डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण वाहन संचालित किया जाता है। अतः सभी नागरिकों से अनुरोध है कि अपने घरों का कचरा संग्रहण वाहन में ही दें तथा नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग करें।

यदि कोई व्यक्ति नदी, नालों अथवा सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेकतें या घर का मल–मूत्र/गंदा पानी सीधे नदी में बहाते हुए पाये जाते है तो उनके विरुद्ध नगरपालिका अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

"स्वच्छ नदी–स्वस्थ्य जीवन"
स्वच्छ गढ़वा–सुंदर गढ़वा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 381397 Urban Development(26-27).D


# धान खरीद के सीएमआर उठाव में तेजी लाने का डीएम ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) के जिला प्रबंधक के साथ खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के अंतर्गत अधिप्राप्त धान के समतुल्य सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) की प्राप्ति तथा परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता (डीएसडी) के लंबित भुगतान की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिला प्रबंधक ने बताया कि जिले में 229 पैक्सों एवं व्यापार मंडलों के माध्यम से कुल 1,32,967.46 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है, जिसके समतुल्य 90,417.87 मीट्रिक टन सीएमआर प्राप्त किया जाना है। इसके विरुद्ध अब तक 61,266.91 मीट्रिक टन सीएमआर की प्राप्ति हो चुकी है, जबकि 29,120.96 मीट्रिक टन सीएमआर प्राप्त किया जाना शेष है। जिला प्रबंधक ने बताया कि जिले में सीएमआर भंडारण के लिए 10 गोदाम उपलब्ध हैं, जिनकी कुल क्षमता 3,55,166 मीट्रिक टन है। सभी गोदाम लगभग अपनी क्षमता के अनुरूप भरे हुए हैं, जिसके कारण सीएमआर प्राप्ति में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सीएमआर का उठाव नहीं होने से पैक्स एवं व्यापार मंडलों के अध्यक्षों ने अतिरिक्त ब्याज भार और आर्थिक कठिनाइयों को लेकर असंतोष भी व्यक्त किया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने तत्काल राज्य खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव से वार्ता कर समस्या से अवगत कराया। इसके बाद मुजफ्फरपुर जिले से दो रेल रैक तथा वैशाली एवं बेगूसराय जिले से एक-एक आईडीटी आवंटित किया गया। डीएम ने संबंधित जिलों के जिला पदाधिकारियों से भी शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। जिला पदाधिकारी ने राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक को निर्देश दिया कि आवंटित रेल रैक एवं आईडीटी के माध्यम से सीएमआर का शीघ्र उठाव और परिवहन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भंडारण संबंधी समस्या का समाधान हो सके। बैठक में परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता (डीएसडी) के लंबित भुगतान की भी समीक्षा की गई। जिला प्रबंधक ने बताया कि सितंबर 2025 से डीएसडी का भुगतान लंबित है, जिससे अभिकर्ताओं को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे को भी जिला पदाधिकारी ने राज्य खाद्य निगम एवं विभागीय अधिकारियों के समक्ष उठाया। इस पर अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सितंबर, अक्टूबर एवं नवंबर 2025 के

# नालंदा में खेल, स्वास्थ्य और स्वच्छता का दिखा उत्साह



**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर नालंदा जिला साइकिलिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साइकिल जागरूकता रैली एवं साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए बड़ी संख्या में बच्चों एवं युवाओं ने भाग लिया। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर 'अस्मिता खेलो इंडिया पूर्वी जोन' के तहत साइकिल रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को तीन आयु वर्गों में विभाजित किया गया था। 13 से 16 वर्ष आयु वर्ग में किशु कुमारी ने स्वर्ण पदक, रागिनी कुमारी ने रजत पदक तथा सोनम कुमारी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 17 से 19 वर्ष आयु वर्ग में सृष्टि कुमारी ने स्वर्ण पदक, शिम्पी कुमारी ने रजत पदक तथा कीमत कुमारी ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं 19 से 21 वर्ष आयु वर्ग में मनीष कुमार ने स्वर्ण पदक, सिमरन कुमारी ने रजत पदक और अंजली कुमारी ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सभी वर्गों को मिलाकर लगभग 280 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। केपीएस ग्रुप, जहानाबाद के निदेशक चंदन कुमार द्वारा सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट प्रदान की गई। साइकिल जागरूकता रैली के दौरान स्वच्छताग्राही रिंकू कुमारी, रजनी कुमारी, नीतू प्रीतम एवं मोनिका सिन्हा ने लोगों के बीच स्वच्छ भारत, सुंदर बिहार और सुशोभित नालंदा का संदेश दिया। रैली के माध्यम से स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव प्रमोद कुमार ने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने के लिए युवाओं का खेलों की ओर रुझान बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी यदि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि लेंगे तो उनका सर्वांगीण विकास होगा। वर्तमान समय में खेलों के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से खिलाड़ियों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं।

# लूटी गई सामग्री के साथ एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। एकंगरसराय थाना क्षेत्र में पीकअप चालक से हुई लूट की घटना का पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने लूट में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से लूटी गई सामग्री भी बरामद कर ली है। हिलसा डीएसपी 2 कुमार ऋषीराज ने प्रेसवार्ता कर बताया कि बीते रविवार की रात करीब 11 बजे एकंगरसराय थाना क्षेत्र के पंचमुहवा पुल के समीप दो अज्ञात अपराधियों ने पिकअप चालक संतोष कुमार के साथ मारपीट कर उसका वीवो कंपनी का मोबाइल, सोने का लॉकेट और पांच हजार रुपये नकद लूट लिया था। पीड़ित के लिखित आवेदन के आधार पर एकंगरसराय थाना कांड संख्या 118/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 309(6) के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान घटना में संलिप्त अपराधी मनीष कुमार, पिता युगेश्वर प्रसाद, निवासी शिवनगर, थाना परवलपुर, जिला नालंदा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके पास से लूटा गया वीवो मोबाइल, सोने का लॉकेट तथा तीन हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।


## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद, (पलामू)
Email:-nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक................../दिनांक..................

### आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार द्वारा झारखण्ड अनाधिकृत निर्मित भवन नियमितीकरण नियमावली, 2026 की स्वीकृति अधिसूचना सं0– 1315, दिनांक– 27.04.2026 के द्वारा लागू की गई है। हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में दिनांक 31/12/2024 के पूर्व बिना स्वीकृत नक्शा या विचलन कर बनाए गए भवनों को वैध करने का निर्णय झारखण्ड सरकार के द्वारा लिया गया है जिसकी विस्तृत विवरणी निम्नवत् हैः–

- पात्रता– भवन की उचाई अधिकतम 10 मीटर (G+2) तथा प्लॉट का क्षेत्रफल 300 वर्ग मीटर होना चाहिए।
- आवेदन प्रक्रियाः– अधिसूचना प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर केवल BPAMS पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार्य होगें।
- प्रारंभिक शुल्क :– आवेदन के समय आवसीय हेतु रु0 10,000 /– एवं व्यावसायिक हेतु रु0 20,000/– ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है।

**ANNEXURE-II**
**Regularization Fees Applicable On Unauthorized Construction or On Par Deviation From Sanctioned Plan**

| SL NO | USE | PLOT AREA {IN Sqm} | Fees Rate on Total Violated Build-up Area/Unauthorized Area{Municipal Council/Nagar Panchayat} | Fee Rate On Total Violated Build-up Area/Unauthorized Area Municipal Corporation/Development Authorities/IT/JMADA} |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Residential | Upto 150 | Rs.40/sq.m. | Rs.40/sq.m. |
| | | 150 to 300 | Rs.60/sq.m. | Rs.90/sq.m. |
| 2 | Commercial | Upto150 | Rs.80/sq.m. | Rs.120/sq.m. |
| | | 150 to 300 | Rs.120/sq.m. | Rs.180/sq.m. |

नोट :– सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, बिना मालिकाना हक, पार्क, तालाब या CNT/SPT act का उल्लंघन कर निर्मित भवनों का नियमितीकरण नहीं होगा।

नियत समय (60 दिन) में आवेदन नहीं करने पर उक्त निर्माण को सतत् अपराध मानते हुए नगर पंचायत द्वारा जुर्माना लगाने एवं ध्वस्तीकरण (Demolition) की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, हुसैनाबाद

PR 381424 District(26-27).D

### गयाजी के सौंदर्यीकरण एवं हरित विकास को लेकर समीक्षा बैठक

# शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाना हम सबों की सामूहिक जिम्मेदारी : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को गयाजी जिला अतिथि गृह सभागार में नगर निगम के अधिकारियों के साथ शहर के सौंदर्यीकरण, हरित विकास एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप विकसित करने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने एपीआर मोड़, मिर्जा गालिब मोड़, आशा सिंह मोड़ तथा समाहरणालय के सामने निर्माणाधीन गोलंबरों के सौंदर्यीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ किए जाएं तथा उनमें गयाजी की पौराणिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत की झलक भी दिखाई देनी चाहिए। अधिकारियों ने जानकारी दी कि सीताकुंड क्षेत्र में लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक वेंडिंग जोन के निर्माण के लिए राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। इसके अतिरिक्त केदारनाथ मार्केट, सिकड़िया मोड़ एवं कठोकर तालाब के निकट वेंडिंग जोन के लिए अतिरिक्त सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का विकास किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि शहर के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गया टाउन क्षेत्र के जिलाधिकारी आवास, जज कंपाउंड, जेपी थाना, गांधी मैदान, एपीआर के सामने वाली दीवाल, दिग्गी तालाब के पास, सिविल लाइन थाना, जुडियो के सामने, रामशिला एंट्री पॉइंट, विसार तालाब, सीता कुंड रबर डैम के पास, रामसागर तालाब के दीवार के पास, ब्रह्मसत्य तालाब, रुक्मिणी तालाब, बाईपास, नारायणी पुल, सिकरिया मोड़ बस स्टैंड, गेवल बीघा, खलीज पार्क, सिक्स लेन ब्रिज के एंट्री के पास, चांदचौरा विष्णुपद रोड, रेलवे स्टेशन, निगम स्टेशन, मगध मेडिकल कंपाउंड, डॉक्टर अंबेडकर छात्रावास, जोड़ा मस्जिद गोलंबर के पास, सूर्य पोखर ऐसे 25 स्थानों को वर्टिकल प्लांटेशन के लिए चिन्हित किया गया है। कई स्थानों पर कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा शेष स्थलों पर भी शीघ्र कार्य शुरू किया जाएगा। डॉ प्रेम कुमार ने एटी गेट एवं जिला अतिथि गृह के सामने सौंदर्यीकरण कार्य की सराहना की साथ ही उन्हें धन्यवाद व्यक्त किया। डॉ. प्रेम कुमार ने निर्देश दिया कि शहर में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्गों पर आकर्षक प्रवेश द्वारों का निर्माण किया जाए तथा व्यापक स्तर पर हरित आवरण बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने पथ निर्माण विभाग की भूमि के अतिरिक्त उपलब्ध खाली स्थलों पर सड़क किनारे लोहे के गेबियन लगाकर वृक्षारोपण करने एवं हरियाली विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने गया कॉलेज से रामपुर तक, डीएम आवास के आसपास तथा अन्य उपयुक्त स्थलों पर वर्टिकल गार्डन विकसित करने की योजना तैयार करने को कहा। साथ ही शहर की दीवारों पर ऐसी आकर्षक पेंटिंग कराने का निर्देश दिया जिनमें स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा गयाजी के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को प्रदर्शित किया जा सके। बैठक में गयाजी नगर क्षेत्र के सभी घाटों, तालाबों, पार्कों एवं गोलंबरों के समग्र सौंदर्यीकरण एवं हरियाली विकास पर विशेष जोर दिया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन सभी स्थलों के विकास का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुतीकरण (पीपीटी) के माध्यम से अविलंब उपलब्ध कराया जाए, ताकि योजनाओं को शीघ्र क्रियान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि गयाजी विश्व स्तर पर एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन नगरी है। इसके अनुरूप शहर को स्वच्छ, सुंदर, हरित एवं आधुनिक स्वरूप प्रदान करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, चिताबकला में मारपीट, तीन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** प्रखंड क्षेत्र की बार पंचायत, चिताबकला पंचायत तथा नगर परिषद क्षेत्र के गोपालपुर में बुधवार को पैक्स चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। सुबह से ही विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाता कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते नजर आए। हालांकि गोपालपुर में कुछ कारणों से मतदान निर्धारित समय से थोड़ी देर बाद शुरू हुआ। प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। उन्होंने बताया कि गोपालपुर नगर परिषद क्षेत्र में 68.23 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया जबकि बार पंचायत में 63.37 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं चिताबकला पंचायत में शाम तक 80.90 प्रतिशत मतदान हुआ इसी दौरान चिताबकला पंचायत के एक मतदान केंद्र पर आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार तथा बीडीओ स्नेहिल आनंद मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद माहौल शांत हुआ तथा मतदान प्रक्रिया पुनः शुरू कराई गई। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर पूरे क्षेत्र में पैक्स चुनाव देर शाम तक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया।

## तालाब में डूबने से बालक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र के परसावां गांव में बुधवार को हुए एक दर्दनाक हादसे में तालाब में डूबने से बालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी संजित दास के पुत्र कुश कुमार (9 वर्ष) के रूप में की गई है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव स्थित देवी स्थान के समीप तालाब के पास एक ठेला पर सवार होकर छह बच्चे पहुंचे थे। इसी दौरान ठेला अचानक अनियंत्रित होकर असंतुलित हो गया जिससे सभी बच्चे तालाब में जा गिरे। बच्चों के तालाब में गिरने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने देखा कि कुश कुमार की हालत गंभीर है। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर परसावां पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार अस्पताल पहुंचे और स्थानीय प्रशासन को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे तथा आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

## हत्या के प्रयास मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी(ग्रामीण)।** हत्या के प्रयास के एक मामले में शेरघाटी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार 14 दिसंबर 2025 को वादी द्वारा लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। आवेदन में बताया गया कि कुछ लोग बाजा (बॉक्स) बजा रहे थे जिससे उनके दरवाजे पर बंधा पशु सड़क पर आ गया। इस बात को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपितों ने वादी की पत्नी के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

घटना के संबंध में शेरघाटी थाना कांड संख्या 504/25, 14 दिसंबर 2025 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस ने कांड में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुखु यादव, संजय यादव एवं धीरज कुमार के रूप में हुई है। तीनों आरोपी पांची यादव के पुत्र हैं और शेरघाटी थाना क्षेत्र के गढ़ मोहल्ला के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## गया खरीफ सीजन में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता

### अधिक मूल्य वसूली पर तीन प्रतिष्ठानों की अनुज्ञप्ति निलंबित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** खरीफ मौसम की शुरुआत के साथ किसानों द्वारा यूरिया सहित विभिन्न उर्वरकों की मांग में तेजी आई है। जिला कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में वर्तमान में यूरिया सहित अन्य उर्वरकों की कोई कमी नहीं है और किसानों को आवश्यकता के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभाग ने किसानों से डीएपी के स्थान पर अन्य मिश्रित उर्वरकों के उपयोग की भी अपील की है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में वर्तमान समय में 12,991.325 मीट्रिक टन यूरिया, 3,491.90 मीट्रिक टन डीएपी, 8,913.75 मीट्रिक टन एनपीके, 6,529.75 मीट्रिक टन एसएसपी तथा 1,170.72 मीट्रिक टन एमओपी उर्वरक उपलब्ध हैं। किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जिले के विभिन्न उर्वरक भंडारों का नियमित रूप से भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उर्वरक वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसानों से प्राप्त शिकायतों का भी त्वरित निष्पादन किया जा रहा है। अधिक मूल्य पर उर्वरक बेचने के आरोप में किशोरी इंटरप्राइजेज, टिकारी, किसान बीज भंडार, नगर तथा सोना ट्रेडर्स, परैया की उर्वरक अनुज्ञप्ति निलंबित कर दी गई है। इसके अलावा पिछले छह माह के दौरान उर्वरक व्यवसाय के अलावा अन्य व्यापारिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए प्रतिष्ठानों पर भी कार्रवाई की गई है। जिला कृषि विभाग के अनुसार अब तक कुल 12 प्रतिष्ठानों की पीओएस मशीनें जब्त की जा चुकी हैं तथा उनकी उर्वरक अनुज्ञप्तियां रद्द कर दी गई है। विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे अधिकृत विक्रेताओं से ही उर्वरक खरीदें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल कृषि विभाग को दें। खरीफ सीजन को देखते हुए जिला प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## श्रीमद्देवी भागवत कथा व ज्ञान भंडार यज्ञ का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के मंजाठी गांव में सृष्टि रक्षा एवं जनकल्याण के उद्देश्य से आयोजित ज्ञान भंडार यज्ञ एवं श्रीमद्देवी भागवत कथा का शुभारंभ जलभरी एवं भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। मंगलवार संध्या से कथा-प्रवचन कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें समदर्शी महाराज श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार और आध्यात्मिक जीवन का संदेश दे रहे हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष बीगन सिंह, उपाध्यक्ष अवधेश यादव, कोषाध्यक्ष कुंदन सिंह एवं जितेंद्र शर्मा सहित ग्रामीणों के सहयोग से कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/616, दिनांक 02.06.2026;** सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं. एसडीएसटीई/सिग/टी/07/26-27/एसएफ; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** सियालदह मंडल के कृष्णनगर सिटी जंक्शन-लालगोला अनुभाग में लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 98टी (पलासी), 119बीई (सारगाछी), 122सीटी (सारगाछी), 141टी (मुर्शिदाबाद), 152ई (जियागंज), 163सीटी (भगवानगोला) में सीमित ऊंचाई के सबवे (एलएचएस) के निर्माण द्वारा मानवयुक्त/मानव रहित लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेट के उन्मूलन के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 3,58,71,075.65; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 7,17,400; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 09 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 15.06.2026; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख:** 29.06.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 29.06.2026 को 14.30 बजे। विस्तृत विवरण: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **पात्रता के तकनीकी मानदंड:** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंड:** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज:** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्य:** सिग्नल अथवा टेलीकॉम का कोई भी कार्य जिसमें खड्डों की खुदाई, सिग्नल अथवा टेलीकॉम केबलों को बिछाना एवं जांच करना अथवा अन्य कोई भी विविध आउटडोर एस एंड टी कार्य शामिल हो। **टिप्पणी:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए।

(SDAH-64/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## कंटेनर से 3,042 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आमस।** आमस थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कंटेनर से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस द्वारा की गई जांच में कंटेनर से इंपीरियल ब्लू ब्रांड की कुल 344 कार्टन शराब जब्त की गई। बरामद शराब में 180 एमएल की 159 कार्टन, 375 एमएल की 97 कार्टन तथा 750 एमएल की 98 कार्टन शामिल हैं। कुल मिलाकर 3,042 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कंटेनर चालक महेंद्र कुमार एवं खलासी टिकमा राम को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी राजस्थान के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने कंटेनर को भी जब्त कर लिया है और शराब की खेप के स्रोत तथा गंतव्य के संबंध में जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## विश्व साइकिल दिवस पर डॉ. प्रेम कुमार ने किया साइकिल अपनाने का आह्वान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने गयाजी स्थित गांधी मैदान में खेल से जुड़े खिलाड़ियों के साथ साइकल चलाया। साथ ही उन्होंने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए साइकिल को स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण एवं सतत विकास का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि साइकिल केवल एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समृद्धि का प्रतीक है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में पूरी दुनिया प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और विभिन्न स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में साइकिल का उपयोग इन समस्याओं के समाधान की दिशा में एक प्रभावी कदम है। साइकिल चलाने से ईंधन की बचत होती है तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है जिससे पर्यावरण संरक्षण को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत की सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवनशैली में साइकिल का विशेष महत्व रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बड़ी संख्या में लोग अपने दैनिक आवागमन के लिए साइकिल पर निर्भर हैं। विद्यार्थियों, किसानों, श्रमिकों एवं आम नागरिकों के लिए यह एक सस्ता, सुलभ और भरोसेमंद साधन है। उन्होंने बिहार सरकार की छात्राओं के लिए साइकिल योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस पहल ने बालिका शिक्षा को नई दिशा दी तथा लाखों बेटियों के लिए विद्यालय तक पहुंचना आसान बनाया। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नियमित साइकिल चलाने से हृदय स्वस्थ रहता है, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, मोटापा नियंत्रित रहता है तथा मानसिक तनाव में कमी आती है। उन्होंने युवाओं से डिजिटल जीवनशैली के साथ-साथ शारीरिक गतिविधियों को भी प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और स्वस्थ नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। साइकिल का अधिकाधिक उपयोग इन सभी उद्देश्यों की पूर्ति में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने लोगों से छोटी-छोटी दूरियों के लिए साइकिल के उपयोग की आदत विकसित करने का आहवान किया। डॉ. प्रेम कुमार ने युवाओं, विद्यार्थियों, शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों एवं सामाजिक संगठनों से साइकिल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे स्वस्थ समाज के निर्माण के साथ-साथ स्वच्छ एवं हरित बिहार के लक्ष्य को भी प्राप्त किया जा सकेगा।

अंत में उन्होंने कहा कि विश्व साइकिल दिवस हमें यह संदेश देता है कि सरल और सामान्य साधन भी समाज तथा राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से साइकिल को अपनाकर स्वस्थ शरीर, स्वच्छ पर्यावरण और समृद्ध राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आहवान किया तथा विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर सभी बिहारवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वहीं मौके पर राजनंदन गांधी, धीरेंद्र धीरू, अजय पासवान, बंटी वर्मा, राकेश आईटी, सचिन ठाकुर, विवेक कुमार, अमित कुमार, रामलगन जी सहित अन्य मौजूद रहे।

## सागवान के पुराने पेड़ को अवैध तरीके से काटकर बेचे जाने की साजिश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज के दावथ-कोआथ मुख्य मार्ग पर मिर्ज़ापुर मोड़ के समीप दिनदहाड़े एक बहुमूल्य सागवान के पेड़ की कटाई ने वन विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं जिसके बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और वे निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि 28 मई की दोपहर करीब 11 बजे भारी मशीनों से वर्षों पुराने विशाल सागवान के पेड़ को काटा गया और यह पूरी कार्रवाई वन विभाग के एक सिपाही की मौजूदगी में हुई जिसकी निगरानी में पेड़ को टुकड़ों में काटकर दो ट्रैक्टरों पर लादकर ले जाया गया। खुलेआम हो रहे इस काम को देखकर ग्रामीणों ने इसे विभागीय कार्रवाई मानते हुए विरोध नहीं किया। बताया जाता है कि पेड़ के पास रहने वाली रीना देवी ने बताया कि पेड़ गिरने की तेज आवाज सुनकर बाहर निकलीं तो लकड़ियां ट्रैक्टर पर लादी जा रही थीं जबकि दोलइचा निवासी संजय कुमार ने कहा कि वन कर्मी की मौजूदगी से किसी को अवैध कटाई का शक नहीं हुआ। ग्रामीण विजेंद्र कुमार के अनुसार दोपहर दो बजे तक लकड़ियां हटा दी गईं, लेकिन बाद में जड़ तक उखाड़े जाने की चर्चा के बाद लोगों को संदेह हुआ और उनका आरोप है कि विभागीय मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी कार्रवाई संभव नहीं है। मामले पर बिक्रमगंज वन रेंज पदाधिकारी विनय कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच की गई और पेड़ के हिस्से को बिक्रमगंज - सासाराम मार्ग स्थित राज रतन वुड वर्क्स आरा मशीन के पास मिले। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में सूचना मिलने के बाद 28 मई को ही अज्ञात के खिलाफ मामला समर्पित है जबकि आरा मशीन संचालक ने कहा कि लकड़ी उसके डंपिंग क्षेत्र से दूर एक खेत में रखी थी और उसे इसकी जानकारी नहीं है, फिलहाल लकड़ियों को सुरक्षित रखने का निर्देश देकर जांच जारी है। घटना के बाद ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि वर्षों में तैयार होने वाले सागवान के पेड़ को दिनदहाड़े कैसे काट दिया गया और विभाग को भनक तक नहीं लगी जबकि आम लोगों को निजी जमीन पर पेड़ काटने के लिए भी अनुमति लेनी पड़ती है।

## किलकारी समर कैम्प में बच्चों ने सीखा शास्त्रीय नृत्य में कथक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** किलकारी बिहार बाल भवन, गया में आयोजित समर कैंप चक धूम-धूम में बच्चों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक का प्रशिक्षण अंजली कुमारी द्वारा दिया जा रहा है जिसमें तबले पर अरविंद गोस्वामी एवं हारमोनियम पर प्रियदर्शी भार्गव बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने कथक की मूलभूत मुद्राएं, ताल, लय एवं भाव-भंगिमाओं के साथ साथ तीन ताल तत्कार तिहाई परण का भी अभ्यास कराया जा रहा है। कथक कक्षा में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और नृत्य की बारीकियों को सीखने का प्रयास किया। प्रशिक्षकों ने बच्चों को कथक के इतिहास एवं सांस्कृतिक महत्व की भी जानकारी दी। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को भारतीय कला एवं संस्कृति से जोड़ना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को विकसित करना है। अभिभावकों ने भी बच्चों की प्रस्तुति और सीखने की रुचि की सराहना की। कैंप में नृत्य के अलावा संगीत, पेंटिंग, नाटक, कराटे, क्राफ्ट एवं अन्य गतिविधियों का भी प्रशिक्षण लगातार दिया जा रहा है जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0– WRD/MD MANDAL/05/2026–27
दिनांक 03.06.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | REPAIRING OF 02 NOs. C/R GATES AT LEFT SIDE AND RIGHT SIDE OF THE CANAL WITH WORM GEAR MACHINE SYSTEM ,OPERATING PLATFORM OF C/R GATE AND 02 NOs. H/R GATES WITH SPINDLE SYSTEM OF **PHULWARIYA WEIR IRRIGATION SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 5,22,592.00 (पाँच लाख बाईस हजार पाँच सौ वानबे) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 10,460.00 (दस हजार चार सौ साठ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 04.06.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 11.06.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 13.06.2026 (03:30 बजे अपराह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

**कार्यपालक अभियन्ता**
**यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)**
**शिविर मेदिनीनगर।**

PR 381445 (District) 26-27 (D)

संपादकीय

# बंगाल: यह हिंसा अस्वीकार्य है

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव नतीजे आने के करीब महीने भर बाद भी जिस तरह की हिंसा हो रही है, उसके लिए दोषी जो हो, लेकिन उसे किसी हाल में जायज नहीं ठहराया जा सकता। क्योंकि तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद अभिषेक बनर्जी पर सोनारपुर में जिस तरह जानलेवा हमला हुआ, उसके बाद राज्य सत्तासीन भाजपा संदेह के घेरे में है। यह मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि टीएमसी के एक और सांसद कल्याण बनर्जी पर घातक हमला किया गया। अभिषेक चुनाव के दौरान हुई हिंसा में मारे गए उनकी पार्टी के कार्यकर्ता के परिजनों को सांत्वना देने गए थे तो कल्याण बनर्जी गिरफ्तार पार्टी कार्यकर्ताओं को छुड़ाने के लिए थाने में ज्ञापन देने के लिए गए थे। अभिषेक पर हमले की देश भर में तीखी प्रतिक्रिया हुई है। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि बीजेपी लोकतंत्र की हत्या कर रही है। उन्होंने घायल अभिषेक के इलाज में एक अस्पताल द्वारा हीलाहवाले की भी कड़ी आलोचना की। विपक्ष के सभी नेताओं ने अभिषेक पर हमले की कड़ी निंदा की है। अभिषेक बनर्जी ने भी कहा है कि वह केवल जनता के सामने ही झुकेंगे, सत्ता के आगे नहीं। उन्होंने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद भी दिया।

आज मैं राजनीतिक हिंसा और राज्य प्रायोजित आतंकवाद का शिकार हूं, जिसे उन लोगों ने बढ़ावा दिया है जो खुद को राष्ट्रवाद का संरक्षक बताते हैं। उधर भाजपा परोक्ष रूप से इन हमलों को जायज ठहराने की कोशिश कर रही है। उसका कहना है कि ये डेढ़ दशक के ममता राज के प्रति लोगों में भरे गुस्से की सार्वजनिक अभिव्यक्ति है। पार्टी का यह भी कहना है कि हमला करने वाले भाजपा कार्यकर्ता न होकर आम लोग हैं, जो अब खुलकर अपनी नाराजी जता रहे हैं। शुरू में तो भाजपा पूरे मामले पर या तो खामोश रही या लीपापोती करती रही, लेकिन मामला राष्ट्रीय स्तर चर्चा का विषय बन गया तो पार्टी ने इस तरह के हमलों की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही। अभिषेक बनर्जी पर हमला करने वाले पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि टीमएमसी ने बीते डेढ़ दशक में जो बोया है, उसी का काट रही है। अभिषेक और कल्याण पर हमला करने वाले कौन हैं, इसको लेकर भी आरोप-प्रत्यारोप हो रहे हैं। टीमएमसी इसके पीछे भाजपा कार्यकर्ताओं का हाथ बता रही है कि बीजेपी का कहना है कि टीएमसी के नाराज कार्यकर्ता ही अपने नेताओं पर हमले कर रहे हैं।

पुलिस ने भी कहा है कि अभिषेक पर हमला करवाने वाला उनका करीबी एक पुराना टीएमसी कार्यकर्ता लवली मैत्रा ही है। वैसे यह भी सच है कि बंगाल में सारी राजनीति सत्ता के इर्द-गिर्द ही घूमती है।

एक समय था जब तमाम राजनेता ममता के चक्कर लगाते थे। जबकि आज तमाम नेता और कार्यकर्ता उनसे पल्ला झाड़ने में लगे हैं। यहां तक कि टीएमसी द्वारा राज्यभर में विरोध प्रदर्शन के लिए बुलाई गई बैठक में 80 में से मात्र 20 विधायक ही पहुंचे। बाकी ने कन्नी काट ली। इसका सीधा अर्थ यही है कि ममता की पार्टी पर अब पहले सी पकड़ नहीं रह गई है। इन तमाम बातों के बावजूद विपक्षी नेताओं पर हमले सही नहीं माने जा सकते। वर्तमान में सत्ताधीशों की जिम्मेदारी है कि वो सभी को सुरक्षा मुहैया कराए और राज्य में अमन चैन का माहौल बनाए रखे।

# केवल एक पृथ्वी

**डॉ अनिता भटनागर जैन**

- 27 अप्रैल 2026 को एक कीर्तिमान स्थापित हुआ। उस दिनपूरी दुनिया में के 50 सर्वाधिक तापमान वाले शहर भारत में थे ।उत्तर प्रदेश में 21, महाराष्ट्र में 10, मध्यप्रदेश में 6 राजस्थान में 6, हरियाणा में 4 ओर शेष दिल्ली, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में । बिजली की मांग इतनी बढ़ गई कि हाहाकार हो गया। समाचार पत्र के अनुसार बांदा में विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा करीब 1400 ट्रांसफार्मर पर पानी डालकर उन्हें ठंडा रखने का प्रयास किया गया जिससे कि वो इस असहनीय गर्मी के फलस्वरूप जल ना जाए ।
- 50 डिग्री सेल्सियस, क्या अब नया सामान्य है
- स्विजरलैंड की संस्था द्वारा किए गए सर्वेक्षण में विश्व के 117 देशों के 6500 शहरों में से 35 सबसे प्रदूषित शहर भारत में है और चौथी बार लगातार दिल्ली विश्व का सबसे प्रदूषित शहर रहा ।




हर वर्ष हम पर्यावरण दिवस मनाते है। यद्यपि हरसाल थीम अलग-अलग होती है परन्तु उन सभी में केवल एक ही संदेश अंतर्निहित है -हमारे पास केवल एक पृथ्वी है। अरबों गैलेक्सीयों के बावजूद भी हमारी जानकारी अनुसार जीवन तो केवल अपनी पृथ्वी पर ही है। हम सब यानी मनुष्य,पेड़-पौधे, जीव जंतु,आदि केवल इस पृथ्वी पर ही जीवित रह सकते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का सिलसिला यूएनईपी के द्वारा वर्ष 1974 में प्रारंभ किया गया था। आज 48 वर्षों के उपरांत मनुष्य की गतिविधियों के परिणाम स्वरूप पर्यावरण की स्थिति बद से बदतर हो गई है। अब पर्यावरण आपदा हेतु यह माना जा रहा है कि वर्तमान पीढ़ी ही है जो युद्ध स्तर पर कदम उठाकर पृथ्वी को सहेज सकती है। अगर हमारी पृथ्वी स्वस्थ व संरक्षित नहीं रही तो हमारे अपने बच्चों वह उनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। हम विरासत में कैसी पृथ्वी देना चाहते हैं

अपनी एक पृथ्वीके संरक्षण की आवश्यकता क्योंवर्तमान में प्रजातियों के विलुप्तकरण की गति सामान्य से 10 हज़ार गुना अधिक है। 25 वर्षों में 8462 प्रजातियां सदैव के लिए विलुप्त हो गई हैं जिनमें पशु- पक्षी,वृक्ष आदि सभी सम्मिलित हैंद्य गिद्ध गायब हो गए हैं और हर स्थान पर पाने वाली स्पैरो के लिए अब हम वर्ल्ड स्पैरो डे बनाते हैं। वर्तमान में 4415 प्रजातियां आईयूसीएन की रेड सूची में हैं यानी उनका अस्तित्व अत्यधिक खतरे में है। यदि इन सब के अस्तित्व पर प्रभाव पड़ रहा है तो मनुष्य कैसे बच सकता है

यह साइंस फिल्म की काल्पनिक बात नहीं है कीअब एंटार्कटिकामेंभी हीट वेव आई। माइनस 51 डिग्री सेंटीग्रेड के स्थान पर सामान्य से 40 डिग्री अधिक तापमान रहा। 200 वर्ग किलोमीटर का आइस बर्ग जो कि हजारों वर्ष में बना था चकनाचूर होकर समुद्र में मिल गया। विभिन्न स्थानों पर ग्लेशियर भयानक गति से पिघल रहे हैं और समुद्रों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। 80 करोड़ लोग समुद्र से 100 किलोमीटर की दूरी में रहते हैं।

हम क्या-क्या बचाएंगे वायु,जल,समुद्र, नदी,तालाब, मृदा,सब कुछ तो खतरे में हैद्य मनुष्य की बेलगाम गतिविधियों के कारण बाकी सब जीव जंतु भी संकट में है ही,लेकिन मनुष्य भी नहीं बचे हैं।

पर्यावरण दिवस को अधिकांश लोग केवल वृक्ष लगानासमझते हैं। वृक्षों को लगाने के बाद उनका रखरखाव व उनमें से कितने जीवित रहे, वास्तविक उपलब्धि तो वही है । हम सब जानते हैं कि बिना ऑक्सीजन के हम जीवित नहीं रह सकते और करोनाकाल में हमें वेंटिलेटर के माध्यम से यह महत्ता बहुत अच्छी तरीके से समझ आ गई है। क्या हमने ध्यान दिया कि पृथ्वी के वेंटीलेटर यानी वृक्ष हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन मुफ्त में देते हैं एक व्यक्ति को केवल 1 दिन के लिए 14,000 लीटरहवा की आवश्यकता होती है। 70 वर्ष की आयु तक जीवित रहते हुए, प्रत्येक व्यक्ति करीब उतनी ऑक्सीजन का उपयोग कर लेता है जो कि 65 वृक्ष अपने पूरे जीवन काल में देते हैं। हम में से प्रत्येक व्यक्ति ने कितने वृक्ष लगाए और उनका पालन पोषण किया

यह भी समझने की आवश्यकता है कि पर्यावरण संरक्षण का तात्पर्य केवल वृक्षारोपण तक ही सीमित नहीं है।

वायु,जल के विभिन्न स्रोत यानी नदियां, तालाब,समुद्र, ध्वनि के प्रदूषण, जैव विविधता का संरक्षण आदि सब महत्वपूर्ण व एक दूसरे से जुड़े हुए पर्यावरण के पहलू हैं।

केवल एक पृथ्वी को केवल सरकारी नीतियों व प्रशासन के माध्यम से संरक्षित नहीं किया जा सकता। विभिन्न नीतियों व योजनाओं का सफल कार्यान्वयन तभी संभव है जबकि प्रत्येक नागरिक चाहे छोटा हो या बड़ा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे, चाहे पर्यावरण हेतु अपने स्वार्थ के लिए ही।

पहल कौन करेगाअधिकांश लोग यह मानते हैं कि हम समस्या का हिस्सा है ही नहीं और निदान कोई दूसरा करेगा द्य केवल विभिन्न मुद्दों पर अन्तर्राष्टीय या राष्टीय स्तर पर चर्चा करने, जागरूकता रैली निकालने, हस्ताक्षर अभियान करने,चित्र कला प्रतियोगिता करने या केवल पर्यावरण दिवस पर एक दिवसीय कार्यक्रमों से कुछ नहीं होगा। आवश्यकता है कि हमारी जीवन शैली पर्यावरण संरक्षण की हो। हम पर्यावरण और नैतिकताके गहरे संबंध को समझें। हमारी संस्कृति में तो पेड़-पौधों पशु-पक्षियों सभी की पूजा की गई है।

सरकार की नीतियों के तहत सौर ऊर्जा पर बहुत अच्छा काम हुआ है। आधुनिक इंजन के वाहन भी आ रहे हैं और ऐसे फ्रीज व ऐ.सी. भी बिक रहे हैं जिनसे सीएफसी का दुष्प्रभाव कम हो। क्या हम केवल अपने परिवार में और अपने मोहल्ले में कुछ आदतें बदल कर केवल अपनी पृथ्वी को संजो सकते हैं

Corona महामारी ने सफलता से यह उजागर किया है कि विपदा के समय में सामूहिक ज़िम्मेदारी जागृत हो जाती है। हर व्यक्ति के कुछ करने और ना करने का भी प्रभाव होता है। इतिहास में बड़े परिवर्तन लोगों के एकजुट प्रयास से ही आए हैं। यदि हम अपनी व्यक्तिगत आदतें सहूलियत की ना रख कर अपनी पृथ्वी मां के संरक्षण हेतु रखें तो बहुत कुछ संभव है।

आसान पहल - हमें अपने बुज़ुर्गों की पीढ़ी के द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ लिया है, हमने कितने वृक्ष लगाएं और संरक्षित किए भारत में 1947 में वन क्षेत्र 19त्न था और आबादी 30 मिलियन आज वन क्षेत्र 24.1त्न है और आबादी 147.5मिलियनद्य कुछ विशेषज्ञों के द्वारा यह भी कहा गया है कि 25.17त्नके वन क्षेत्र में चाय के बागान, नारियल के प्लांटेशन आदि भी सम्मिलित हैं,जोकि वन की मूल परिभाषा में नहीं आते हैं। विकास आवश्यक है परंतु उसके एवज में जो केवल प्रतिपूर्ति वृक्षारोपण किया जा रहा है उसके बारे में यह भी सोचने की आवश्यकता है की कौन सी प्रजातियां लगाई जा रही हैंद्य वन पूरा इको सिस्टम होते हैं जिनमें वृक्षों के अलावा जल और जीव जंतु भी सम्मिलित होते हैं परंतु प्रतिपूर्ति वाले वृक्षारोपण में केवल वृक्ष ही होते हैं। हम स्वयं वृक्ष लगा सकते हैं और उनका संरक्षण कर सकते हैं क्या सरकार की संस्थाओं के द्वारा हमारी मोहल्ले में यह हमारे पार्कों में लगाए गए वृक्षों की देखभाल का दायित्व हम ले सकते हैं उनका लाभ भी तो हमे ही मिलता है जो उन वृक्षों के पास रहते या वहा घूमने जाते हैं।काग़ज के कम उपयोग और दोनों तरफ का उपयोग करने से वृक्ष बचाए जा सकते हैं। मुंबई हवाई अड्डे पर शौचालय में हाथपौछनेके लिए टिशू पेपर का उपयोग बंद कर दिया गया है जिससे कि वृक्ष बचाये जा सकें।

क्या हम प्राकृतिक रोशनी का इस्तेमाल कर सकते हैं घरों, कार्यालयों में, कमरेमें किसी के ना होने पर भी बिजली, पंखा, एसी,टीवी,कंप्यूटर चलता रहता है जो निरर्थक संसाधन का ह्रास व प्रदूषण और पृथ्वी का तापमान बढ़ाता है। अनेक स्थानों पर रात्रि में भी अनेक इमारतों पर अनावश्यक प्रकाश करने की पद्धति है। ऐतिहासिक इमारतों को छोड़कर बाकी में यह सोचने की आवश्यकता है कि वास्तव में कितनी रोशनी की ज़रूरत है। निर्माणाधीन बिल्डिंग में दिवाली की तरह जगमग रोशनी दिखती हैं।

आज हमें यह गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है कि हम अपनी पृथ्वी मां के लिए क्या कर रहे हैं जिनकी वजह से हमारा अस्तित्व है क्या हम गंदगी फैला रहे हैं,जल व अन्य संसाधनों का अपव्यय कर रहे हैं क्या हमारी गतिविधियों के कारण प्रदूषण व ग्रीन हाउस गैस,कचरे में बढ़ोतरी हो रही है

पर्यावरण के परिपेक्ष्य में सीधे बेबाक उत्तर हैं। यदि हमें इसका उत्तर मालूम है तो फिर निर्णय लेने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए कि हमें करना क्या हैद्य क्या हम अपनी व्यक्तिगत गतिविधियों की पर्यावरणीय ऑडिट यानी उनका पर्यावरण पर प्रभाव के आंकलन कर सकते हैं अब समय उम्मीद/आशा का नहीं हैद्य समय है आज से ही अपने जीवन में परिवर्तन कर कुछ करने का द्य

**(लेखिका पूर्व आईएएस अधिकारी है और पर्यावरण के क्षेत्र में 27 वर्षो से कार्य कर रही हैं।जिलाधिकारी कानपुर के कार्यकाल मेंइन के द्वारा 1,00,000 बच्चों की'बाल पर्यावरण वाहिनी' बनाई गई थी। इन के द्वारा बनाई गई फ़िल्म 'हमारी पृथ्वी हमारा घर' की स्क्रीनिंग यूनेस्को के द्वारा की गई थी। )**

अध्यात्म

# सच्ची सेवा - भावना!



एक संत ने एक विश्व-विद्यालय आरंभ किया। इस विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य था ऐसे संस्कारीयुवक-युवतियों का निर्माण जो समाज केविकास में सहभागी बन सकें।

एक दिन उन्होंने अपने विद्यालय में एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया।जिसका विषय था - 'जीवों पर दया एवं प्राणिमात्र की सेवा। ' निर्धारित तिथि को तयशुदा वक्त पर विद्यालयके कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रतियोगिता आरंभ हुई।किसी छात्र ने सेवा के लिए संसाधनों की महत्तापर बल देते हुए कहा कि हम दूसरों की तभीसेवा कर सकते हैं जब हमारे पास उसके लिएपर्याप्त संसाधन हों। वहीं कुछ छात्रों की यह भीराय थी कि सेवा के लिए संसाधन नहीं, भावनाका होना जरूरी है।

इस तरह तमाम प्रतिभागियों ने सेवा के विषयमें शानदार भाषण दिए। आखिर में जबपुरस्कार देने का समय आया तो संत ने एकऐसे विद्यार्थी को चुना, जो मंच पर बोलने केलिए ही नहीं आया था।

यह देखकर अन्य विद्यार्थियों और कुछ शैक्षिकसदस्यों में रोष के स्वर उठने लगे। संत ने सबको शांत कराते हुए बोले, 'प्यारे मित्रो वविद्यार्थियो, आप सबको शिकायत है कि मैंनेऐसे विद्यार्थी को क्यों चुना, जो प्रतियोगिता मेंसम्मिलित ही नहीं हुआ था। दरअसल, मैंजानना चाहता था कि हमारे विद्यार्थियों में कौनसेवाभाव को सबसे बेहतर ढंग से समझता है।

इसीलिए मैंने प्रतियोगिता स्थल के द्वार पर एकघायल बिल्ली को रख दिया था। आप सब उसीद्वार से अंदर आए, पर किसी ने भी उस बिल्लीकी ओर आंख उठाकर नहीं देखा। यह अकेलाप्रतिभागी था, जिसने वहां रुक कर उसकाउपचार किया और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़आया। सेवा-सहायता डिबेट का विषय नहीं, जीवन जीने की कला है। जो अपने आचरण से शिक्षा देने का साहस नरखता हो, उसके वक्तव्य कितने भी प्रभावी क्योंन हों, वह पुरस्कार पाने के योग्य नहीं है।

# आजादी के 8 दशक: पानी भी मयस्सर नहीं!

**मध्यप्रदेश हो या देश के अन्य राज्य, सभी राज्यों में पीने के पानी के लिए लोग परेशान है। अधिकतर गाँव और शहरों में लोग पीने के पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। चारों ओर भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में पीने के पानी की व्यवस्था करना आमजन के लिए एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। आइए, कुछ गाँवों और शहरों का जायजा लेते हैं। मध्यप्रदेश के आदिवासी जिले उमरिया के गाँव माली में तेज धूप में सिर पर घड़े रखे बच्ची और महिलाएँ पानी के लिए जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। इस गाँव के 900 परिवारों के बीच मात्र 1 कुँआ है, वह भी 3 किलोमीटर दूर।**




आदिवासी बच्चे और महिलाएँ और पुरूष रोज 3 किलोमीटर दूर जाते हैं, तब जाकर उन्हें पानी नसीब होता है। बूंद-बूंद पानी उनके जीवन का संघर्ष बन गया है। अब बात करते हैं, मण्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन की ! उज्जैन में अनेक मोहल्ले ऐसे हैं, जो पीने के पानी के लिए रोज संघर्ष कर रहे हैं। पिछले दिनों से मिल्कीपुरा और ढाबा रोड क्षेत्र के रहवासी पानी को लेकर परेशान हो रहे हैं। इसी प्रकार विक्रम नगर और आसपास के क्षेत्र में भी पानी की किल्लत बनी हुई है। कई बार शिकायत करने पर पानी का टैंकर आता है। इसके लिए भी रोज ही मशक्कत करनी पड़ती है। तब जाकर उन्हें पानी मुहैया हो पाता है।

इसी प्रकार नागझिरी क्षेत्र के आदर्श नगर में कई दिनों से गंदे पानी की सप्लाई की शिकायत आ रही है। उज्जैन के विक्रम नगर क्षेत्र की हालत और भी ज्यादा खराब है। यहाँ के 400 परिवार बूँद-बूँद पानी के लिए तरस रहे हैं। टैंकर के आने पर महिला और बच्चे धक्का-मुक्की के बीच पानी भरने के लिए मजबूर है। विक्रम नगर में पीने के पानी के लिए 64 लाख की लागत की पाईप लाईन मंजूर है। उसके बावजूद अभी तक नगर निगम ने काम ही शुरू नहीं किया है। आज से 7 साल पहले 2019 में विक्रम नगर में 2 करोड़ 17 लाख रूपए की लागत से पानी की टंकी बनाई गई थी। इससे विक्रम नगर, विवि कैम्पस, भर्तृहरि नगर, रेलवे कॉलोनी और 3 नम्बर नाका क्षेत्र में पानी पहुंचाना था। पाईप लाईन भी डाली गई। लेकिन रेलवे लाईन पार करने की अनुमति नहीं मिलने से बीच में ही काम अटक गया।

हाल ही में रेलवे से अनुमति मिल गई है, किन्तु पाईप लाईन डालने का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। इस कारण उक्त मोहल्लों के रहवासी पानी का संकट झेल रहे हैं। इन मोहल्ले में टैंकर आते ही पानी प्राप्त करने के लिए पाईप लेकर टूट पड़ते हैं। अब हम बात करते हैं, देश के सबसे स्वच्छ नगर इन्दौर की। इन्दौर के पालदा और सुखलिया के लोग पानी नहीं मिलने के कारण उनमें हाहाकार मचा हुआ है। पिछले दिनों इन्दौर-नेमावर रोड पर पानी के लिए धरना प्रदर्शन किया तो पुलिस उन्हें हटाने पहुंच गई। उन्हें तत्काल पानी तो नहीं मिला, किन्तु भँवर कुँआ पुलिस ने बिना अनुमति प्रदर्शन करने और रास्ता बाधित करने के मामले में 18 लोगों पर केस दर्ज जरूर कर लिया ! भारत की आजादी के 79 वें साल हो गए। लेकिन भारत-पाक बॉर्डर के आखिरी गाँव अकली और कैर कोरी में पानी का संकट जस का तस है। यहां के लोग आज भी आजादी से पहले बनी बेरियों ( छोटे कुँए ) पर निर्भर हैं। कई महिलाएं रात में बेरियों पर पहरा देती है, ताकि रिस-रिस कर जमा हुआ पानी भर सके। बॉर्डर के इन इलाकों में 700 किलोमीटर दूर से नर्मदा का पानी घर-घर तक पहुँचाने के दावे तो अनेक हुए। कागजों में टंकियां भी खड़ी कर दी गई। लेकिन हकीकत यह है कि कई घरों तक नल कनेक्शन पहुंच ही नहीं पाए।

मध्यप्रदेश के गुना शहर से केवल 15 किलोमीटर दूर भीलपुरा मोहल्ले की तस्वीर सरकारी व्यवस्थाओं की पोल खोल रही है। मोहल्ले में करीब 32 साल से बसे लगभग 20 परिवार आज भी स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हालात इतने बद्तर हैं कि ग्रामीणजन जमीन खोदकर झिर बनाते हैं और उसी गंदे पानी को कपड़े से छानकर पीने के लिए मजबूर है। यहाँ पर दूषित पानी पीने से बच्चे और बूढ़े लगातार बीमार पड़ रहे हैं। भीलपुरा पहुंचने के लिए आज भी पक्की सड़क नहीं है। गांव में जाने के लिए कच्ची सड़क और बीच में पड़ने वाले नाले को पार करना पड़ता है। बरसात के दिनों में यह रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाता है, और ग्रामीणों का सम्पर्क बाहरी दुनिया से पूरी तरह कट जाता है।

इन आदिवासियों की इस समस्या पर किसी का ध्यान नहीं है। अब हम बात करते हैं, गुजरात के चैरापूंजी की। गुजरात के बलसाड़ जिले में गुजरात-महाराष्ट्र बॉर्डर पर बसे मोटी पलसाण गाँव के बेरस्ता फलिया में पीने के पानी के लिए लोगों को आज भी जान जोखिम में डालनी पड़ती है। यहाँ करीब 45 फीट गहरे कुएं में सीढ़ी के सहारे उतरकर पानी भरना उनकी मजबूरी है। विडंबना यह है कि इस इलाके को गुजरात का चेरापूंजी कहा जाता है। फिर भी हर गर्मियों में जल संकट खड़ा हो जाता है। सरकार की करोड़ों रूपयों की एस्टोल समूह जल आपूर्ति योजना यहां फेल साबित हो रही है। गाँव में हर घर नल कनेक्शन दे दिए गए हैं। लेकिन नलों में पानी ही नहीं आता है। आजादी के 8 दशक हो जाने के बावजूद लोगों को पीने का पानी मयस्सर नहीं होना केन्द्र और राज्य सरकार दोनों के लिए शर्मनाक है। पिछले कुछ समय से केन्द्र सरकार ने नल-जल योजना शुरू की थी। यह वाकई अच्छी पहल थी, किन्तु अधिकारियों की लापरवाही से अनेक गाँव ऐसे हैं, जहाँ पाईपलाईन डल गई तो टंकी नहीं बनी। कई गांव में टंकियां बन गई तो पाईप लाईन नहीं डली। कुछ गांव में टंकी और पाईप लाईन दोनों डल गई किन्तु पंचायत और संबंधित विभाग की लापरवाही से इन नलों में पानी ही नहीं आता है। नियमित संधारण नहीं होता है। एक रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश नल-जल योजना की हालत खस्ताहाल है। इस और किसी का ध्यान नहीं है। केन्द्र और राज्य सरकार को चाहिए कि गाँव हो या शहर वहां के लोगों को नियमित रूप से पेयजल प्राप्त हो इसके लिए प्राथमिकता पर समीक्षा करते हुए कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि वहां के निवासियों को पेयजल प्राप्त हो सके।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपमें काम करने का गजब का जोश होगा। आप जो भी काम हाथ में लेंगे, उसे पूरा करने की जिद आपमें रहेगी। बस एक छोटी सी सलाह है पैसे के मामले में सुबह-सुबह ज्यादा हाथ न खोलें।

**वृषभ**
आज काम के मामले में दिन एकदम सुलझा हुआ रहेगा। आसपास भले ही कितनी भी हलचल मची हो, आप एकदम शांत रहेंगे।

**मिथुन**
आज तो आपकी बातें लोगों को खूब पसंद आने वाली हैं। आपकी बुद्धि को एकदम पैना बना रहा है। आज मीडिया, लेखन या किसी को गाइड करने जैसे कामों में आपको बहुत नाम मिलेगा।

**कर्क**
आज का दिन अच्छा और शांतिपूर्वक ही रहेगा। पिछले काफी समय से काम का जो भारी बोझ आप ढो रहे थे, वो आज कम महसूस होगा।

**सिंह**
आज जेब पर जरा लगाम लगाकर रखें। किसी को भी आज पैसा उधार देना समझदारी नहीं होगी। काम की बात करें तो आज शोर कम मचाएं और चुपचाप अपने काम को गहराई से करें।

**कन्या**
आज का दिन नेटवर्किंग का है। जितने लोगों से मिलेंगे, काम के नए मौके उतने ही खुलेंगे। आज किसी दोस्त या सहयोगी के साथ बैठकर अपने करियर पर चर्चा करें, कोई न कोई नया रास्ता निकल ही आएगा।

**तुला**
आज तो लक्ष्मी जी आप पर मेहरबान हैं। काम में अगर कोई प्रमोशन या तनख्वाह बढ़ने की बात चल रही थी, तो आज अपने बॉस से बात कर लें।

**वृश्चिक**
आज का दिन थोड़ा गहरा सोचने का है। पैसे के मामले में आज कोई बड़ा फैसला न लें, शाम तक रुक जाएं। आज कुछ नया सीखने की इच्छा होगी, तो कोई बढ़िया कोर्स या ट्रेनिंग जॉइन कर लें।

**धनु**
आज दिन बढ़ते-बढ़ते आपकी जेब की स्थिति बेहतर होती जाएगी। आज आप पूरे जोश में रहेंगे। बस आज पार्टनरशिप के कामों में थोड़ा ध्यान रखें, कागजों को दो बार चेक कर लें।

**मकर**
आज अकेले दौड़कर आप मंजिल तक नहीं पहुंच पाएंगे। काम में अगर कोई रुकावट आ रही है, तो अपने साथियों से बात करें। आज के दिन टीम के साथ मिलकर काम करना आपको जीत दिलाएगा।

**कुंभ**
आज दिमाग बहुत तेजी से दौड़ रहा है, लेकिन संभलकर! जल्दी अमीर बनने के चक्कर में आज कोई गलत कदम न उठाएं। आज अपना फोकस पेंडिंग फाइलों को निपटाने पर रखें।

**मीन**
आज आपसे अनुशासन मांग रहे हैं। आज काम में थोड़ा क्रिएटिव बनें, कुछ अलग करने की कोशिश करें। आज आप अपने काम में जो नयापन लाएंगे, लोग उसकी खूब सराहना करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### छेड़खानी केस में फरार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरवां गांव में वकील दंपति पर हुए जानलेवा हमले और छेड़खानी मामले में पुलिस ने फरार चल रहे नामजद आरोपी रितेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। रितेश, विनय सिंह का पुत्र है और सरवां गांव का ही रहने वाला है। मसौढ़ी थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि यह घटना 13 मार्च 2026 को सरवां गांव में घटी थी। इस मामले के वादी सुनील कुमार सुमन मसौढ़ी व्यवहार न्यायालय में अधिवक्ता हैं। आरोप है कि उनके पटीदारों ने ही उन पर जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में अधिवक्ता सुनील कुमार सुमन समेत कई लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। मारपीट के साथ छेड़खानी का भी आरोप है। पीड़ित की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना के पहले ही दिन आरोपी विनय सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार चल रहे दूसरे नामजद आरोपी रितेश कुमार को भी सरवां से गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### पालीगंज थाना के नए थानाध्यक्ष बने संतोष कुमार सिंह

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में संतोष कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने निवर्तमान थानाध्यक्ष सुमन कुमार से विधिवत कार्यभार संभाला। इस दौरान सुमन कुमार ने थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों से नए थानाध्यक्ष का परिचय कराया। कार्यभार हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सुमन कुमार अपने नए पदस्थापन स्थल गौरीचक थाना में थानाध्यक्ष के रूप में योगदान देने के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की। वहीं नए थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह का स्वागत करते हुए बेहतर पुलिसिंग की उम्मीद जताई।

### एएसपी कोमल मीणा ने की थानाध्यक्षों के साथ मीटिंग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-01 सुश्री कोमल मीणा ने बुधवार को क्षेत्र के सभी थानाध्यक्षों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में हाल में दर्ज हुए मामलों और पूर्व से लंबित कांडों के अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा की गई। एएसपी ने अनुसंधान में तकनीकी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का अधिकतम उपयोग करने पर जोर दिया। गंभीर एवं जघन्य कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही वाहन चेकिंग, रात्रि गश्ती बढ़ाने, फरार-वांछित अभियुक्तों को जल्द गिरफ्तार करने का आदेश दिया।अवैध हथियार, शराब और मादक पदार्थों की बरामदगी पर विशेष अभियान चलाने को भी कहा गया। एएसपी ने कहा कि अपराध नियंत्रण में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।मौके पर सभी थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।



### पीपी पब्लिक स्कूल की अनामिका ने जी एडवांस्ड में लहराया परचम



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरनी स्थित प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल की छात्रा अनामिका कुमारी ने खएए एडवांस्ड जैसी कठिन परीक्षा में बाजी मारकर स्कूल और अनुमंडल का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। हाल में घोषित परिणाम में अनामिका ने सफलता हासिल की है। अनामिका ने इसी विद्यालय से 10वीं और 12वीं की परीक्षा भी पास की थी। पीपी शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉ. अभिराम शर्मा ने कहा- अनामिका की सफलता से पूरा विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। ऐसी प्रतिभाएं देश का नाम रोशन करती हैं और समाज के लिए प्रेरणा बनती हैं। यह उसके सतत प्रयास का फल है। एकेडमिक डायरेक्टर अक्षय आनंद ने बताया- अनामिका साधारण पृष्ठभूमि से आती है, लेकिन मेहनत और लगन से इस मुकाम तक पहुंची है। हमें भरोसा है कि यहां से निकलकर ये छात्र देश-विदेश में परचम लहराएंगे। उन्होंने माता-पिता को बधाई दी।इस मौके पर सुभाष चंद्र बोस, सुबोध कुमार, आरएस मिश्रा, प्रभास कुमार समेत सभी शिक्षक मौजूद थे।

### मोकामा प्रखंड के तीन थानों में नए थानाध्यक्षों ने संभाला पदभार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के हाथीदह, मरॉची और पचमहला थानों में बुधवार को नए थानाध्यक्षों ने कार्यभार संभाल लिया। हाल ही में सोनू-मोनू के घर पुलिस तलाशी प्रकरण के बाद बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है।हाथीदह थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में अभिषेक कुमार ने पदभार ग्रहण किया।पचमहला थाना में विनोद कुमार ने थानाध्यक्ष का पद ग्रहण किया।मरॉची थाना में रौशन कुमार ने थानाध्यक्ष के रूप में कमान संभाली।सोनू-मोनू के घर पर पुलिस की तलाशी मामले में लापरवाही बरतने पर हाथीदह थानाध्यक्ष रंजन कुमार और पचमहला थानाध्यक्ष कुंदन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था।वहीं मरॉची के पूर्व थानाध्यक्ष अवधेश कुमार का तबादला पुलिस केंद्र कर दिया गया है। मंगलवार को आयोजित विदाई समारोह में मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान अवधेश कुमार की कार्यशैली की सराहना की गई।

### 51वीं बरसी पर भाकपा माले की स्मृति सभा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा माले की ओर से बुधवार को घोरहुआ के 15 शहीद साथियों की 51वीं बरसी पर स्मृति सभा का आयोजन किया गया। मसौढ़ी के घोरहुआ, धनरूआ के मधुबन और पुनपुन के डिहरी में संकल्प सभा हुई। सबसे पहले तीनों जगहों पर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि दी गई। घोरहुआ में सभा की अध्यक्षता भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य व खेत मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष कामरेड नागेश्वर पासवान ने की। पुनपुन के डिहरी में प्रखंड सचिव मोहन तथा धनरूआ के मधुबन में प्रखंड सचिव अक्लू पासवान ने अध्यक्षता की। सभा को भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य सह पटना जिला ग्रामीण पश्चिमी के जिला सचिव कामरेड अमर, केंद्रीय कमेटी सदस्य व फुलवारी के पूर्व विधायक कामरेड गोपाल रविदास और राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार ने संबोधित कर कहा की बिहार में भाजपाई बुलडोजर राज के खिलाफ जन प्रतिरोध विकसित करना और सामंती, सांप्रदायिक, कॉरपोरेट परस्त व साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ाई को तेज करना ही 15 शहीद साथियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।घोरहुआ में सत्यानंद पासवान, विनेश चौधरी, संजय पासवान, कपिल पासवान, प्रखंड सचिव राकेश कुमार, डिहरी में आनंदी पासवान, विजय केवट समेत दर्जनों और मधुबन में वीरेंद्र प्रसाद, दीपक पासवान, रामजीवन पासवान, श्याम वर्मा, महेंद्र पासवान, रंजय बिंद समेत कई लोग मौजूद थे।



### नियमित टीकाकरण 12 गंभीर बीमारियों की ढाल

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी ब्लॉक सभागार में बुधवार को पीसीआई द्वारा GAVI Zero Dose कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए विकास मित्रों एवं टोला सेवकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। पीसीआईके की जिला समन्वयक संस्कृति भारद्वाज ने प्रतिभागियों को टीकाकरण के महत्व, छूटे हुए बच्चों की पहचान और समय पर टीका सुनिश्चित करने की जानकारी दी। ढकइउ मसौढ़ी इमाम जी ने बताया कि नियमित टीकाकरण से बच्चों को 12 गंभीर बीमारियों से सुरक्षा मिलती है। उन्होंने सभी से क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और छूटे बच्चों को टीकाकरण से जोड़ने की अपील की। बीडब्ल्यूओ मसौढ़ी आनंद जी भी प्रशिक्षण में शामिल हुए। उन्होंने गिफ जीरो डोज कार्यक्रम को सफल बनाने और टीकाकरण अभियान में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दियाप्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने क्षेत्र में टीकाकरण कवरेज बढ़ाने और हर बच्चे तक टीका पहुंचाने का संकल्प लिया।



# पैक्स चुनाव: कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से भदौरा पैक्स के लिए वोटिंग

## चार प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर ,वोटर हुए साइलेंट

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पैक्स चुनाव को लेकर नगर परीषद मसौढी के भदौरा में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपुर्ण तरीके से मतदान हुआ,, जहां से सुबह से ही लंबी लाइन लगाकर मतदान केंद्र पर मतदाताओ ने वोट किया, हलांकि महिला मतदाताओं में काफी उत्साह देखते बना, पुरुषों के अपेक्षा महिलाओं ने संख्या में बढ़-चढ़कर वोट किया।चुनाव को लेकर चार मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां मतदाताओ की संख्या 2672 है। वोट दे रहे हैं, मतदाताओं से बात की तो उन्होंने कहा कि जो किसानों के लिए काम करेंगे, उन्हें ही हम चुनने जा रहे हैं। उन्हें ही हम वोट देंगे।वहीं उम्मीदवारों ने भी दावा किया है, किसानों के लिए हमने काम किया है और करेंगे।सभी मतदाता हमारे पक्ष में वोट कर रहे हैं। बहरहाल नगर परिषद क्षेत्र के भदौरा में पैक्स चुनाव में इस बार रोचक मुकाबला के साथ उम्मीदवारों के बीच आमने-सामने की टक्कर है और कड़े मुकाबले के साथ इस बार वोटिंग हो रही है।वोटिंग कर रहे मतदाताओं की माने तो जो किसानों के लिए काम करेगा. उसी को वोट मिलेगा और इस बार सिर्फ आश्वासन नहीं काम करना होगा।इस बार का चुनाव काफी दिलचस्प होने वाला है। दरअसल पिछले बार जब चुनाव हुआ था तो महज कम वोटो के अंतर में दोनों उम्मीदवारों के बीच जीत हार हुई थी।लेकिन बाद समिति का गठन नहीं हो पाया था,जिसके कारण उसे भंग कर दी गई थी, जिसमें नागेश्वर शर्मा और लक्ष्मण पांडे में महज 85 वोटो के अंतर से हार जीत हुई थी लेकिन उनके कार्यकारिणी सदस्य नहीं जीत पाए गए थे, जिस वजह से समिति का गठन नहीं हुआ और अन्य कार्यकारी सदस्य ने इस्तीफा दे दिया था ,इसी कारण चुनाव को रद्द कर दिया गया था। ऐसे मे इस बार जीते हुए उम्मीदवार को उम्मीद है कि इस बार भी हम परचम लहराएंगे.अब देखना होगा कि वोटिंग में किसानों का मत किसके पक्ष में गिरता है. कौन किसानों का रहनुमा बनेगा. इस बार चार उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं, जिसमें नागेश्वर प्रसाद सिंह, लक्ष्मण पांडे पवन कुमार और रामदुलार सिह,एक दूसरे को टक्कर दे रहे हैं। जिसमें पवन कुमार और रामदुलार सिंह आपस में पिता पुत्र हैं।.सभी उम्मीदवारों के अपने-अपने दावे हैं।जिसको लेकर यह चुनाव चतुष्कोणीय संघर्ष का हो गया है।





## 'वर्दी वाली टीचर' खुशबू खातून की सम्मान विदाई, लहसुना थानाध्यक्ष ने बेटियों को बांटे थे सेनेटरी पैड-किताबें



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना की निवर्तमान थानाध्यक्ष खुशबू खातून का बुधवार को भव्य विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। 'वर्दी वाली टीचर' के नाम से मशहूर खुशबू खातून ने अपने कार्यकाल में सैकड़ों बेटियों को सेनेटरी पैड बांटे। ईंट भट्ठों पर काम करने वाली महिलाओं के बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया और किताब-कॉपी वितरित की। थाने में बैठकर बच्चों को पढ़ाती भी थीं।तबादले के बाद थाने में हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके सामाजिक कार्यों की जमकर सराहना की। लोगों ने नम आंखों से कहा- आपके काम को भूलना आसान नहीं।मौके पर नए थानाध्यक्ष विक्रम कुमार ने योगदान दिया। उनका भी सम्मान किया गया। खुशबू ने कहा की मैं कहीं भी रहूं, लहसुना थाना क्षेत्र की जनता मेरे दिल में रहेगी।समारोह में शिक्षाविद् राहुल चंद्र, मुखिया पिंकू सिंह, मुखिया, चंदन भारती, रूबेल रविदास, भाजपा नेता संजय केसरी, अजित पांडे, संतोष अनमोल मसूद राजा समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## विश्व साइकिल दिवस पर स्कूल की बेटियों की उड़ान

शशि तुलस्यान

### उम्मीदों को लगे पंख, घर घर पहुंच रही शिक्षा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व साइकिल दिवस के मौके पर संयुक्त राष्ट्र ने 2018 में इसे मान्यता दी थी, और आज ये दिन उन लाखों स्कूल जाने वाली बेटियों का भी है जिनके लिए साइकिल सिर्फ एक वाहन नहीं, बल्कि आजादी और शिक्षा की चाबी बन गई है।सुबह-सुबह गांव की पगडंडियों पर साइकिल चलाती स्कूली लड़कियों का ग्रुप शॉट। स्कूल बैग टंगा है, चेहरे पर मुस्कान।ये तस्वीरें मसौढ़ी के जगपुरा के उच्च माध्यमिक स्कूल की है। जहां कभी लड़कियों का स्कूल जाना मुश्किल था, आज साइकिल की घंटी उनके हौसलों की गूंज बन गई है। बिहार सरकार की ह्यमुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजनाह्न ने हजारों बेटियों को पंख दिए हैं।स्कूल के गेट पर साइकिल स्टैंड में कतार से लगी दर्जनों साइकिलें। पहले 3 किलोमीटर पैदल जाना पड़ता था। थक जाते थे, कभी-कभी छुट्टी कर लेते थे। अब साइकिल से 15 मिनट में स्कूल पहुंच जाते हैं। अब पढ़ाई नहीं छूटती।लड़कियां साइकिल चलाते हुए आपस में बात करती हुई, हंसती हुई।साइकिल ने सिर्फ दूरी कम नहीं की, ड्रॉपआउट रेट घटाया है। लड़कियों में आत्मविश्वास बढ़ा है। अब ये अपनी मर्जी से ट्यूशन भी जाती हैं, बाजार भी। साइकिल इनकी सहेली बन गई है। जगपुरा उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि इन लड़कियों के लिए यह साईकल केवल एक लोहे का ढांचा नहीं बल्कि एक बदलाव की ब्यार है। हमारे स्कूल में लड़कियों की संख्या दोगुनी हो गई है। 80% लड़कियां साइकिल से आती हैं। समय पर आती हैं। उनकी उपस्थिति 95% से ऊपर रहती है। साइकिल ने शिक्षा को घर-घर पहुंचाया है। स्कूल की छात्राओं में नेहा कुमारी, शोभा कुमारी, रूपा कुमारी, खुशी कुमारी, वर्षा रानी, शिवानी कुमारी, काजल कुमारी, रोशनी सुजाता आदि ने कहा की ये सिर्फ दो पहिए नहीं हैं। ये हैं आत्मनिर्भरता के पहिए। ये हैं बराबरी के पहिए। जब एक लड़की साइकिल चलाना सीखती है, तो वो सिर्फ सड़क नहीं नापती, वो अपनी जिंदगी की दिशा खुद तय करती है। और आज विश्व साइकिल दिवस पर ये बेटियां पूरे समाज को यही संदेश दे रही हैं- हमें रोकना मत, हमें चलने दो।



## नवादा में असफल प्रयास के बाद पटना में एंडोस्कोपी से निकाला गया मरीज के पेट में फंसा टूथब्रश

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में एक दुर्लभ एवं चुनौतीपूर्ण मामले का सफल उपचार किया गया। 61 वर्षीय श्री सीताराम यादव के पेट से एंडोस्कोपी की सहायता से टूथब्रश सफलतापूर्वक निकाला गया। जानकारी के अनुसार, ब्रश करते समय असावधानीवश टूथब्रश उनके गले के रास्ते पेट में पहुंच गया। इसके बाद मरीज को परेशानी होने लगी और उपचार के लिए पहले नवादा के एक स्थानीय अस्पताल में प्रयास किया गया, लेकिन टूथब्रश को निकालने में सफलता नहीं मिली। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मरीज को आगे के उपचार के लिए बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, पटना लाया गया। यहां जांच के बाद गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार एवं उनकी टीम ने एनेस्थीसिया की निगरानी में यूजीआई एंडोस्कोपी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। प्रक्रिया के दौरान बिना किसी बड़ी सर्जरी के मरीज के पेट से टूथब्रश को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया। सफल प्रक्रिया के बाद मरीज की स्थिति सामान्य एवं स्थिर है तथा उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। डॉ. पंकज ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा गलती से कोई बाहरी वस्तु निगल ली जाती है, तो तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। समय पर जांच और एंडोस्कोपिक उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।



## बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय में विश्व अंडा दिवस का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विवि के अंतर्गत बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पटना में पशुधन उत्पादन एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विश्व अंडा दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में अंडे के पोषण मूल्य, स्वास्थ्य लाभ तथा पोल्ट्री क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पशुधन उत्पादन एवं प्रौद्योगिकी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा कुमारी ने कहा कि अंडा उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन, विटामिन एवं खनिजों का उत्कृष्ट स्रोत है तथा इसके प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि अंडा मानव पोषण का एक महत्वपूर्ण आधार है और कुपोषण से लड़ने में इसकी बड़ी भूमिका है। भारत जैसे विशाल देश में संतुलित एवं सस्ते पोषण की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है, जिसका प्रभावी समाधान अंडे जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों के व्यापक उपयोग से किया जा सकता है। युवाओं को वैज्ञानिक पोल्ट्री प्रबंधन अपनाकर उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. निर्मल सिंह दहिया ने पोल्ट्री पालन के माध्यम से स्वरोजगार की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे ग्रामीण युवाओं एवं किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सकती है। निदेशक अनुसंधान डॉ. एन. के. सिंह ने महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि अंडे को 'आलू का दर्जा' प्राप्त है। जिस प्रकार आलू लगभग हर प्रकार के भोजन में उपयोगी है, उसी प्रकार अंडा भी पोषण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं बहुपयोगी खाद्य पदार्थ है। इस अवसर पर निदेशक आवासीय निदेश एवं अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर शिक्षा डॉ. पंकज कुमार सिंह, बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पल्लव शेखर ने भी अंडे के महत्व को वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर समझाया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, वैज्ञानिक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने श्यामनंदन कुमार यादव

### मिल रही बधाई और शुभकामनाएं



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा ने ग्राम चौड़ा (खुसरूपुर) निवासी श्याम नंदन कुमार यादव को संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। श्याम नंदन कुमार यादव लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहे हैं। श्यामनंदन खेती-किसानी और किसान मजदूरों की समस्याओं से लगातार रूबरू होते हुए उनके निदान की कोशिशों में जुटे रहते हैं। खेतों की हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी उनकी विशेष रुचि रही है। किसान हितों की आवाज को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने के उनके प्रयासों को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद श्याम नंदन ने किसानों की मूलभूत जरूरतों को लेकर बिहार और केंद्र सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि खेती को लाभकारी बनाने के लिए सस्ती सिंचाई योजना को हर खेत तक पहुंचाना जरूरी है। इसके साथ ही किसानों को जैविक खाद, यूरिया, डीएपी और फॉस्फेट की प्रचुर और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।उन्होंने मिट्टी जांच, गुणवत्तापूर्ण बीजों की आपूर्ति भी खेती की उत्पादकता बढ़ाने के लिए अनिवार्य रूप से लागू करने की मांग की है। श्याम नंदन ने बाढ़, सुखाड़ और ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं में फसल खराब होने पर कृषकों को मुआवजे की त्वरित कार्यवाही करने की भी मांग उठाई, ताकि किसान आर्थिक संकट से बच सकें।

**बधाई देने वालों में शामिल:**

श्याम नंदन की इस नई जिम्मेदारी पर जाट महासभा के राष्ट्रीय सचिव चौधरी उत्तम सिंह बाल्यान, राजद नेता सुभाष पोद्दार, वरीय मीडिया कर्मी व साहित्यकार डॉ. राजीव कुमार नयन, मुखिया प्रतिनिधि नीतीश कुमार यादव और हिलसा के सामाजिक कार्यकर्ता जलेन्द्र कुमार यादव सहित उत्तर प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि श्याम नंदन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने से बिहार के किसानों और खेत मजदूरों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा।

## स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद नाइट क्रिकेट मेमोरियल फाइनल मैच में सूरज ने रोहित की 35 रनों से हराया

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खगौल में स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाल चौक खगौल में लगभग 07 दिनों से चलने वाले टूर्नामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले आज फाइनल मुकाबले में सूरज 11 ने रोहित 11 को 35 से हराया। विजेता टीम को भाजपा नेता रवि भूषण बेला यादव ने विजेता टीम को 1.00000/ का पुरस्कार राशि वितरण किया । वही दूसरी ओर उपविजेता टीम को नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राहुल देव, आयोजनकर्ता राजीव कुमार उर्फ मोनू,मुख्य सहयोगी चंदू प्रिन्स ने संयुक्त रूप से 41000/ का पुरस्कार राशि वितरण किया।। वही दूसरी ओर मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार,प्रदेश प्रवक्ता राहुल देव मुख्य सहयोगी चंदू प्रिन्स के हाथों दिया गया । भाजपा नेता रवि भूषण उर्फ बेला, नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार ऑर्गेनाइजर मोनू कुमार , वार्ड पार्षद पिंटू कुमार,मुख्य सहयोगी चंदू प्रिन्स ने कहा खगौल में इसी तरह का आयोजन हमेशा होते रहना चाहिए। मुझे जो सहयोग होगा वह मैं हमेशा करता रहूंगा। खगौल की जनता के लिए कि क्यों की खगौल के लोग क्रिकेट में काफी रुचि रखते हैं।



## सरकार के 'मेड इन इंडिया' अभियान को बढ़ावा देने के लिए पेश किए गए प्रोफेशनली मैनेज्ड बैंक्वेट

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रिज्म के स्वामित्व वाले वेडिंग्ज ने पटना में दो नए कंपनी सर्विस्ड बैंक्वेट शुरू किए हैं। इसके साथ ही, कंपनी ने देश के तेजी से बढ़ते वेडिंग और इवेंट बाजार में पारदर्शिता, भरोसेमंद सेवाओं और प्रोफेशनली मैनेज्ड अनुभव उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। इस पोर्टफोलियो में सिटी स्क्वैयर बैंक्वेट एंड क्लब हाउस और द पार्टी लाउंज शामिल हैं। यह लॉन्च वेडिंग्ज के कंपनी सर्विस्ड बैंक्वेट मॉडल के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह एक प्रोफेशनली मैनेज्ड मॉडल है, जिसमें वेडिंग्ज बैंक्वेट की सेल्स, रेवेन्यू मैनेजमेंट, गेस्ट एक्सपीरियंस, मार्केटिंग, वेंडर कोऑर्डिनेशन और पूरे इवेंट एग्जीक्यूशन की जिम्मेदारी एंड-टू-एंड संभालता है, ताकि ग्राहकों को बेहतर और व्यवस्थित अनुभव मिल सके। यह पहल बैंक्वेट इंडस्ट्री से जुड़ी ग्राहकों की कई पुरानी परेशानियों को दूर करने की दिशा में काम करती है। इनमें अलग-अलग कीमतें बताने, छिपे हुए खर्च, बार-बार मोलभाव की जरूरत, आखिरी समय पर सेवा से जुड़ी दिक्कतें और खाने या डेकोर की गुणवत्ता को लेकर अनिश्चितता जैसी समस्याएं शामिल हैं। वहीं, बैंक्वेट मालिकों को भी बेहतर मैनेजमेंट और स्टैंडर्ड प्रोसेस के जरिए बेहतर ऑपरेशनल एफिशिएंसी, इन्वेंट्री के सही उपयोग, बाजार में बेहतर पहचान और रेवेन्यू बढ़ाने में मदद मिलती है। इस पहल के बारे में बात करते हुए, वेडिंग्ज के बिजनेस हेड आदित्य शर्मा ने कहा, वेडिंग और सामाजिक आयोजनों के लिए पटना तेजी से एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में उभर रहा है।

## 3 लाख का इनामी अपराधी भोला सिंह बाढ कोर्ट में पेश, कड़ी सुरक्षा में भेजा गया जेल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीरियल अपराध कर पुलिस की नाक में दम करने वाले पंडारक निवासी कुख्यात बदमाश भोला सिंह को पुलिस ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता जेल से लाकर मंगलवार को बाढ़ कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया है। उस पर हत्या, रंगदारी अवैध हथियारों की तस्करी और अपहरण जैसे संगीन मामलों की लंबी फेहरिस्त है। फिलहाल वह बाढ़ अनुमंडल के विभिन्न थानों में दर्ज 11 मुकदमों में अभियुक्त है। जिला प्रशासन ने उसे भगोड़ा घोषित करते हुए गिरफ्तारी पर 3 लाख का इनाम रखा था। वह करीब 12 वर्षों तक बिहार पुलिस के आंख में धूल झोंक कर फर्जी नाम से छिप कर रह रहा था। पेशी के दौरान बंगाल पुलिस और स्थानीय पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। बाढ पुलिस की टीम ने 13 मई को भोला सिंह को लाने का प्रयास किया था ।लेकिन कोलकाता की अदालत ने उस पर लंबित मुकदमों की स्टेटस मांगी थी। पुलिस ने भोला सिंह पर चल रहे बाढ़ में विभिन्न मुकदमों के ट्रायल का स्टेटस उपलब्ध कराया। कोर्ट द्वारा मंजूरी मिलने के बाद उसे ट्रेन से हाथीदह स्टेशन लाया गया। इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच वाहन से बाढ़ थाने में रखा गया। मंगलवार को करीब 10:00 बजे उसे कोर्ट में पेश किया गया ।करीब 3 घंटे तक कोर्ट में विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं के बाद उसे बाढ़ जेल में भेजा गया। इस दौरान काफी संख्या में भोला सिंह के समर्थक मौजूद थे ।काले चश्मे और सफेद क्रिच वाले शर्ट में भोला सिंह ने मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया। हालांकि उसके समर्थकों ने बताया कि जेल जाने के बाद भोला सिंह मोकामा विधानसभा में बाहुबली विधायक अनंत सिंह के खेमे के खिलाफ चुनावी अभियान शुरू करने वाला है। इससे सियासी अदावत की नई शुरूआत होने की संभावना है ।सीआरपीएफ में भोला सिंह ने कमांडो की ट्रेनिंग ली थी। उसके बाद से उसने नौकरी छोड़ दी। विभाग ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। इसके बाद भोला सिंह ने गांव से ही एक बम धमाके से अपनी अपराध की तिजारत की शुरूआत की। हत्या से लेकर लेवी मांगने तक का सफर पूरा किया ।इस दौरान मोकामा के चर्चित विधायक अनंत सिंह से भी उसकी खूब अदावत चली थी। कई हत्याओं में वांछित भोला सिंह कानून की पकड़ से दूर होने के लिए बंगाल के बाद सूरत भाग गया था। हालांकि 14 अप्रैल को कोलकाता की सीबीआई टीम ने उसे गुजरात से पकड़ लिया। जब वह फर्जी नाम से रह रहा था। कुख्यात अपराधी भोला सिंह के जेल भेजे जाने के बाद पुलिस ने उसके तमाम कनेक्शन को लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



# 16 प्रखंडों में आयोजित सहयोग शिविरों में 1609 आवेदनों का निष्पादन

## प्रभारी सचिव ने प्राणपुर, मनसाही तथा मनिहारी प्रखंड के शिविर का लिया जायजा

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामान्य प्रशासन विभाग बिहार सरकार के निर्देश पर आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान को लेकर जिले के सभी प्रखंडों के एक पंचायत में पंचायत स्तरीय सहयोग शिविरद्ध का आयोजन किया गया।जिसमें प्राप्त कुल 1721 आवेदनों में 1609 का निष्पादन कर दिया गया है।यह जानकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अभिषेक रंजन ने दी। उन्होंने बताया कि जिले के प्रभारी सचिव सह मुख्य सचिव पथ परिवहन विभाग राजकुमार ने प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत बस्तौल पंचायत सरकार भवन, मनसाही प्रखंड अंतर्गत चितौरिया पंचायत सरकार भवन और मनिहारी प्रखंड अंतर्गत बाघमारा पंचायत सरकार भवन में आयोजित




सहयोग शिविर का विधिवत उद्घाटन किया।इस अवसर पर प्रभारी जिला पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी भी साथ रहे। शिविर को संबोधित करते हुए प्रभारी सचिव ने कहा कि यह सहयोग शिविर जनता और सरकार के बीच एक सेतु का कार्य कर रहा है। आमजनों की समस्या का समाधान इस शिविर के माध्यम से 30 दिनों के भीतर निश्चित रूप से कराया जा रहा है।इस क्रम में प्रभारी सचिव ने लोगों को उनकी समस्या का निष्पादन हो जाने संबंधित प्रमाण-पत्र भी अपने हाथों से प्रदान करते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। प्रभारी जिला पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता डॉ. विनोद कुमार ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का निदान कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी नागरिक की परेशानी को 30 दिनों के अंदर दूर किया जाएगा।शिविर हेतु आवेदन 30 दिन पूर्व से ही लिए जा रहे थे। पूरे जिले में एक माह में प्राप्त कुल 1721 आवेदनों में से 1609 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है। वहीं शेष आवेदनों को भी शीघ्र निष्पादित कर सेवा संवाद समाधान पोर्टल पर अपडेट करने का निर्देश प्राप्त हुआ है।शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना तथा समयबद्ध निवारण सुनिश्चित करना है। शिविर में राजस्व से संबंधित दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र; सरकारी योजनाओं में आवास, पेंशन, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, लेबर कार्ड, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, मुख्यमंत्री परिवहन योजना, वाहन अनुज्ञप्ति, दुर्घटना अनुग्रह अनुदान, आपदा अनुग्रह अनुदान, प्रमाण पत्र में आय, जाति, निवास एवं अन्य प्रमाण पत्रों का वितरण, पुलिस विभाग से संबंधित मामलों में शिकायत, एफआईआर, पारिवारिक विवाद, चरित्र सत्यापन, महिला सुरक्षा के अलावे केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी नागरिकों को प्रदान की जाती है। सहयोग शिविर के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों की अनिवार्य उपस्थिति का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने आमजनों से सहयोग शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है। शिविरों के निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त अमित कुमार , जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अभिषेक रंजन ,अनुमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न सिंह यादव तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर विशाल आनंद व मनिहारी विनोद कुमार सहित संबधित विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### अतिरिक्त कोच बढ़ने से यात्रियों को मिलेगी राहत

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यात्रियों की बढ़ती भीड़ और आरक्षित सीटों की मांग को देखते हुए रेलवे ने रांची-गोड्डा-रांची एक्सप्रेस ट्रेनों में स्थायी रूप से अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। रेलवे के इस फैसले से यात्रियों को अधिक सीटें उपलब्ध होंगी तथा यात्रा पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक होगी। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार रांची-गोड्डा-रांची एक्सप्रेस में तीन एसी थ्री-टियर तथा एक स्लीपर श्रेणी का अतिरिक्त कोच स्थायी रूप से जोड़ा जाएगा। यह व्यवस्था 6 जून से रांची और 7 जून से गोड्डा से प्रभावी होगी। कोचों की संख्या बढ़ने के बाद यह ट्रेन अब 17 के बजाय 21 कोचों के साथ संचालित होगी। वहीं रांची-गोड्डा-रांची एक्सप्रेस में भी दो अतिरिक्त एसी थ्री-टियर कोच लगाए जाएंगे। यह व्यवस्था 5 जून से रांची तथा 6 जून से गोड्डा से लागू होगी। इसके बाद इस ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे, जबकि वर्तमान में यह 20 कोचों के साथ संचालित हो रही है।डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि अतिरिक्त कोचों के जुड़ने से आरक्षित सीटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलने में आसानी होगी और भीड़भाड़ के दौरान यात्रा करने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी।

### पेपर लीक के खिलाफ कांग्रेस ने निकाला विरोध मार्च

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बढ़ती महंगाई और प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जमालपुर शहर में जोरदार विरोध मार्च निकाला। नगरध्यक्ष साईं शंकर के नेतृत्व में धर्मशाला रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुआ मार्च बराट चौक, शनि मंदिर, अवंतिका मोड़ होते हुए जुबली वेल चौक तक पहुंचा। कार्यकर्ताओं के हाथों में महंगाई डायन खाय जात है, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो, पेपर लीक बंद करो नीति नहीं तो गद्दी छोड़ दो,



महंगाई की मार युवा बेरोजगार, मोदी तेरे शासन में आग लगी है राशन में लिखे तख्तियां एवं पोस्टर थी।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश मिश्रा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष ईबीसी डॉ सुरेश प्रसाद ने कहा कि पेट्रोल डीजल व रसोई गैस पर एक्साइज ड्यूटी घटाकर महंगाई कम की जाए। पेपर लीक रोकथाम के लिए सख्त केंद्रीय कानून बनाया जाए। शिक्षा माफिया और पेपर लीक गिरोह की संपत्ति जप्त कर स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हो।जुलूस में चंदन कुमार,दीपक दास,सिद्धेश्वर नाथ विश्वकर्मा, कमलेश्वरी मंडल, चंदन कुमार, लाल बाबू प्रसाद, अरविंद कुमार, राजकुमार रजक, विपिन कुमार सिन्हा, ओम प्रकाश साह, निरंजन प्रसाद तिवारी, चंद्रशेखर चौरसियाआदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जॉब कैम्प सह कैरियर मार्गदर्शन कैम्प 6 जून को

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थित जिला नियोजनालय के कैंपस में 06.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप - सह -कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है । इस जॉब कैम्प में 'उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक' द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन कैशियर / फील्ड ऑफिसर पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता 12 वीं एवं ग्रेजुएट पास आवश्यक है, उम्र पुरुष 18-32 वर्ष निर्धारित है। जॉब का कार्यस्थल पूर्वी चम्पारण / सिवान / गोपालगंज जिलों में होगा और मानदेय 10476 से 16113 रु निर्धारित किया गया है। साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी जैसे - इंसेंटिव, पीएफ, मेडिकल, फ्यूल, ग्रेज्युएटिटी ' इस जॉब कैंप मे कुल - 150 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। अभ्यर्थी अपने रिज्यूम बॉयोडाटा, मूल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो के साथ जिला नियोजनालय के कैंपस में रोजगार कैम्प में प्रातः 11:00 उपस्थित हो सकते हैं ।

### जमुनी पुल के पास शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना क्षेत्र अंतर्गत सैनिक रोड स्थित जमुनी पुल के पास पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान रविन्द्र



महतो पिता चनर महतो, निवासी छौनी बाजार, थाना छौनी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से 300 एमएल की 90 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब बरामद की। जब्त शराब की कुल मात्रा 27 लीटर बताई गई है। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत अग्रिम कानूनी कार्रवाई की गई है। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### कांग्रेस आश्रम में प्रखंड कांग्रेसियों की बैठक

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कांग्रेस आश्रम श्यामपुर बाजार के प्रांगण में मंगलवार के दिन 12,30 बजे प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक संपन्न हुई जिसका अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनील कुमार गुप्ता ने की, वहीं इस बैठक में जिला के मनोनीत मुख्य अतिथि पर्यवेक्षक पूर्व प्रधानाध्यापक मदन प्रसाद कुशवाहा उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक मंत्र दिए, प्रखंड क्षेत्र से पहुंचे दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने संगठन मजबूती पर अपना विचार व्यक्त किये,इस बैठक में उपाध्यक्ष मदन प्रसाद यादव, मोहम्मद आशिक मियां महासचिव फैजुल्ला मियां, शिवशंकर राम कोषाध्यक्ष, रामबाबू सिंह प्रखंड अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष, मोहम्मद फिरोज आलम,रतन साह, शिवजी प्रसाद,मैनेजर यादव, मनोज पासवान, अम्बिका पासवान, रामप्रवेश, मोहम्मद गफ्फार, मुकेश गुप्ता,लालबाबू साह, उज्ज्वल कुमार सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे कांग्रेस के द्वारा चलाए जा रहे संगठन सिरीजन अभियान को हर हाल में 3जून 2026 को पूर्ण कर जिला अध्यक्ष को समर्पित कर दिया जाएगा।

### चलते-चलते आग का गोला बनी पल्सर

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अगर आप भी इस प्रचंड गर्मी में अपनी बाइक धूप में घंटों खड़ी रखते हैं तो यह खबर आपके लिए चेतावनी है। कटिहार शहर में भीषण गर्मी के बीच एक पल्सर बाइक अचानक आग का गोला बन गई और शहीद चौक ओवरब्रिज पर अफरा-तफरी मच गई।मिरचाईबाड़ी निवासी इकलाख आलम अपने साथी शाहनवाज आलम के साथ बाइक से शहीद चौक की ओर जा रहे थे। तभी बाइक के इंजन के पास अचानक स्पार्क हुआ। पहले हल्का धुआं निकला लेकिन कुछ ही सेकंड में आग की लपटों ने पूरी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। सड़क पर दौड़ती बाइक को जलता देख दोनों युवकों के होश उड़ गए। उन्होंने फौरन बाइक छोड़कर अपनी जान बचाई।

### घर से निकली दो नाबालिग लड़की नई दिल्ली स्टेशन से बरामद

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के तरैया थाना क्षेत्र से गत शनिवार को विद्यालय के लिए घर से निकली दो नाबालिग लड़की को रेलवे सुरक्षा बल ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से बरामद किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंधरबाड़ी डुमरी गांव निवासी मनीषा कुमारी ने शनिवार की सुबह अपनी सहेली किशुनपुर निवासी खुशबू कुमारी को फोन कर मैकडोनाल्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवरिया आने के लिए बुलाया था। दोनों छात्रा विद्यालय का समय खत्म होने पर अपने घर को वापस नहीं लौटी थी। जिसकी खोज करने के साथ ही परिजनों ने इस मामले की सूचना थाना पुलिस को दी थी। जिसके बाद रेलवे सुरक्षा बल ने तरैया थाना पुलिस से सम्पर्क कर पूरी घटना की जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि तरैया थाना पुलिस ने दोनों छात्रा के परिजनों को इस मामले की सूचना दी। जिसके बाद दोनों छात्रा के परिजन उन्हें दिल्ली से वापस लाने के लिए नई दिल्ली के लिए प्रस्थान कर गए हैं।

### सड़क दुर्घटना में पत्नी की मौत, पति और देवर घायल

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के वीर कुंवर सिंह सेतु पर आज बुधवार को सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई, पति और देवर घायल हो गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मांझी थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव निवासी सुनील बीन अपनी पत्नी उमरावती देवी अपने छोटे भाई शिव शंकर बीन के साथ एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर पड़ोसी जिला भोजपुर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में उमरावती देवी(47)की मौत हो गई। जबकि सुनील बीन और शिव शंकर बीन घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने के साथ ही दोनों घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। ट्रक चालक गाड़ी लेकर भाग निकला है।

# सीमांचल के समर्पित जेडीयू कार्यकर्ता को विधान परिषद में मिले प्रतिनिधित्व : डॉ. सुशील कुमार सुमन

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता डॉ. सुशील कुमार सुमन ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा,प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा तथा सीमांचल की धरोहर एवं कार्यकताओं के मान-सम्मान की प्रतीक बिहार सरकार की मंत्री श्रीमती लेशी सिंह से मांग की है कि सीमांचल क्षेत्र, विशेषकर कटिहार जिले के किसी योग्य, संघर्षशील, समर्पित एवं लोकप्रिय जेडीयू कार्यकर्ता को बिहार विधान परिषद का सदस्य मनोनीत कर क्षेत्र को उचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाय।डॉ. सुमन ने कहा कि जनता दल यू की स्थापना से लेकर आज तक सीमांचल क्षेत्र के हजारों कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत बनाने, पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की



विकासोन्मुखी नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके बावजूद आज तक सीमांचल के किसी समर्पित जेडीयू कार्यकर्ता को बिहार विधान परिषद में मनोनीत होने का अवसर नहीं मिला है। यह क्षेत्र के कार्यकताओं की वर्षों पुरानी अपेक्षा है, जिस पर अब गंभीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सीमांचल क्षेत्र से सदैव विशेष स्नेह एवं आत्मीय संबंध रहा है।

# बिजली की अनियमित आपूर्ति एवं लोड शेडिंग से त्राहिमाम

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कैट के जिलाध्यक्ष भुवन अग्रवाल ने प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए बिजली आपूर्ति में तत्काल सुधार करने की मांग बिहार के ऊर्जा मंत्री से की ही। बार-बार पावर कट से खासकर व्यवसायी वर्ग को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऊर्जा मंत्री को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि बिहार में दिन-प्रतिदिन विद्युत आपूर्ति की हो रही बदतर स्थिति से उपभोक्ताओं में त्राहिमाम की स्थिति बनी हुई है। कटिहार जिले की बात करें तो यहां लोड सेटिंग के नाम पर 24 घंटे में करीब 18 घंटे बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है बिजली आपूर्ति जब चालू की जाती है, उसके बाद मेंटेनेंस के नाम पर पुनः बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है मेंटेनेंस कार्य की देखरेख वरीय पदाधिकारी द्वारा नहीं की जाती है जिससे निर्धारित समय से ज्यादा अवधि तक बिजली आपूर्ति बंद रहती है।

# होटल कर्मी की संदिग्ध मौत से मचा हड़कंप

## कमरे में फंदे से लटका मिला नेपाली युवक का शव

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के गम्हरिया चौक स्थित एक होटल में कार्यरत नेपाली युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। युवक का शव होटल के ऊपरी मंजिल स्थित कमरे में फंदे से लटका मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया तथा मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान नेपाल के परसा जिले के उदयपुर घुर्मी गांव निवासी राजन शाह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह पिछले लगभग एक वर्ष से गम्हरिया चौक स्थित पूजा स्वीट्स होटल में कार्यरत था और होटल परिसर में ही रहकर काम करता था। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह राजन ने सामान्य दिनों की तरह अपने कामकाज का निर्वहन किया। कुछ देर बाद उसने सिर में दर्द होने की शिकायत की और आराम करने के लिए अपने कमरे में



चला गया। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर साथी कर्मचारियों ने उसे बुलाने का प्रयास किया। कमरे का दरवाजा खोलने पर वह फंदे से लटका मिला। कर्मचारियों ने तत्काल उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। अपर थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी सूचित किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जांच में यह जानकारी भी सामने आई है कि मृतक की किसी युवती से नियमित बातचीत होती थी। वहीं कुछ दिन पूर्व उसने कर्ज चुकाने के लिए तीन हजार रुपये उधार लिए थे। इसके अलावा तीन दिन पहले वह किसी परिचित का सामान पहुंचाने के लिए बेतिया भी गया था। पुलिस इन सभी तथ्यों को जोड़कर मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। घटना की खबर फैलते ही होटल परिसर और आसपास के क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई। उधर नेपाल स्थित मृतक के परिजनों में शोक की लहर है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# फ्लड लाइट की रोशनी से जगमगा उठा अलकरीम विवि का खेल मैदान

## अब रात मे भी खेल में अभिरुचि रखनेवाले विद्यार्थी अपनी खेल प्रतिभा निखार सकेंगे : डॉ. करीम

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के अलकरीम विश्वविद्यालय परिसर स्थित खेल मैदान को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। रात में भी विश्वविद्यालय के छात्र




अपनी खेल प्रतिभा को निखार सके इसके लिए खेल मैदान में लाई सिस्टम फ्लड लाईट की व्यवस्था की गयी है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अहमद अशफाक करीम ने खेल मैदान में लगे फ्लड लाईट का लोकार्पण किया। श्री करीम द्वारा बिजली का स्वीच दबाते ही पूरा खेल मैदान रौशनी से जगमगा उठा। इस मौके पर कुलाधिपति श्री करीम ने कहा कि अलकरीम विश्विद्यालय स्वास्थ्य - चिकित्सा,शिक्षा के क्षेत्र मे सीमांचल जैसे पिछडे क्षेत्रों की जरूरतमंदों की खिदमत वर्षों करती रही है।विश्वविद्यालय के अधीन खेल में अभिरुचि रखनेवाले छात्रों की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए परिसर के भीतर ही बेहतरीन,आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जिल मैदान की व्यवस्था है। विश्वविद्यालय स्तर पर इन खेल प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण को लेकर प्रशिक्षक एवं खेल पदाधिकिरी की नियुक्ति की गयी है। विश्वविद्यालय यहां पढनेवाले छात्रों की शिक्षा के साथ स्वास्थ्य सहित उनके सर्वांगीण विकास की भी फिक्र करती है। अनेक मौके पर विश्वविद्यालय के खिलाडियों ने अन्तर विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजिम विभिन्न इंडोर, आउटडोर गेम में अपनी खेल प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर पुरस्कार अर्जित कर विश्वविद्यालय का मान बढाया है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, कार्यपालक निदेशक,मुख्य वित पदाधिकारी,विभिन्न विभागो के विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर व अन्य अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# 32 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के गोढिया गांव में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत बुधवार सुबह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 32 ग्राम गांजा बरामद किया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, शिकारगंज पुलिस टीम ने गोढिया गांव में छापेमारी कर गांव निवासी यादोलाल सहनी के पुत्र राजकुमार सहनी को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से करीब 32 ग्राम गांजा तथा अन्य संबंधित सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने बरामद गांजा की विधिवत जब्ती सूची तैयार कर उसे जब्त कर लिया।

# 1665 किलो यूरिया खाद सहित 9 बाइक जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से नेपाल ले जाई जा रही



1665 किलोग्राम यूरिया खाद और 9 मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। इस दौरान एक नेपाली नागरिक समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। एसएसबी की आसूचना शाखा को मंगलवार देर रात सूचना मिली थी कि बलुआ गांव के रास्ते कुछ लोग भारत से नेपाल अवैध सामान भेजने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए बीओपी झाझरा की दो टीमों को संयुक्त नाका ड्यूटी पर तैनात किया गया। कार्रवाई में एक टीम का नेतृत्व सहायक उप निरीक्षक (जीडी) मानस बोरह और दूसरी टीम का नेतृत्व एसओटी कमांडर सहायक उप निरीक्षक (जीडी) कुलबीर सिंह कर रहे थे। दोनों टीमों ने सीमा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी।

# आजाद नगर वार्ड 19 में एक भी ट्रांसफर्मर नहीं, बिजली की समस्या से जूझते हैं लोग : लवली नवाब

**अररिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद अररिया के वार्ड नंबर 19 आजाद नगर में बहुत पहले से एक भी ट्रांसफार्मर नहीं है । बगल के दूसरे वार्ड के भरोसे इस वार्ड में बिजली आपूर्ति की जाती है, जिस कारण वार्ड के लोगों को इस



भीषण गर्मी में काफी परेशानी झेलना पर रहा है । दूसरे वार्ड से इस वार्ड में जो बिजली आपूर्ति की जा रही है वो हमेशा किसी न किसी समस्या के कारण विद्युत आवृत्ति सुचारू रूप से नहीं हो पाती है । इस समस्या को लेकर राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सह वार्ड नंबर 19 की पूर्व वार्ड पार्षद आरशी परवीन उर्फ लवली नवाब ने बुधवार को विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को वार्ड में बिजली समस्या को लेकर एक लिखित आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने इस वार्ड में अलग से नया ट्रांसफार्मर लगाने, जर्जर हो चुके बिजली तार को बदलने और टूटे हुए बिजली पोल को बदलने की मांग की है। उन्होंने दिए आवेदन में कहा कि मरहूम हाजी मोइद्दीन साहब के घर से मीरा टॉकीज के गली तक और हाजी चौक से जनाब मुजाहिब साहब (वकील) उत्तर साइट और हाजी चौक से सेराज साहब के घर तक दक्षिण साइट तक तार जर्जर स्थिति में है, उस के घर तक बिजली तार अस्त व्यस्त स्थिति में है, जहां हमेशा बिजली तार टूट कर गिरने का खतरा बना रहता है। साथ ही मरियम प्ले स्कूल वाली गली ,के अलावा कई अन्य जगहों पर हमेश खतरा बना रहता है ।

# कटिहार में फिर गरजा बुलडोजर, शहर के मिरचाईबारी में नगर निगम का बड़ा एक्शन

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ नगर निगम का बुलडोजर एक बार फिर गरज उठा। शहर के व्यस्त मिरचाईबाड़ी इलाके में



नगर निगम प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे और सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। अचानक शुरू हुई कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार और अतिक्रमणकारी अपना सामान समेटते नजर आए। जबकि निगम की टीम एक-एक कर अवैध ढांचों को हटाने में जुटी रही। प्रशासन का कहना है कि मिरचाईबारी में लगातार बढ़ते अतिक्रमण की वजह से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी और सड़कें सिकुड़ती जा रही थीं। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने बताया कि संबंधित लोगों को पहले ही चेतावनी और नोटिस दिया गया था। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर बुलडोजर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पूरे इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। नगर निगम ने साफ कर दिया है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# नवाबगंज रघुचौक से ठाकुरबाड़ी चौक के बीच सड़क की दशा बदहाल

## संवेदक, अभियंता व स्थानीय प्रशासन की उपेक्षापूर्ण रवैये से लोगों मे रोष

**मनिहारी /कटिहार/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवाबगंज रघु चौक से ठाकुरबाडी चौक के बीच सडक की बदहाल स्थिति से आमजन को हो रही परेशानी से लोगों से संवेदक व संबंधित विभाग के अभियंता के विरूद्ध रोष बढता



जा रहा है। अनेक मौके पर स्थानीय सामाजिक कार्कताओं, प्रबुद्धजनों द्वारा उक्त पथ की यथाशीघ्र दुरुस्त करायेक्षजाने की मांग की जाती रही है. लेकिन जनहित की इस मांग के प्रति संवेदक स्थानीय पदाधिकारी की उदासीन रवैया आनेवाले दिनो में प्रदर्शन की पृष्ठभूमि बना रही है। इसी सिलसिले में बुधवार को बिहार स्टूडेंट यूनियन के उपाध्यक्ष एवं छात्र नेता साहबाज आलम ने अनुमंडल पदाधिकारी मनिहारी त्रिलोकी नाथ सिंह को आवेदन सौंपकर नवाबगंज की जर्जर मुख्य सड़क की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए।साहबाज आलम ने कहा कि नवाबगंज की जनता लंबे समय से खराब सड़क की समस्या से जूझ रही है।

# विश्व साइकिल दिवस पर मोतिहारी में निकली भव्य साइकिल रैली

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मोतिहारी में एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, नियमित साइकिलिंग को प्रोत्साहित करना तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ चरखा पार्क, मोतिहारी से हुआ। रैली को मुख्य अतिथि माननीय उपमहापौर श्री लालबाबू गुप्ता, जिला युवा अधिकारी सुश्री अंकिता, लेखपाल रानू कुमारी, जिला साइक्लिंग संघ के सचिव श्री सिद्धार्थ वर्मा, कबड्डी क्लब के प्रतिनिधि श्री भानु कुमार, यशस्वी कोचिंग संस्थान के निदेशक श्री आर.के. मिश्रा तथा श्री रविन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से




हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में 150 से अधिक युवाओं एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वयंसेवक चितरंजन कुमार, हिमांशु कुमार, शिव सुजन कुमार एवं वरुण पासवान सहित अन्य युवाओं ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। प्रतिभागियों ने ह्लफिट इंडिया मूवमेंटह्व, स्वस्थ जीवनशैली एवं स्वच्छ पर्यावरण के समर्थन में जागरूकता संदेश देते हुए शहरवासियों को साइकिलिंग अपनाने के लिए प्रेरित किया। यह रैली चरखा पार्क से प्रारंभ होकर गांधी चौक, मीना बाजार, ज्ञानबाबू चौक, जानपुल चौक तथा बापूधाम रेलवे स्टेशन सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर पुनः चरखा पार्क पहुंची। पूरे मार्ग में युवाओं ने फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवनशैली के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि साइकिल न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि यह प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। युवाओं ने यह संदेश दिया कि यदि अधिक से अधिक लोग दैनिक जीवन में साइकिल का उपयोग करें, तो एक स्वस्थ और स्वच्छ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण सहयोग मिल सकता है। समापन अवसर पर जिला युवा अधिकारी सुश्री अंकिता ने सभी प्रतिभागियों एवं स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। स्वयंसेवक शिव सुजन कुमार ने भी युवाओं से नियमित रूप से साइकिल चलाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

# कुंदन यादव हत्याकांड को ले निकाला प्रतिरोध मार्च




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । थाना क्षेत्र के केशराड़ी निवासी 50 वर्षीय कुंदन यादव हत्याकांड के विरोध में महागठबंधन के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा यहां बुधवार को प्रतिरोध मार्च निकाला गया। इसका नेतृत्व ओबरा के पूर्व विधायक ऋषि कुमार एवं वीरेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। नगर परिषद कार्यालय के समीप से यह प्रतिरोध मार्च निकाला गया, जो मुख्य बाजार होते हुए अनुमंडल कार्यालय तक पहुंच कर धरना- प्रदर्शन में तब्दील हो गया। वहां सभा को सांसद राजाराम सिंह एवं अन्य ने संबोधित किया। घटना से सम्बंधित राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन एसडीओ को दिया गया। प्रतिरोध मार्च में शामिल लोगों के हाथों में विभिन्न मांगों से संबंधित स्लोगन लिखी हुई तख्तियां थी। इनके द्वारा कुंदन यादव हत्याकांड के अपराधियों को गिरफ्तार करने ,अपराधियों को फांसी देने एवं पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की गयी। प्रतिरोध मार्च में शामिल लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। राजद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह, पूर्व मुखिया कुणाल प्रताप, युवा राजद के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार यादव ,अजीत कुमार, युवा राजद नेता सुमित कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित कई नेता शामिल हुए। मालूम हो कि 19 मई की देर शाम थाना क्षेत्र के भुईयां बिगहा के समीप केशराड़ी निवासी कुंदन यादव की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस संबंध में पुलिस अभी तक लाइनर होने के आरोप में एक नामजद और एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इन लोगों की मांग शूटर और मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार करने की है। अपनी मांग को लेकर पूर्व में यहां कैंडल मार्च निकाला जा चुका है। भाकपा माले द्वारा प्रतिरोध मार्च भी निकाला गया था।

## फरार वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**हसपुरा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हसपुरा थाना क्षेत्र के सोनहथु गांव से फरार चल रहे एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि सोनहथु निवासी कामाख्या बैठा के विरुद्ध मारपीट का मामला हसपुरा थाना में दर्ज है। मामले में न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया था। वारंट जारी होने के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि वारंटी अपने घर पर छिपकर रह रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सोनहथु गांव में छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कानूनी एवं कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# दो साल में टूटा बांध, अनियमितता का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड की डुमरी पंचायत अंतर्गत जौड़ा गांव के पास सहसुआ पहाड़ी की तलहटी में बना बांध क़रीब दो साल में क्षतिग्रस्त होकर टूट गया है। यह वन विभाग की ओर से गारलैंड ट्रेंचिंग योजना के तहत बनाया गया था। साल 2023 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य पहाड़ों से बहकर आने वाले बारिश का पानी का संचयन कर किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना और वन्यजीवों के लिए स्थायी जल स्रोत तैयार करना था। लेकिन बांध टूट जाने के कारण अब बारिश का पानी बिना रुके बह जा रहा है और जलाशय में पानी जमा नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण काम में अनियमितता बरती गई और सरकारी राशि की बंदरबांट की गई। स्थानीय पैक्स अध्यक्ष अभिजीत कुमार सिंह ने बताया कि बांध टूटने के बाद पूरी योजना बेकार साबित हो रही है। किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है और गर्मी के दिनों में जंगली जानवर भी पानी की तलाश में गांवों की ओर भटक रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग 50 लाख से लेकर एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित इस योजना में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके कारण यह दो साल भी नहीं टिक सकी। मामले में महाराजगंज वन प्रमंडल के आरएफओ अविनाश कुमार द्वारा बताया गया कि कब टूटी है। इसकी जानकारी मुझे नहीं है। अब जानकारी मिली है तो वरीय अधिकारियों से बातचीत कर योजना को दुरुस्त कराया जाएगा। ताकि, वन्य प्राणियों और किसानों को इसका फायदा फिर से मिल सके। वन विभाग की ओर से तैयार की गई गारलैंड ट्रेंचिंग योजना के तहत सहसुआ पहाड़ी की तलहटी में मिट्टी और बोल्डर से माला के आकार में घेराबंदी कर जल संचयन की व्यवस्था की गई थी। महाराजगंज वन प्रक्षेत्र के तत्कालीन रेंजर मनोज कुमार मिश्रा ने योजना शुरू होने के समय बताया था कि तीन ओर से पहाड़ों से घिरे इस क्षेत्र में एक ओर बांध बनाकर बारिश के पानी को रोका जाएगा। लगभग 110 मीटर लंबे बांध का निर्माण किया गया था और करीब 10 हेक्टेयर क्षेत्र को इसका कैचमेंट एरिया बनाया गया था। योजना के तहत पानी निकासी के लिए फाटक और किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए पईन निर्माण की भी व्यवस्था की जानी थी। इस परियोजना से जौड़ा, भलुआड़ी, महसु, करमडीह, बरवाडीह समेत दर्जनों गांवों के किसानों को फायदा मिलने की उम्मीद थी। अनुमान था कि संचयित जल से लगभग 150 हेक्टेयर से अधिक भूमि की सिंचाई हो सकेगी। इसके अलावा डुमरी पंचायत में हर बारिश-गर्मी के दौरान उत्पन्न होने वाले पेयजल संकट को भी दूर करने की योजना थी। लोगों ने प्रशासन और वन विभाग से क्षतिग्रस्त बांध की शीघ्र मरम्मत, निर्माण काम की तकनीकी जांच और दोषी अधिकारियों और संवेदकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई योजना पूरी तरह निष्प्रभावी हो जाएगी।

# साइकिल रैली में पर्यावरण संरक्षण व सतत जीवनशैली को बढ़ावा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ हुई यह रैली शहर के फार्म तक निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय औरंगाबाद जिले का एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में आकर्षक स्लोगन, जागरूकता बैनर एवं स्वयं निर्मित पेंटिंग लेकर लोगों को साइकिल के उपयोग, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने "साइकिल अपनाओ, पर्यावरण बचाओ", "स्वस्थ शरीर की पहचान, साइकिल बने हमारी शान" तथा "प्रदूषण मुक्त भारत का संकल्प" जैसे नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने कहा कि विश्व साइकिल दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को स्वस्थ एवं पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली की ओर प्रेरित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, ईंधन की खपत और जीवनशैली संबंधी बीमारियों के इस दौर में साइकिल एक सुलभ, किफायती एवं पर्यावरण हितैषी विकल्प है। विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में साइकिल के अधिकाधिक उपयोग की आदत विकसित करनी चाहिए, जिससे स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान सुनिश्चित हो सके। रैली के सफल आयोजन में महाविद्यालय के बर्सर डॉ. विवेक कुमार, शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली तथा साइकिल उपयोग को बढ़ावा देने का सामूहिक संकल्प लिया। यह रैली पूरे क्षेत्र में जागरूकता का संदेश प्रसारित करने में सफल रही तथा लोगों को स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर "स्वच्छ गांव-सुरक्षित जलवायु अभियान"




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड रफीगंज की ग्राम पंचायत बलार में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर "स्वच्छ गांव-सुरक्षित जलवायु अभियान" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वच्छता पर्यवेक्षक बीना कुमारी ने किया। इस अवसर पर बीना कुमारी ने ग्रामीणों को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के 4R सिद्धांत— रिड्यूस, रीयूज, रीसायकिल और रिकवर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक कचरे का उपयोग कम कर, उसके पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। साथ ही जल संरक्षण, स्वच्छता तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को अपने घरों एवं गांव के आसपास स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने तथा कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के प्रति जागरूक किया गया। अभियान को सफल बनाने में प्रखंड के सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिल कुमार, धनवंती कुमारी, रामकुमार यादव, नीरज पाठक, मोहम्मद मूसा, दीपक कुमार, रविंद्र कुमार, रविंद्र शर्मा, रामेश्वर चौधरी, मोहम्मद नौशाद, नारायण कुमार, मोहम्मद मेराज, मृत्युंजय कुमार, अजय कुमार, कपिल देव राम, अरविंद कुमार, संटू कुमार, मदन कुमार, पंकज चौधरी एवं रणधीर कुमार सहित कई कर्मी उपस्थित रहे। इसके अलावा जीविका सीएनआरपी रेखा कुमारी, बुककीपर ममता कुमारी, जीविका सीएम लैलुन देवी, रीता देवी, आंगनबाड़ी सेविका अंजू देवी, वार्ड सदस्य संजीत पासवान, वार्ड सचिव वीरेंद्र कुमार, जीविका दीदियां तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# 15 जून को प्रखंड कार्यालय पर धरना देगा भाकपा माले, बैठक में बनी रणनीति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के पचरुखिया बाजार स्थित भाकपा माले के पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को कार्यकर्ताओं की बैठक प्रखंड सचिव कामता यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बिहार के विभिन्न विभागों में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार, बढ़ती आपराधिक घटनाएं, वृद्धावस्था पेंशन में अनियमितता तथा आवास योजना में कथित लूट समेत अन्य जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। इन समस्याओं के विरोध में भाकपा माले द्वारा आगामी 15 जून को हसपुरा प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की टीम गठित करने का निर्णय लिया गया। टीम गांव-गांव जाकर गरीबों, मजदूरों एवं आम लोगों से संपर्क कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जागरूक करेगी। बैठक में आगामी 6 जून को धमना गांव में पार्टी कन्वेंशन आयोजित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। कन्वेंशन की सफलता के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से संपर्क बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व प्रखंड सचिव दिनेश राम, रामप्रवेश मेहता, कृष्णा भारती, जनेश्वर राम, वीरेंद्र वर्मा, बसंत कुमार, बिशु साव, नवल पासवान सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### इंडियन ओवरसीज बैंक की दूसरी शाखा आरंभ




**दाउदनगर (औरंगाबाद) / नबिटा संवाददाता।** भखरुआं स्थित पटना रोड में इंडियन ओवरसीज बैंक (आइओसी) की शाखा का उद्घाटन बुधवार को बैंक के महाप्रबंधक विनोद कुमार रजक ने किया। जिला मुख्यालय के बाद औरंगाबाद में बैंक की यह दूसरी शाखा है, जबकि बिहार की 76वीं शाखा है। महाप्रबंधक विनोद कुमार रजक ने कहा कि तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत में बैंक की काफी शाखाएं हैं। सिर्फ तमिलनाडु में ही 1000 से अधिक शाखा इस बैंक की है। यह सरकारी बैंक है और सरकार के निर्देश के अनुसार पूर्वोत्तर भारत में शाखाएं खोली जा रही हैं। कार्यक्रम संचालन क्षेत्रीय कार्यालय से आए वरिष्ठ प्रबंधक मनोज कुमार पांडेय ने किया। मुख्य प्रबंधक कुमार विशाल ने बैंक में उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी दी। शाखा प्रबंधक विवेक कुमार व कर्मी के के भारती एवं अन्य उपस्थित रहे। मकान मालिक विनय कुमार, विकास कुमार, अमन कुमार समेत कई ग्राहक उपस्थित रहे।

### सर्पदंश से हुई थी महिला की मौत, परिजनों को मिला चार लाख का अनुग्रह अनुदान

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रफीगंज प्रखंड के कोटवारा निवासी पिंटू साव की पत्नी गीता देवी की वर्ष 2025 में सर्पदंश से दुखद मौत हो गई थी। मृतका के परिजनों को सरकार की ओर से राहत प्रदान करते हुए बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने 4 लाख रुपये की अनुग्रह अनुदान राशि का चेक सौंपा। इस दौरान अंचलाधिकारी ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं एवं आकस्मिक घटनाओं से प्रभावित परिवारों को सरकार द्वारा निर्धारित सहायता राशि उपलब्ध कराई जाती है, ताकि संकट की घड़ी में उन्हें आर्थिक संबल मिल सके। अनुदान राशि प्राप्त करने के बाद परिजनों ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर अंचल कार्यालय के कर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### उर्वरकों की कोई क़िल्लत नहीं अफवाहों से रहें दूर

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** को-ऑपरेटिव बैंक परिसर में संचालित बिस्कोमान खाद बिक्री केंद्र का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर बुधवार को जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज एवं विभाग के अन्य वरीय अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने किसानों को खाद वितरण की व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि किसानों को खाद प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्धारित सरकारी दर पर ही खाद की बिक्री सुनिश्चित की जाए। साथ ही किसानों के साथ किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी या दुर्व्यवहार की शिकायत मिलने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। किसानों के लिए पेयजल व छाया की व्यवस्था के निर्देश डीएओ ने कहा कि दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान खाद लेने पहुंचते हैं। ऐसे में उनके लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए। इसके अलावा धूप से बचाव के लिए अस्थायी शेड लगाने का भी निर्देश दिया गया, ताकि किसानों को कतार में खड़े रहने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। किसानों को खाद की आवश्यकता मुख्य रूप से दो माह बाद अधिक होगी, लेकिन वर्तमान में भी पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि खाद की कमी संबंधी किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। आवश्यकता के अनुसार सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में खाद की कालाबाजारी या जमाखोरी की सूचना मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सदर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी राकेश रंजन, सहायक निदेशक (रसायन) डॉ. दीपक कुमार तथा सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण) रॉकी रावत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नैनो उर्वरकों के उपयोग को लेकर खाद विक्रेताओं को दिया प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** इफको के तत्वावधान में बुधवार को जिला कृषि कार्यालय परिसर में बिक्री केंद्र प्रभारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के 75 खुदरा उर्वरक विक्रेता बंधुओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने और किसानों तक सही जानकारी पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा नैनो उर्वरकों की प्रयोग को बढ़ाने के लिए अधिकाधिक क्षेत्र प्रदर्शन, ड्रोन स्प्रे करने को कहा गया। वहीं राज्य विपणन प्रबंधक इफको डॉ आनंद कुमार श्रीवास्तव द्वारा इफको स्थापना से अब तक हुए विकास की क्रमबद्ध जानकारी दी गई। साथ ही नैनो उर्वरक, डब्लूएसएफ एवं जैविक उर्वरक पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में सदर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी राकेश रंजन, रसायन के सहायक निदेशक डॉ दीपक कुमार, पौधा संरक्षण के सहायक निदेशक रॉकी रावत, राज्य विपणन प्रबंधक, इफको, डॉ आनंद कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्र प्रबंधक इफको राजीव लोचन, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान सह वैज्ञानिक डॉ. बी.के. मंडल इफको के क्षेत्र अधिकारी नवनीत कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# जनता दरबार में फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

**नबिटा संवाददाता**

**औरंगाबाद।** आम जनता की पुलिसिग से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान और न्याय प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासनिक कवायद तेज है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देशानुसार प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक ज्योति कुमारी के द्वारा विशेष जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न सुदूर और सीमावर्ती थाना क्षेत्रों से पहुंचे लगभग एक दर्जन महिला-पुरुष फरियादियों ने अपनी-अपनी गुहार प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक के समक्ष लिखित रूप में रखी। प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बारी-बारी से हर एक पीड़ित की फरियाद सुनी, दस्तावेजों का अवलोकन किया और कई मामलों में फोन पर ही संबंधित थाना अध्यक्षों को फटकार लगाते हुए मामले के ऑन-सपॉट निष्पादन का आदेश दिया। जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों में अधिकांश मामले भूमि विवाद से जुड़े आपसी टकराव, घरेलू हिसा, चोरी की एफआईआर में देरी और स्थानीय स्तर पर पुलिसिया सुस्ती के थे। प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक ने इन आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थानों को जांच सौंपकर समयबद्ध तरीके से रिपोर्ट कार्यालय भेजने का निर्देश दिया। प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों से आने वाले गरीब पीड़ितों को न्याय के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सप्ताह में दो से तीन दिन नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इससे न केवल पेंडिग मामलों की संख्या कम होगी, बल्कि पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास भी मजबूत होगा।

# बैंकर्स समिति की बैठक में सीडी रेसियो बढ़ाने पर जोर

**मदनपुर/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय परिसर अंतर्गत अपने कार्यालय कक्ष में बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक की गई। बैठक में सभी बैंकों के प्रबंधक शामिल थे। नाबार्ड डीडीएम कृष्ण कुमार ओझा ने कहा कि मदनपुर प्रखंड कृषि पर आधारित है। यहां किसानों के आर्थिक विकास के लिए कृषि ऋण के अलावे अन्य कृषि आधारित ऋण दिया जा सकता है। हाउसवेयर, कोल्डस्टोरेज, ड्रोन, भंडार गृह, ट्रैक्टर, बागवानी सहित अन्य योजनाओं पर लोन दिया जा सकता है। सीडी रेसियो यहां बहुत कम है जिसे बढ़ाने की जरूरत है। अभी 44.5 सीडी रेसियो है जिसे बढ़ाकर 52.44 सीडी रेसियो करना है। एलडीएम एनके चौधरी ने बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत लोन दें। सीडी रेसियो कम से कम 52 प्रतिशत सापेक्षात्मक करना ज़रुरी है। उन्होंने कहा कि अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ लोगों तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान करें। सरकार द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## चोरी की स्कॉर्पियो सहित अन्य मामलों में चार लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर पुलिस द्वारा विशेष छापेमारी अभियान के फलस्वरूप चोरी की एक स्कार्पियो के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही अन्य मामले में तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, खिरियावां मोड़ पर गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां से एक चोरी का स्कार्पियो पकड़ा गया। स्कार्पियो चोर बेरी टोले चौधरी बिगहा निवासी सिटू कुमार चौधरी को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि सिटू कुमार चौधरी किसी से एग्रिमेंट कर खरीद कर लाया था। जांच पड़ताल करने पर स्कार्पियो चोरी का था। वहीं मारपीट के मामले में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त गोंगरा निवासी रामपुकार महतो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। शराब सेवन कर हंगामा करने के मामले में खिरियावां मोड़ से सलैया थाना क्षेत्र के भगन बिगहा निवासी इंदल पासवान एवं खिरियावां निवासी उपेन्द्र कुमार भगत को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद शराब सेवन की पुष्टि की गई। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि विशेष समकालीन सघन छापेमारी अभियान के तहत अलग- अलग मामलों में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# डॉग स्क्वायड की मदद से भारी मात्रा में देसी शराब और महुआ जावा बरामद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने शराब माफियाओं के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने डॉग स्क्वायड टीम के साथ मिलकर क्षेत्र में एक सघन तलाशी अभियान चलाया, जिसमें पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मिली जानकारी के अनुसार, तलाशी अभियान के दौरान पुलिस टीम जब कुटुंबा बाजार के रविदास मुहल्ला पहुंची, तो वहां एक सरकारी परती जमीन पर बनी झाड़ियों से लावारिस हालत में करीब 18.800 लीटर देसी शराब बरामद की गई। शराब को तस्करों द्वारा छुपाकर रखा गया था, जिसे डॉग स्क्वायड की मदद से सूंघकर ढूंढ निकाला गया। इसी अभियान के अगले चरण में पुलिस ने मुड़ीला भुईयां टोला में छापेमारी की। वहां शराब बनाने के उद्देश्य से भारी मात्रा में तैयार किया गया करीब 2000 लीटर जावा महुआ बरामद हुआ। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शराब की इस भट्टी को ध्वस्त कर दिया और मौके पर ही पूरे जावा महुआ को नष्ट कर दिया। थानाध्यक्ष इमरान आलम का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस मामले में संलिप्त तस्करों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**यॉँत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)**
**शिविर मेदिनीनगर**

**ई—प्रोक्योरमेंट सूचना**

**अति—अल्पकालीन ई—निविदा प्रसंग सं0— WRD/MD MANDAL/ 03/2026—27 दिनांक 03.06.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | REPAIR OF 01 NO. EMERGENCY GATE AND 01 NO. SERVICE GATE, HOISTING ARRANGEMENT, RENOVATION OF OPERATING PLATFORM SHADE ETC.UNDER **DHANKAI RESERVOIR SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 6,55,471.00 (छः लाख पचपन हजार चार सौ एकहत्तर) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छःमाह )। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 13,110.00 (तेरह हजार एक सौ दस) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई— निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 04.06.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 11.06.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई— निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 13.06.2026 (03:30 बजे अपराह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉँत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई—प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651—2490232 |

नोट :— 1. केवल ई— निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई— भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियन्ता
यॉँत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर

PR 381441 District(26-27).D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**यॉँत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।**

**ई—प्रोक्योरमेंट सूचना**

**अति—अल्पकालीन ई—निविदा प्रसंग सं0—WRD/MD MANDAL /01/2026—27 दिनांक 03.06.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | REPAIR OF 01 NO. EMERGENCY GATE AND 01 NO. SERVICE GATE, HOISTING ARRANGEMENT, RENOVATION OF OPERATING PLATFORM ETC.UNDER **ANNARAJ RESERVOIR SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 12,67,713.00 (बारह लाख सड़सठ हजार सात सौ तेरह) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः माह )। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 25,355.00 (पच्चीस हजार तीन सौ पचपन) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई— निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 04.06.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 11.06.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई— निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 13.06.2026 (03:30 बजे अपराह्न) । |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉँत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई—प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651—2490232 |

नोट :—1. केवल ई— निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode**द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई— भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियन्ता
यॉँत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर।

PR 381439 District(26-27)D

# आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु करें युद्धस्तर पर कार्य : डीएम

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं विभिन्न डिजिटल घटकों की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बुधवार को कारगिल विजय सभा भवन में जिले को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत नेशनल हेल्थ अथॉरिटी द्वारा 'मॉडल जिला' के रूप में विकसित किए जाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह राज्य मिशन निदेशक, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन शशांक शेखर सिन्हा तथा जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की। बैठक के दौरान बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, पटना के मार्गदर्शन में प्रशासी पदाधिकारी शैलेश चंद्र दिवाकर द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण के माध्यम से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के उद्देश्यों,



कार्यप्रणाली एवं विभिन्न डिजिटल घटकों जैसे आभा आईडी, एचएफआर, एच पीआर तथा स्कैन एंड शेयर प्रणाली की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही इन डिजिटल पहलों से आम नागरिकों, स्वास्थ्य संस्थानों तथा स्वास्थ्यकर्मियों को होने वाले लाभों पर भी प्रकाश डाला गया। बैठक में जिले में एबीडीएम के वर्तमान क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की गई तथा जिले को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श मॉडल जिला के रूप में स्थापित करने हेतु आवश्यक रणनीतियों एवं कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सभी स्वास्थ्य संस्थानों में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के व्यापक विस्तार, आभा आईडी सृजन में वृद्धि, स्वास्थ्य संस्थानों एवं स्वास्थ्य पेशेवरों के शत-प्रतिशत पंजीकरण तथा स्कैन एंड शेयर व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने संबंधित सभी अधिकारियों एवं निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु युद्धस्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बेगूसराय को मॉडल जिला बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों एवं संस्थानों के बीच समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने तथा कार्यों में अपेक्षित तेजी लाने पर विशेष जोर दिया।बैठक में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ गोपाल मिश्रा, संचारी रोग पदाधिकारी डॉ राजू, जिला कार्यक्रम समन्वयक (आयुष्मान भारत) प्रभात कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (स्वास्थ्य) नसीम रज़ी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।जिले को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक मॉडल जिला के रूप में विकसित करने की दिशा में यह बैठक एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, जिससे नागरिकों को अधिक सुलभ, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। बैठक में जिले के सभी चिकित्सा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि, जिला क्रियान्वयन इकाई के सदस्य तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की राज्य स्तरीय टीम के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जॉब कैंप में 97 अभ्यर्थियों का चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत जिला नियोजनालय में बुधवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों के लिए योग्य अभ्यर्थियों के चयन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। नियोजन कैंप में निजी कंपनी टीएसपीएल के माध्यम से हायर, एक्साइड, मदरसन एवं जेडेफ स्टीरिंग जैसी कंपनियों हेतु अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कंपनी के प्रतिनिधि राहुल बोरकर द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को संबंधित कंपनियों में उपलब्ध रोजगार अवसरों, वेतन एवं भत्तों, कार्यस्थल, कार्य की प्रकृति तथा अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए 100 रिक्त पदों के विरुद्ध कुल 148 अभ्यर्थियों ने कैंप में भाग लिया। साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के उपरांत 97 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिला। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी ने उपस्थित बेरोजगार युवाओं को कैरियर एवं रोजगार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि जिला नियोजनालय द्वारा जिले के रोजगार इच्छुक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन किया जाता है। इन कैंपों में बिहार सहित अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है ताकि स्थानीय युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे जिला नियोजनालय द्वारा आयोजित नियोजन कैंपों में अधिकाधिक संख्या में भाग लें तथा रोजगार संबंधी सूचनाओं के लिए समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित होने वाली सूचनाओं पर नियमित रूप से ध्यान दें।नियोजन कैंप का आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# कैप्टन स्टील ने ई-स्क्वायर 2026 किया लॉन्च

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारत के भरोसेमंद टीएमटी रीबार विशेषज्ञ, कैप्टन स्टील इंडिया लिमिटेड ने ई-स्क्वायर 2026 लॉन्च किया है, जो देश भर में मजबूत घरों और बुनियादी ढांचे को आकार देने वाले विशिष्ट इंजीनियरों और आर्किटेक्ट्स का जश्न मनाने के लिए समर्पित एक विशेष पहल है। इस दर्शन पर निर्मित कि जब विशिष्टता उत्कृष्टता से मिलती है, तो मजबूती कई गुना बढ़ जाती है, ई-स्क्वायर एक ऐसे अनूठे मंच के रूप में खड़ा है जहां टीएमटी रीबार विशेषज्ञ, निर्माण विशेषज्ञों से मिलते हैं। ई-स्क्वायर 2026 का अनावरण एक भव्य सम्मान और उत्सव की शाम के माध्यम से किया गया, जिसने समुदाय के 350 से अधिक प्रमुख इंजीनियरों और आर्किटेक्ट्स को एक साथ ला दिया। इस कार्यक्रम ने विशेषज्ञों पर भी दृढ़ता से प्रकाश डाला, जो उन पेशेवरों के लिए एक भावभीनी श्रद्धांजलि के रूप में कार्य करता है जो भारत के निर्माण परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। इस उत्सव में कैप्टन स्टील के ब्रांड एंबेसडर, महान क्रिकेटर और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान, सौरव गांगुली की उपस्थिति रही।

# जिले में पेट्रोलियम उत्पादों की डीएम ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा जिले में पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान तेल विपणन कंपनियों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जिले में ईंधन आपूर्ति की स्थिति का आकलन किया गया। वर्तमान में कुल 19,094 सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। जिले में औसतन 5.1 दिनों का बैकलॉग स्टॉक उपलब्ध है, जो मांग की तुलना में संतोषजनक स्थिति को दर्शाता है। मंगलवार को जिले में कुल 13,375 एलपीजी की बुकिंग प्राप्त हुई, जबकि 12,869 की आपूर्ति की गई। औसत दैनिक बुकिंग 4,130 एवं औसत दैनिक आपूर्ति 4,312 दर्ज की गई। जिससे स्पष्ट है कि आपूर्ति व्यवस्था नियमित एवं संतुलित बनी हुई है। कंपनीवार आंकड़ों के अनुसार आईओसीएल के 40 वितरकों में 6,033 स्टॉक उपलब्ध है। बीपीसीएल के 15 वितरकों में 9,266 तथा एचपीसीएल के 12 वितरकों में 3,795 स्टॉक उपलब्ध है। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी क्षेत्रों में पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी संभावित समस्या की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आम जनता को आवश्यक ईंधन की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सतत निगरानी कर रहा है। जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचनाओं अथवा अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले में पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है।

# 1 जुलाई से नए राजकीय डिग्री कॉलेजों में शुरू होगा पठन-पाठन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** राज्यपाल सह कुलाधिपति के निर्देश के आलोक में जिले के छह नवनिर्मित राजकीय डिग्री कॉलेजों में शैक्षणिक गतिविधियां शुरु कराने हेतु जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में बुधवार को हुई बैठक में उक्त डिग्री कॉलेजों में आगामी एक जुलाई से पठन-पाठन का कार्य आरंभ कराने हेतु निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक आधारभूत संरचना, फर्नीचर एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि पीरपैंती, गोराडीह, खरीक, रंगराचौक, इस्माइलपुर एवं गोपालपुर प्रखंड में नवस्थापित राजकीय डिग्री कॉलेजों का संचालन प्रारंभ किया जाना है। इसके लिए संबंधित क्षेत्रों के




प्लस-टू विद्यालयों अथवा अन्य उपयुक्त भवनों में 4 से 5 कमरों का चयन किया गया है, जहां प्रारंभिक चरण में कक्षाओं का संचालन होगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि चयनित कमरों की मरम्मत, आवश्यक सिविल कार्य, फर्श, खिड़की एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम के माध्यम से शीघ्र पूर्ण कराया जाए। इस संबंध में निगम के अभियंताओं द्वारा संबंधित प्रभारी प्राचार्यों के साथ स्थलों का भौतिक निरीक्षण एवं सर्वेक्षण कार्य संपन्न कर लिया गया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी छह कॉलेजों के लिए बेंच-डेस्क, टेबल, कुर्सी, कंप्यूटर एवं अन्य आवश्यक उपस्करों की खरीद हेतु एक अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाएगी, ताकि खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं दरों में एकरूपता बनी रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आगामी 15 जून तक निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर सभी आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा 18 जून तक सभी कॉलेजों में फर्नीचर एवं कंप्यूटर सहित आवश्यक संसाधनों की स्थापना कर दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप आगामी 1 जुलाई से सभी छह नए राजकीय डिग्री कॉलेजों में नियमित पठन-पाठन प्रारंभ कराना सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को युद्धस्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह,अपर समाहर्ता (राजस्व) दिनेश राम, जिला योजना पदाधिकारी मोनू कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार शर्मा, वरीय कोषागार पदाधिकारी देवेन्द्र प्रसाद, तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलसचिव के प्रतिनिधि, निगम के अभियंतागण तथा सभी छह डिग्री कॉलेजों के प्रभारी प्राचार्य उपस्थित थे।

# मां को बचाने दौड़ा बेटा, करंट की चपेट में आने से दोनों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** नवगछिया अनुमंडल के रंगरा थाना क्षेत्र के मदरौनी गांव में बुधवार को बिजली विभाग की घोर लापरवाही ने एक हंसते-खेलते परिवार को तबाह कर दिया। खेत में काम करने गयी मां को बचाने की कोशिश में बेटे ने भी अपनी जान गंवा दी। इस हृदयविदारक हादसे में मां-बेटे की दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना के बाद पूरे इलाके में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतकों की पहचान मदरौनी गांव निवासी मनोज कुमार की पत्नी सरिता देवी (45) और उनके पुत्र सुंदरम सिंह (22) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह सरिता देवी अपने खेत में भिंडी तोड़ने गई थीं। खेत के ऊपर से गुजर रहा हाई वोल्टेज का जर्जर तार काफी नीचे तक लटका हुआ था। जिसे ग्रामीणों ने अस्थाई रूप से बांस के सहारे टिका रखा था। भिंडी तोड़ने के दौरान सरिता देवी का हाथ अचानक उस मौत के तार से छू गया। मां को तड़पता देख पास में ही मौजूद बेटा सुंदरम अपनी जान की परवाह किए बिना उन्हें बचाने के लिए दौड़ पड़ा। मां को छुड़ाने के प्रयास में वह खुद भी करंट की ज़द में आ गया। देखते ही देखते मां-बेटे ने तड़प-तड़प कर मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस हादसे के बाद मदरौनी गांव में बिजली विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जर्जर तारों और नीचे लटकते हाई वोल्टेज लाइन को लेकर बिजली विभाग को कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें दी गईं, लेकिन अधिकारियों ने कान में तेल डाल रखा था। आक्रोशित ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने और दोषी बिजली अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# विश्व साइकिल दिवस पर 'साइकिल जागरूकता रैली' आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कोषांग के तत्वावधान में 'विश्व साइकिल दिवस' के अवसर पर 'साइकिल जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया। रैली को विश्वविद्यालय के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गीतेन्द्र ठाकुर तथा एनएसएस समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर विश्वविद्यालय परिसर से विदा किया। डॉ सोनू राम शंकर, प्रो शिव नारायण राय एवं डॉ उदय कुमार के नेतृत्व में रैली श्यामा मंदिर, भंडार चौक, रामबाग, कन्हैया कोठी, संस्कृत विश्वविद्यालय,




बाघमोर, नरगोना प्लेस, मनोकामना मंदिर आदि स्थानों में नारे लगाते हुए लोगों को साइकिलिंग हेतु जागरूक किया। जागरूकता रैली में स्नातकोत्तर एनएसएस इकाई के पदाधिकारी डॉ सोनू राम शंकर, आरबी जालान बेला कॉलेज के एनएसएस पदाधिकारी प्रो शिव नारायण राय, मिल्लत कॉलेज, दरभंगा की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कीर्ति चौरसिया, बीएड (नियमित) के एनएसएस पदाधिकारी डॉ उदय कुमार, सीनेट सदस्य डॉ रंजीत पासवान, अक्षय कुमार झा, समरेन्द्र कुमार, सहायक अमित कुमार झा, रवीन्द्र कुमार सिंह, वेद साई शंकर, रविकांत गुप्ता, आस्थानन्द यादव, सूरज, मोहित, विक्रम, विपिन, सुजीत, जितेन्द्र, सौर्या, वीरेन्द्र, प्रियांशु, सार्थक, वर्षा, भारती, प्रिंस, प्रीति, दुर्गा, आकृति, रीता, गुड़िया, आयुष, आरुषि, ज्योति, चंदन आदि सहित 100 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया, जिन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया। डॉ गीतेन्द्र ठाकुर ने कहा कि साइकिल चलाने से फिटनेस बढ़ती है, शरीर की चर्बी कम होती है और मेटाबॉलिज्म तेज होता है। डॉ सोनू राम शंकर ने कहा कि यदि छात्र एवं शिक्षक साइकिल से आएंगे तो शैक्षणिक परिसर ज्यादा जीवंत लगेगा। डॉ कीर्ति चौरसिया ने कहा कि साइकिलिंग से पर्यावरण प्रदूषण एवं ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित किया जा सकता है। इससे जीवन गुणवत्ता सुधरता है और शोर, धुआं, प्रदूषण एवं भीड़ आदि से बचाव होता है। प्रो शिव नारायण राय ने कहा कि साइकिल का मूल्य कम, रखरखाव सरल और चलाना आसान होता है। यह पर्यावरण के अनुकूल वाहन है जो हमारी एकाग्रता को बढ़ाता है। डॉ उदय कुमार ने कहा कि साइकलिंग जीवन शैली सुधार का एक सस्ता, सरल और प्रभावी साधन है जो कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम को मजबूत करता है।

# 708 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** नगर थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गोढ़ी चौक से चन्द्रा चौक जाने वाली नहर रोड के पास एक बस से दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 708.7 ग्राम स्मैक जैसा मादक पदार्थ बरामद किया है। साथ ही दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। इस संबंध में अररिया एसडीपीओ सुशील कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि बस के जरिए मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने बस को रोककर यात्रियों की जांच की। तलाशी के दौरान दो संदिग्धों के पास से भारी मात्रा में स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सहरसा जिले के बलवा हाट थाना क्षेत्र के सरोजा वार्ड संख्या-09 निवासी 27 वर्षीय रंधीर कुमार और बिहरा थाना क्षेत्र के नंदलाली निवासी 26 वर्षीय गुड्डू कुमार के रूप में हुई है। बरामदगी के बाद दोनों के खिलाफ अररिया थाना कांड संख्या 294/2026, दिनांक 02 जून 2026 के तहत धारा 8(सी)/21(सी) एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि मामले में बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की जांच की जा रही है, ताकि तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचा जा सके। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी गुड्डू कुमार का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। छापेमारी टीम में अररिया थाना पुलिस, एसटीएफ टीम और रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# सड़क पर बह रहा दुर्गंधयुक्त नाली का पानी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुख्यालय पंचायत नावकोठी के वार्ड संख्या-12 में नाली का गंदा पानी पिछले एक सप्ताह से सड़क पर बह रहा है। सड़क पर गंदे पानी के जमाव और उससे उठ रही दुर्गंध के कारण स्थानीय लोगों का जीवन प्रभावित हो गया है। जलजमाव के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका गहरा गई है। ग्रामीणों के अनुसार लगभग 500 मीटर लंबी यह नाली लड्डू लाल शर्मा के घर से लेकर हसनपुर बागर सीमा तक पंचायत निधि से निर्मित है।

# स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि एक संस्कार : डा. नरेन्द्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** स्थानीय रमा वल्लभ जालान बेला कॉलेज में एनएसएस इकाई के तत्वाधान में प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में 'स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कॉलेज ग्राउंड एवं परिसर की साफ- सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। जिसमें प्रधानाचार्य डॉ0 नरेन्द्र कुमार चौधरी ने कहा, स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक संस्कार है। स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। विद्यार्थियों



को चाहिए कि वे स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करें। एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो0 एस. एन. राय ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। आज के इस स्वच्छता कार्यक्रम में उन्होंने सभी छात्राओं को स्वच्छता पर विशेष रूप से परिचर्चा भी किए और कहे की एन.एस.एस. एवं महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए इस कार्यक्रम के माध्यम से यह साबित किया कि स्वच्छता युवा शक्ति समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका फैला रही हैं। इस कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर लाल टूना झा, अनिल ठाकुर, मनोज, अरविंद, रमेश, श्याम, सुरेश, विनोद एवं छात्र दलनायक सुजीत कुमार, वीरेंद्र, अनीश, सार्थक, अजान भारती, सुनीति कुमारी, शिवानी, मौसम, गुंजा, जैनव एवं अन्य सभी छात्र- छात्राओं ने भाग लिया।

# बाइक लूट कांड में दो शातिर गिरफ्तार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बरैपुरा गांव निवासी राजेश ठाकुर के पुत्र शुभम कुमार से गभुआ चौर स्थित विद्युत पावर ग्रिड के सामने बीते शुक्रवार को तीन अज्ञात अपराधियों के द्वारा अपाची बाइक को छीन लिया था। जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों की पहचान करते हुए दविस बनानी शुरू की तत्पश्चात मंगलवार को बाइक मुजफ्फरा से बरामद कर लिया गया और अपराधियों को गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी करते हुए दो शातिर को गिरफ्तार कर लिया गया जिसकी पहचान भवानंदपुर गांव निवासी मोहम्मद कलीम के 19 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अब्दुल रहमान और मोहम्मद साबिर के 21वर्षीय पुत्र मोहम्मद अंसारुल के रूप में की गई। इसके पास से एक मोबाइल भी बरामद किया गया। जबकि एक अन्य अपराधी और लूट में शामिल बाइक की तलाश अब भी जारी है। जिसकी जानकारी देते हुए बेगुसराय पुलिस कार्यालय से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि इस छापेमारी टीम में वीरपुर थानाध्यक्ष राजू रंजन कुमार, जितेंद्र कुमार के साथ वीरपुर पुलिस शामिल हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अब सालाना चार लाख रुपये...

करने पर सहमति मिली। इसके लिए मुख्य अभियंता के दो पद और विद्युत अधीक्षण अभियंता के दो पद के सृजन की स्वीकृति मिली। इसके अलावा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की अवधि का विस्तार इस वर्ष 30 सितंबर तक कर दी गई है। योजना के कार्यान्वयन के लिए अनुमानित व्यय की राशि 164 करोड़ 51 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि दरभंगा जिला में बन रहे एम्स के लिए चयनित भूखंड में निकटवर्ती नदियों की उड़ाही से प्राप्त मिट्टी या गाद का उपयोग कर मिट्टी भराई एवं समतलीकरण कार्य करने के लिए जल संसाधन विभाग को अधिकृत किया गया है। इसके लिए 184 करोड़ 65 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इससे पहले 309 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है। इस कार्य में खिरोई, बागमती समेत अन्य स्थानीय नदियों की उड़ाही कर गाद का उपयोग किया जाएगा। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत बिहार स्वास्थ्य सेवा (सामान्य एवं विशेषज्ञ)/दंत चिकित्सक सेवा संवर्ग के चिकित्सकों को उच्च शिक्षा एवं विभिन्न प्रयोजन के एनओसी लेने के लिए कुछ शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा। इसमें संबंधित चिकित्सक की सेवा संपुष्ट हो, 3 वर्ष की सेवा विभाग में पूर्ण कर ली हो, एक बार किसी कार्य के लिए अनुमति प्राप्त करने के बाद दूसरी बार अनुमति लेने में 5 वर्ष का अंतर होना अनिवार्य होना चाहिए। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विभाग के अंतर्गत सात निश्चय पार्ट-3 (2025-30) के अंतर्गत दोगुना रोजगार-दोगुनी आय के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रोजगार सृजन के लिए बिहार कौशल विकास मिशन के संगठनात्मक आवश्यकताओं, उत्पादकता, कार्यक्रमों के त्वरित क्रियान्वयन एवं प्रभारी प्रबंधन के लिए 19 नए पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना योजना के तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना कर वित्तीय वर्ष 2026-27 से 5 व्यवसायों में प्रशिक्षण शुरू करने, स्थापना के लिए कुल 38 पदों का सृजन तथा 2 करोड़ 11 लाख रुपये का व्यय करने की स्वीकृत दी गई। साथ ही नबीनगर स्थित भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड के स्तर से निर्मित परिसर एवं सुविधाएं एकरारनामा के अनुरूप राज्य सरकार को मुफ्त हस्तांतरित करने की भी स्वीकृति दी गई है। कैमूर जिला के मोहनियां अंतर के दादर मौजा में 7 एकड़ भूमि पर डेयरी एवं दुग्ध उत्पादन संयंत्र के निर्माण के लिए डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग को मुफ्त जमीन हस्तांतरण की स्वीकृति दी गई है।

# प्रखंड में डिग्री कॉलेज बनाने की ग्रामीणों ने की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वीरपुर।** प्रखंड में डिग्री कॉलेज के लिए पांच बीघा जमीन पर डिग्री कॉलेज बनाने की मांग बुधवार को डीएम से की है। इस सम्बन्ध में सैकड़ों लोगों द्वारा हस्ताक्षर किया गया आवेदन जिलाधिकारी को दिया गया है। इसमें कहा गया है कि पूर्व विधायक शिवदानी प्रसाद सिंह व अन्य लोगों द्वारा 5 बीघा 1 कट्ठा जमीन वीरपुर में डिग्री कॉलेज खोलने के लिए कई वर्ष पूर्व दी गई थी। यह जमीन राज्यपाल बिहार सरकार के नाम से निबंधित भी है। अभी तक इस भूमि की सुरक्षा मुख्य भूमिदाता के द्वारा ही की जा रही है। अब जबकि सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खुल रहे हैं, इस भूमि का उपयोग किया जा सकता है। यह भूमि वीरपुर पूर्वी पंचायत के लखनपुर मोहल्ले में है, जो प्रखंड मुख्यालय से महज एक किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है। उल्लेखनीय है कि उक्त भूमि करीब 2 दशक पूर्व कॉलेज के लिए दान की गई थी। कई बार बिहार सरकार को यहां कॉलेज बनाने के लिए लिखा गया,पर अबतक यहां कॉलेज नहीं बन सका। वर्तमान में प्रखंड के खरमौली प्लस टू स्कूल में डिग्री कॉलेज संचालन की स्वीकृति मिली है। डिग्री कॉलेज का भवन निर्माण होने तक खरमौली स्कूल में ही कॉलेज का शिक्षण कार्य होगा। ग्रामीणों ने बताया कि कॉलेज के लिए उक्त भूमि पर्याप्त है। भूमिदाता की भी सहमति है। इसलिए यहीं भवन बनाया जाना चाहिए। डीएम को दिए आवेदन में मुखिया पूनम देवी, त्रिपुरारी कुमार,सरपंच दयानन्द झा समेत 167 लोगों के हस्ताक्षर हैं।

# गांधीगिरी के माध्यम से दी गई सड़क सुरक्षा की जानकारी

## ट्रिपल लोडिंग व बिना हेल्मेट के बाइक चलाने वालों को पहनाया गया माला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी प्रमोद कुमार दास के नेतृत्व में बुधवार को जिले के चियांकी क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गांधीगिरी के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले एवं ट्रिपल राइडिंग करने वाले वाहन चालकों को माला पहनाकर सड़क सुरक्षा के महत्व की जानकारी दी गई। वहीं हेलमेट पहनकर यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने अभियान के दौरान लोगों को हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवर स्पीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव सहित अन्य यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि



सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी है। उन्होंने बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि आज उन्हें माला पहनाकर यह एहसास कराया जा रहा है कि यातायात नियमों की अनदेखी कितनी खतरनाक हो सकती है। यदि समय रहते लोग सावधान नहीं हुए तो दुर्घटनाओं में जान जाने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसलिए सभी लोग सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें तथा दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें।अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गयी।जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिवहन पदाधिकारी, यातायात प्रभारी, मोटरयान निरीक्षक, सड़क सुरक्षा पलामू के कर्मी एवं ट्रैफिक पुलिस के जवान उपस्थित थे।

# 15वें वित्त आयोग की योजनाओं की समीक्षा में लंबित भुगतान को सात दिनों में करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन की स्थिति और लंबित भुगतानों की जानकारी ली। जांच में सामने आया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की कई योजनाओं का भुगतान अब तक लंबित है, जिससे लाभार्थियों और कार्य एजेंसियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सभी संबंधित मुखियाओं को सात दिनों के भीतर लंबित भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान नहीं होने पर संबंधित जनप्रतिनिधियों और कर्मियों के विरुद्ध पंचायती राज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित पंचायत सचिवों पर निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में अधिकारियों को योजनाओं की नियमित निगरानी, भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने तथा अभिलेखों को अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की विकास योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना और आम लोगों तक लाभ पहुंचाना है। इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मी पूरी जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ कार्य करें उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# हार्डकोर इनामी नक्सली नेमचंद महतो को आठ वर्ष की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** आर्म्स एक्ट से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में गिरिडीह के तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंवलजीत चोपड़ा की अदालत ने हार्डकोर एवं इनामी नक्सली नेमचंद महतो को दोषी करार देते हुए आठ वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत उस पर कुल 2 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला वर्ष 2018 में बेंगाबाद थाना क्षेत्र के केंदुआडीह में चलाए गए विशेष कॉम्बिंग ऑपरेशन से संबंधित है। उस समय तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र झा के नेतृत्व में सुरक्षा बलों द्वारा व्यापक सर्च अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान नेमचंद महतो समेत कई नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया था तथा उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट और अन्य संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने पर्याप्त साक्ष्य एवं गवाह प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर अदालत ने नेमचंद महतो को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। सरकारी अधिवक्ता अशोक कुमार ने बताया कि इस कांड में कई अन्य नक्सलियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज है। इनमें महिला नक्सली शीला दी तथा रामदयाल महतो समेत कई आरोपित शामिल हैं। अधिकांश आरोपित वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं और उनके विरुद्ध न्यायालय में ट्रायल की प्रक्रिया जारी है। अदालत के इस फैसले को नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे कानून व्यवस्था बनाए रखने और उग्रवाद के खिलाफ चल रहे अभियान को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# पौधारोपण के प्रति लोगों को जागरूक करने की है जरूरत

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्थायी पौधशाला का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड में वन विभाग की स्थायी पौधशाला का उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूजा-अर्चना और फीता काट कर किया। इस पौधशाला के शुरू होने से गावां, तिसरी, देवरी समेत आसपास के क्षेत्रों में शीशम, सागवान और महोगनी जैसे बहुमूल्य पौधों की उपलब्धता बढ़ेगी। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। गिरिडीह पूर्वी वन प्रमंडल के डीएफओ मनीष तिवारी एवं गावां रेंजर अनिल कुमार ने बताया कि पौधशाला में शीशम, सागवान, काजू, कटहल, महोगनी सहित दो दर्जन से अधिक प्रजातियों के पौधे तैयार किए जाएंगे। इन पौधों का उपयोग वन क्षेत्र के विकास के साथ-साथ आम लोगों को भी 10 रुपए से 25 रूपये की कीमत पर उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा। पौधशाला में ग्रीनहाउस, केंचुआ खाद इकाई, बीज उपचार केंद्र, सूचना बोर्ड और बेहतर पहुंच मार्ग जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। कहा कि स्थानीय पौधशाला के निर्माण से न सिर्फ पर्यावरण के लिए लाभदायक है बल्कि लोग भी जागरूक होंगे। यह लोगों के रोजगार में भी सहायक होगा। उद्घाटन के बाद विश्व पर्यावरण सप्ताह के तहत बाबूलाल मरांडी और वन विभाग के अधिकारियों ने पौधारोपण भी किया। इस दौरान लोगों को वन और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पेड़ो की कटाई रुकी है और ईंधन के रूप में इसके प्रयोग में कमी लाई गई है, जिससे लोग अब पेड़ों की कटाई कम करने लगे है। साथ ही उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पौधशाला की स्थापना को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उनका कहना है कि अब लोगों को पौधे खरीदने के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर पौधे उपलब्ध होने से समय और पैसे दोनों की बचत होगी तथा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण को बढ़ावा मिलेगा। वन विभाग की यह स्थायी पौधशाला न सिर्फ हरियाली बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और लोगों को रोजगार व पौधों की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। विश्व पर्यावरण सप्ताह के दौरान शुरू हुई यह पहल आने वाले वर्षों में पूरे क्षेत्र को और अधिक हरा-भरा बनाने में मददगार बनेगी।

# आयुष सेवाओं को प्रभावी बनाने पर जोर

## उपायुक्त ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त रामनिवास यादव ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयुष विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने आयुष स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, उपचार व्यवस्था और साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा




करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आयुष केंद्रों में नियमित रूप से ओपीडी का संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा मरीजों को समय पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष चिकित्सा सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का लाभ उठा सकें। उपायुक्त ने आयुष विभाग और आयुष्मान भारत योजना के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लाभुकों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग की सेवाएं सीधे जनहित से जुड़ी हैं, इसलिए सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ करें। वहीं उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने विभागीय कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए बैठक में सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह, आयुष पदाधिकारी सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। जनहित में आयुष सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और स्वास्थ्य सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने की दिशा में यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# संस्कृत भाषा के संवर्धन हेतु सात दिवसीय आवासीय कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** संस्कृत भारती के तत्वाधान में सात दिवसीय संस्कृत भाषा संवर्धन पर रामगढ़ में आज एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफ़ेसर डॉ सरोज शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर संस्कृत भारती के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ताराकांत शुक्ल, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ दीप चंद राम कश्यप, प्रदेश न्यासी ओम प्रकाश गुप्ता, डॉ सुनील कुमार कश्यप के साथ भारी संख्या में संस्कृत भाषा के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा जानने और समझने वाले लोग उपस्थित हुए। इस आवासीय कार्यक्रम में पूरे झारखंड के सभी जिलों से करीब 150 बच्चे एवं बच्चियों ने हिस्सा लिया जिसमें बच्चियों की संख्या



93 थीं। पूरा विद्यालय संस्कृत भाषा से गुंजायमान हो उठा था क्योंकि विद्यालय के अलग-अलग करीब आधे दर्जन कमरों में बच्चों के क्लासेस चल रहे थे। संस्कृत भाषा की यह कक्षाएं सुबह 5:00 बजे शुरू होकर रात्रि के 10:00 बजे तक निरंतर विभिन्न सत्रों में अगले 7 दिनों तक वैज्ञानिक ढंग से चलेगी। संस्कृत भारती के प्रदेश अध्यक्ष डॉ तरकांत शुक्ला ने बताया कि आज रामगढ़ नगर में संस्कृत भारती का प्रांत स्तरीय 7 दिन का शिविर आयोजित हुआ यह संस्कृत भाषा विश्व की अत्यंत प्राचीन तथा वैज्ञानिकी भाषा है। आजकल कंप्यूटर के जानकर भी कहते हैं कि संस्कृत भाषा कंप्यूटर के लिए अत्यंत उपयोगी है तथा यह अति सरल भाषा है इसलिए हम लोगों का यह चिंतन है कि यह संस्कृत भाषा सभी भारतीयों के हृदय में व्यवहार में हो इसी धारणा को लेकर हम लोगों ने संस्कृत भाषा के लिए 7 दिनों का शिविर का आयोजन किया है जिससे दिन के अंदर ही संस्कृत में बातचीत करने योग्य बनेंगे यही संस्कृत भारती का उद्देश्य है हमें विश्वास है कि निश्चित रूप से हम इस उद्देश्य में सफल होंगे। झारखंड प्रदेश, विद्यालय कार्य प्रमुख डॉ सुनील कश्यप ने बताया कि आज यहां राधा गोविंद उच्च विद्यालय रामगढ़ में संस्कृत का अभ्यास छात्र करेंगे यह अभ्यास 7 दिन का होगा ये सभी छात्र तथा छात्राएं संपूर्ण झारखंड प्रदेश से आए हुए हैं यह सभी 7 दिन में ही का अभ्यास करेंगे और इनकी भाषा इस अभ्यास से निश्चय ही श्रेष्ठ होगी अभी ये संस्कृत से बहुत परिचय नहीं है किंतु निश्चित ही सात दिनों के अभ्यास में ये संस्कृत भाषा में बोलने चलने के लिए दक्ष होंगे आज नाशा भी इस बात को मान चुका है कि कंप्यूटर कोडिंग की भाषा संस्कृत से उत्तम अन्य कुछ नहीं है इसलिए इसे ऋषियों ने पहले ही वैज्ञानिकी भाषा का दर्ज़ा दिया है अतः यह संगणक के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मौके पर प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुई चाईबासा से आई एक महिला प्रशिक्षु ने बताया कि संस्कृत भारती झारखंड प्रांत की ओर से यहां शिविर चल रहा है यह आवासीय प्रबोधन वर्ग है जो की 3 जून से 9 जून तक चलेगा। यहां विविध क्षेत्र से छात्रों की उपस्थिति है हम लोग संस्कृत पढ़ते हैं विषय के रूप में लेकिन संस्कृत भाषा में धारा प्रवाह रूप से बोलने में सक्षम नहीं होने के कारण हम लोग इस संस्कृत प्रबोधन वर्ग में आए हैं।

# मोदी सरकार के 12 साल विश्वास, विकास और जनकल्याण के नाम : डॉ संजय सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी बोकारो जिला द्वारा जिलाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र राज की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित कार्यक्रम जिला प्रभारी सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। जनता ने जिस भरोसे और विश्वास के साथ नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाया, उस भरोसे को प्रधानमंत्री ने 12 साल निरंतर अपने समय का पल-पल और शरीर का कण-कण इस देश को समर्पित करके निभाया है। 12 वर्ष उपलब्धियों से भरा है जिसमें अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति, नारी शक्ति वंदन अधिनियम - महिला आरक्षण बिल, तीन तलाक जैसी कुप्रथा का अंत है। जिलाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र राज ने बताया कि इस उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून 2026 तक बारह साल विश्वास के, विकास के जनकल्याण के महाअभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस - 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान 14 जून जिला मीडिया संवाद कार्यक्रम 16-17 जून विकसित भारत संकल्प सम्मेलन 17-20 जून मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी, 18-19 जून प्राकृतिक खेती कार्यशाला, 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंडल स्तर पर योग कार्यक्रम। गिरिडीह के पूर्व सांसद रविन्द्र पांडेय ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री श्री संजय सिन्हा धन्यवाद ज्ञापन जयप्रकाश तापड़िया ने किया। कार्यशाला में अंबिका ख्वास, जयदेव राय, शशि भूषण ओझा मुकुल, अर्चना सिंह शंकर रजक, संजय त्यागी, अर्चना सिंह, अनिल स्वर्णकार, गिरजा देवी, बिनोद गोराई, रामलाल सोरेन आदि थे।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्या ने किया इस्पात संयंत्र का दौरा



## एससी-एसटी समुदाय के बारे में की चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ 3 जून को बोकारो इस्पात संयंत्र का दौरा किया। उनके साथ निजी सचिव कुशेश्वर साहू, क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक निदेशक श पी.के. दास, अन्वेषक राहुल एवं रिया तथा विधि सलाहकार राहुल यादव भी उपस्थित थे। दौरे के दौरान डॉ. आशा लकड़ा एवं उनके प्रतिनिधिमंडल ने बोकारो इस्पात संयंत्र के वरीय अधिकारीयों के साथ बोकारो इस्पात नगर तथा आसपास के क्षेत्रों में निवासरत अनुसूचित जनजाति समुदाय के विकास से संबंधित पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. आशा लकड़ा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने संयंत्र की प्रमुख उत्पादन इकाइयों का भी अवलोकन किया। इस क्रम में उन्होंने संयंत्र के कोक ओवन एवं कंटीन्यूअस कास्टिंग शॉप विभाग का दौरा कर वहां की उत्पादन प्रक्रियाओं, आधुनिक तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

# दोहरे हत्याकांड का खुलासा, हत्यारोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र हुए दो नाबालिग की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा लिया है। अपहृत दो नाबालिग भाई-बहन की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी संजीत पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। हजारीबाग एसपी अमन कुमार ने बताया, कटकमदाग थाना क्षेत्र के ओला शोरूम के पास से एक 11 वर्षीय बच्ची और उसके 3 वर्षीय छोटे भाई के लापता होने की सूचना उनके पिता ने दर्ज कराई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने विशेष जांच दल का गठन किया। जांच के दौरान 31 मई 2026 को सिंदूर स्थित श्मशान घाट के पास से बच्ची का शव बरामद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने सघन सर्च अभियान चलाया और पास के ही एक कुएं से छोटे बच्चे का भी शव बरामद किया था. पकड़े गए आरोपी संजीत पासवान ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है. उसने बताया कि वह ओला शोरूम में काम करता था और बच्ची से उसकी जान-पहचान थी. 27 मई 2026 को वह मोबाइल दिलाने के बहाने दोनों बच्चों को अपनी स्कूटी पर बैठाकर सिंदूर स्थित श्मशान घाट ले गया वहां सुनसान जगह का फायदा उठाकर उसने बच्ची के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की और शोर मचाने पर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी. इसके बाद उसने बच्ची के भाई की भी गला घोंटकर हत्या कर दी। बच्चे का शव बोरे में भरकर कुएं में फेंक दिया। युवती का शव पास के ही नदी में फेंक दिया। पुलिस टीम ने आरोपी की निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त स्कूटी और प्लास्टिक का बोरा बरामद कर लिया है। इस मामले के खुलासे में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और स्थानीय थाना प्रभारियों की अहम भूमिका रही।

# भाजपा के पूर्व विधायक बेनी प्रसाद गुप्ता का निधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पाकुड़।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक बेनी प्रसाद गुप्ता का आज निधन हो गया। श्री गुप्ता की आज दोपहर अचानक तबीयत बिगड़ गयी। परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहा चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के मुताबिक हृदय गति रुकने से उनकी मौत हुई। बेनी प्रसाद गुप्ता पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 1990 एवं 1995 में लगातार जीत दर्ज की थी। इनके निधन की सूचना मिलते ही भारतीय जनता पार्टी के अलावे दूसरे राजनीतिक दलों के नेताओं का उनके आवास पर पहुंचने का सिलसिला जारी है। 84 वर्षीय श्री गुप्ता अविवाहित थे। इन्होंने भारतीय जनता पार्टी का जनाधार ग्रामीण इलाकों में बढ़ाने का काम किया था।

# बाबा बासुकीनाथ श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दुमका।** दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ श्रावणी मेला महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। तैयारी की समीक्षा के लिए आज दुमका के अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी तरह की तैयारी को समय से पूर्व पूरा करने का निर्देश दिया। जिन विभागों द्वारा निविदा संबंधी कार्य किए जाने हैं, उन्हें अभिलंब इसे पूरी करने को कहा गया है। विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया है कि मंदिर परिसर, मेला क्षेत्र और आसपास स्थापित सभी विद्युत तारों एवं संरचनाओं की गहन जांच कर सुरक्षा सुनिश्चित करें और इसकी रिपोर्ट सबमिट करें। मेले में विद्युत सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। पार्किंग, पुलिस केंद्र की स्थापना, लगभग 130 आपदा मित्रों की प्रतिनियुक्ति, शिव गंगा की सफाई, अतिक्रमण हटाने, कचरा प्रबंधन जैसे कार्यों को अभिलंब पूरा करने का भी निर्देश दिया गया।

# पेयजलापूर्ति पाइपलाइन विस्तारीकरण योजना का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** धनवार बस पड़ाव परिसर में बहुप्रतीक्षित पेयजलापूर्ति पाइपलाइन विस्तारीकरण योजना का शिलान्यास नेता प्रतिपक्ष एवं स्थानीय विधायक बाबूलाल मरांडी तथा धनवार नगर पंचायत अध्यक्ष विनय संथालिआ ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष विनय संथालिया ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के कई मुहल्ले लंबे समय से शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था से वंचित थे। इस



महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होने के बाद हजारों लोगों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे क्षेत्र में व्याप्त जल संकट की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पेयजल व्यवस्था के साथ-साथ जर्जर सड़कों के निर्माण, लंबित विकास योजनाओं की स्वीकृति तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता भी अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में उन्होंने संबंधित मांगों को प्रमुखता से उठाया वहीं विधायक बाबूलाल मरांडी ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि धनवार क्षेत्र की पेयजल, सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा तथा उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए उनकी प्रतिबद्धता निरंतर बनी रहेगी इस महत्वपूर्ण योजना के शिलान्यास से स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है। लोगों का मानना है कि योजना के क्रियान्वयन के बाद पेयजल की समस्या से राहत मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी।

# औरंगाबाद शहर की यातायात व्यवस्था में होगा सुधार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों, बस स्टैंड, अतिक्रमण, अवैध पार्किंग एवं यातायात संचालन से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सदर अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि रामाबांध बस स्टैंड के समीप यात्री शेड के आसपास किए गए अतिक्रमण को अविलंब हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि यातायात संचालन को सुचारु बनाया जा सके तथा यात्रियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी द्वारा अदरी नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में विभिन्न स्थलों पर किए गए अतिक्रमण को यथाशीघ्र हटाने का निर्देश दिया, ताकि अदरी नदी पर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत प्रस्तावित सौंदर्यीकरण एवं नदी तट विकास कार्यों का क्रियान्वयन सुचारु एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जा सके। जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी को निर्देश दिया गया कि शहर क्षेत्र में अवैध पार्किंग के विरुद्ध नियमित अभियान चलाते हुए अधिक से अधिक जुर्माना वसूली की कार्रवाई की जाए तथा यातायात नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार को बस स्टैंड के व्यवस्थित संचालन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने तथा यातायात नियंत्रण को बेहतर बनाने के उद्देश्य से डिवाइडर निर्माण की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया गया। साथ ही नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत नो-पार्किंग जोन क्षेत्रों को चिह्नित कर आवश्यक सूचना एवं संकेतक लगाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतान कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### बीआरबीसीएल में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 का शुभारंभ

# समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रही एनटीपीसी : बेहेरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के बारून एवं नवीनगर प्रखंड की सीमा पर अवस्थित भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) में बुधवार को बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 का उद्घाटन समारोह उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एल.के. बेहेरा, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र-1), एनटीपीसी लिमिटेड तथा विशिष्ट अतिथि दीपक रंजन देहुरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीआरबीसीएल उपस्थित रहे। समारोह में बालिकाओं, उनके अभिभावकों, बीआरबीसीएल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। अपने स्वागत संबोधन में दीपक रंजन देहुरी ने बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 के लिए चयनित 50 बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया तथा उनके अभिभावकों को आश्वस्त किया कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान बालिकाओं की सुरक्षा, देखभाल एवं समग्र विकास का विशेष ध्यान रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इसमें बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 एवं 2025 की बालिकाओं, टाउनशिप के बच्चों तथा संगिनी लेडीज क्लब की सदस्यों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि एल.के. बेहेरा ने अपने संबोधन में बालिकाओं को शुभाशीष प्रदान करते हुए कहा कि बालिका सशक्तिकरण अभियान एनटीपीसी की एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल है, जो शिक्षा, आत्मविश्वास एवं कौशल विकास के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। उन्होंने बालिकाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन केक कटिंग के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जम्होर थाना क्षेत्र के शंकरपुर रेलवे ब्रिज के पास ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अरवल जिले के परासी थाना क्षेत्र कामता गांव निवासी 44 वर्षीय इंद्रजीत मेहता के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोग रेलवे ट्रक की ओर गए थे जहां उनकी नजर एक शव पर पड़ी। तत्पश्चात घटना की सूचना पुलिस को दी गइ। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने मृतक के पॉकेट से मोबाइल बरामद किया जिसके आधार पर उसकी पहचान हो सकी। इसके बाद सूचना परिजनों को दी गई। परिजनों ने बताया कि इंद्रजीत कई दिनों से बीमार था। इलाज के लिए घर से निकले थे। अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर गया की ओर जा रहे थे। आशंका जताई जा रही कि ट्रेन से गिरकर उनकी मौत हुई है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया। परिजनों के अनुसार मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए हैं। दोनों बच्चों की अभी शादी नहीं हुई है। परिवार के मुखिया की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### नयी दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मिले पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह

# उत्तर कोयल परियोजना को शीघ्र पूरा कराने पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से मुलाकात कर उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान पूर्व सांसद ने उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना की वर्तमान स्थिति एवं निर्माण कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी लाने, कुटकु डैम में जल्द गेट लगाने तथा शेष कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा कराने की आवश्यकता पर बल दिया। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना क्षेत्र के लाखों किसानों की जीवनरेखा है। परियोजना के पूर्ण होने से कई जिलों के किसानों को सिंचाई की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध होगी जिससे कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। उन्होंने विशेष रूप से कुटकु डैम में गेट लगाने के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का अनुरोध किया। साथ ही परियोजना के अन्य शेष कार्यों को भी तेजी से पूरा कराने की मांग की। केंद्रीय मंत्री सी. आर. पाटिल ने पूर्व सांसद द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुना और परियोजना की प्रगति की जानकारी साझा की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना को शीघ्र पूरा कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे ताकि कार्य में और तेजी लाई जा सके। बैठक के दौरान परियोजना से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर भी चर्चा हुई। पूर्व सांसद ने कहा कि परियोजना पूरी होने के बाद क्षेत्र में कृषि विकास को नई दिशा मिलेगी तथा किसानों की आय बढ़ाने में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में चल रही विकास एवं सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना का शीघ्र पूर्ण होना क्षेत्र के किसानों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि साबित होगी।

# विशेष अभियान के तहत 27 लोग भेजे गए जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 59 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 27 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एसटी-एससी एक्ट में 6, हत्या के प्रयास में 12, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 6 तथा अन्य मामलों में 35 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 83.20 लीटर देसी शराब, एक कार तथा दो तसला बरामद किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1299 वाहनों की जांच की गई जिसमें 63500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। 33 वारंटों एवं 4 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है।

# जिला पार्षद नीतू सिंह को मिला राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** ग्रामीण विकास और जनसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए औरंगाबाद जिले की जिला पार्षद नीतू सिंह को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार वितरण समारोह में उन्हें प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान उनके क्षेत्र में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। समारोह में केंद्रीय पंचायती राज एवं मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह तथा केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने देशभर की 42 उत्कृष्ट पंचायत प्रतिनिधियों और संस्थाओं को सम्मानित किया। इनमें औरंगाबाद की नीतू सिंह का चयन जिले के लिए गौरव का विषय बन गया है। नीतू सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान पंचायत क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा एवं अन्य विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हुआ तथा कई नई विकासात्मक पहलें शुरू की गईं, जिसका लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंचा। राष्ट्रीय स्तर पर मिले इस सम्मान से रफीगंज प्रखंड सहित पूरे औरंगाबाद जिले में उत्साह का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने इसे जिले के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है। जिला पार्षद प्रतिनिधि संजय यादव ने कहा कि यह सम्मान केवल नीतू सिंह का नहीं बल्कि पूरे पंचायत क्षेत्र और औरंगाबाद जिले की जनता के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस उपलब्धि से अन्य पंचायत प्रतिनिधियों को भी विकास कार्यों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार मिलने से औरंगाबाद जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है, जिसे ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

# नियमों का उल्लंघन करने पर दो खाद विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** किसानों की सुविधा एवं व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने को लेकर जिला कृषि विभाग पूरी तरह अलर्ट है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज लगातार उर्वरक दुकानों का निरीक्षण कर रहे हैं तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। इसी क्रम में ओबरा स्थित अवकिन इंटरप्राइजेज एवं मदनपुर के किसान खाद भंडार के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि अवकिन इंटरप्राइजेज द्वारा मार्च माह में निर्धारित मानकों से अधिक यूरिया की बिक्री की गई थी। वहीं किसान खाद भंडार के स्टॉक का मिलान करने पर अभिलेख और उपलब्ध उर्वरक में अंतर पाया गया। दोनों प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।




# औरंगाबाद राजकीय पॉलिटेक्निक के यांत्रिकी अभियंत्रण विभाग को मिली एनबीए की मान्यता

## एनबीए की मान्यता मिलना संस्थान के लिए मील का पत्थर : डॉ. बीके सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** राजकीय पॉलिटेक्निक, औरंगाबाद के यांत्रिकी अभियंत्रण विभाग को नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन द्वारा आगामी तीन वर्षों के लिए मान्यता प्रदान की गई है। एनबीए द्वारा यह मान्यता 01 जनवरी 2026 से 31 दिसंबर 2028 तक के लिए प्रदान की गई है। यह उपलब्धि विभाग की शैक्षणिक गुणवत्ता, उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था, आधुनिक प्रयोगशालाओं तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय संस्थान के प्राचार्य डॉ. बी. के. सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व एवं सतत मार्गदर्शन को जाता है। साथ ही, यांत्रिकी अभियंत्रण विभाग के विभागाध्यक्ष रंजन कुमार के कुशल नेतृत्व, समर्पण तथा अथक प्रयासों के फलस्वरूप विभाग यह गौरवपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कर सका है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बी. के. सिंह ने कहा कि एनबीए मान्यता संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करेगा। प्राचार्य ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता संस्थान के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, विभाग के सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारियों तथा राज्य प्रावैधिकी शिक्षा पार्षद, बिहार सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के सतत मार्गदर्शन, सहयोग और प्रोत्साहन को भी दिया। श्री सिंह ने कहा कि विभाग से प्राप्त सहयोग एवं सकारात्मक नेतृत्व के कारण ही संस्थान गुणवत्ता के उच्च मानकों को प्राप्त करने में सफल हुआ है।

# नवीनगर के नवनिर्मित भवन में शीघ्र चालू हो जाएगा आईटीआई संस्थान

## 38 पदों को मिली मंजूरी, हर वर्ष मिलेंगे 2 करोड़ 11 लाख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में औरंगाबाद जिले के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने नवीनगर के नवनिर्मित भवन में शीघ्र औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) को चालू करने की मंजूरी दे दी है जिससे क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं को तकनीकी शिक्षा और रोजगारपरक प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। मंत्रिमंडल की स्वीकृति के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 से नवीनगर आईटीआई में पांच विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। संस्थान के संचालन के लिए 38 नए पदों का सृजन किया गया है जबकि इसके संचालन एवं रखरखाव पर प्रतिवर्ष 2.11 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि भारतीय रेल बिजली कम्पनी लिमिटेड द्वारा निर्मित भवन और अन्य आधारभूत सुविधाएं राज्य सरकार को निःशुल्क हस्तांतरित की जाएंगी। इससे सरकार को अतिरिक्त निर्माण व्यय नहीं करना पड़ेगा और संस्थान को जल्द शुरू करने का मार्ग प्रशस्त होगा। सरकार का मानना है कि नबीनगर में आईटीआई चालू होने से औरंगाबाद तथा आसपास के जिलों के युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा और उद्योगों की जरूरत के अनुरूप प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार होंगे। विशेषज्ञों के अनुसार नबीनगर औद्योगिक क्षेत्र और ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार को देखते हुए यह संस्थान क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का द्वार खोल सकता है। इससे न केवल स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा बल्कि निजी एवं सरकारी क्षेत्रों में रोजगार पाने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269